डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 08, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 31 मई 2024, वर्ष-30, अंक-222, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com







| सेंसेक्स | | |
|---|---|---|
| 73,885.60 | ↑ | -617.30 |

| डॉलर | | |
|---|---|---|
| 83.292 | ↑ | -0.087 |

**पलामू सर्राफा**

| | |
|---|---|
| 10 ग्राम | 72,200 |
| 01 किलो | 94,530 |

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# पलामू में हीट वेव का कहर, 24 घंटे में चार की मौत, प्रशासन अलर्ट

■ स्वास्थ्य विभाग गंभीर, जारी की एडवाइजरी

■ एमएमसीएच के अधीक्षक ने की दो की पुष्टि

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में भीषण गर्मी का असर दिखने लगा है। इससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दिन में सूरज आग उगल रहा है। यह आम लोगों के लिए अभिषाप की तरह है। पिछले 24 घंटे के दौरान गर्मी से चार लोगों की मौत हुई। तीन की मौत रेलवे स्टेशन परिसर में हुई, जबकि एक युवक की मौत कचहरी चौक के पास हुई। इस बीच गुरुवार को अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी बीच पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह गर्मी को लेकर एडवाइजरी जारी की है। जिसमें लोगों से सतर्क रहने की बात कही गयी है। पलामू में पिछले तीन दिनों से अधिकतम तापमान 47 डिग्री से अधिक रिकार्ड किया जा रहा है। सूरज के निकलते ही सड़कों पर चलना मुश्किल होते जा रहा है। गुरुवार को भी कुछ इसी तरह की स्थिति देखने को मिली। पिछले 24 घंटे के दौरान एक-एक करके चार लोगों की मौत हुई है। मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज के रहने वाले सुरेश राम का पुत्र विकास कुमार (35) की मौत कचहरी चौक के पास हो गई। विकास बुधवार को बकाया पैसे लेने पांकी गया था। शाम में लौटने के बाद कचहरी चौक के पास अचानक गिर पड़ा। उसे इलाज के लिए एमआरएमसीएच में लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। विकास बस स्टैंड स्थित सुमन मेडिकल एजेंसी में सेल्समैन के तौर पर कार्यरत था। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के निकट गुरुवार के 2:15 बजे एक यात्री बेहोश अवस्था में मिला। स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि हम सभी रेलवे के लोग तत्काल इस बेहोश यात्री के पास पहुंच गये। इन के शरीर तप रहा था। मानो काफी बुखार हो। शरीर पर पसीना नहीं था। ऐसा लग रहा रहा था की इन को लू और गर्मी लग गया हो। जिसे इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती किया गया। कुछ देर इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। यात्री की पहचान अनिल कुमार अवस्थी के रूप में हुई है। अनिल उत्तर प्रदेश के कानपुर जूही कॉलोनी का रहने वाला था। इसी तरह डालटनगंज रेलवे स्टेशन परिसर में एक अज्ञात महिला और पाटन निवासी मुनेश्वर भुइयां की लू लगने से मौत हो गई। मुनेश्वर उसकी पत्नी डालटनगंज स्टेशन परिसर में रहा करते थे और दातुन बेच कर अपना गुजर बसर करते थे।



**आज का अधिकतम तापमान**

| | |
|---|---|
| डालटनगंज | 47.7 डिग्री से. |
| गढ़वा | 48 डिग्री से. |

### लू लगने से मरने वालों में दो की हुई पुष्टि

पलामू सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल में जिन लोगों का इलाज हुआ है। उन लोगों के बारे में ही कहा जा सकता है। इधर, एमएमसीएच के अधीक्षक डॉ. दिलिप कुमार सिंह ने बताया कि दो लोगों की लू से मौत हुई है। एक मेदिनीनगर और दूसरा पाटन में लू लगने से मौत हुई है। अन्य की जानकारी नहीं है। इधर, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी ने बताया कि अभी तक लू से मरने वालों के बारे में अधिकृत आंकड़ा उनके पास नहीं है।

# दिनदहाड़े सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी की पत्नी की घर में घुसकर हत्या

■ अपराधियों ने घर पर तब धावा बोला जब सुशीला देवी अकेली थीं

■ रसोई में पड़ा मिला शव, सिर पर भारी हथियार से हमले के निशान

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के विद्यानगर मोहल्ले में सुशीला देवी (60) की गुरुवार की सुबह चार युवा अपराधियों ने हत्या कर दी। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार अपराधियों में एक लड़की भी शामिल थी। हत्याकांड ने पूरे इलाके को दहला दिया है। बताया जा रहा है कि रिटायर्ड रेलवे अधिकारी अशर्फी प्रसाद ने विद्यानगर में दो साल पहले शानदार घर बनवाया था। ये मूल रूप से बिहार के बेतिया जिला अंतर्गत शिवराजपुर गांव के रहने वाले हैं। अशर्फी प्रसाद बरकाकाना रेलवे स्टेशन से सेवानिवृत हुए थे। गुरुवार को अचानक उस समय अपराधियों ने घर पर धावा बोला जब सुशीला देवी अकेली थीं। उनका शव रसोई में खून से लथपथ पाया गया। उनके सिर पर भारी हथियार से हमला किया गया था। अपराधियों ने यह दिन बेहद बारीकी से छानबीन कर चुना था। उन्हें इस बात की पूरी खबर थी कि सुशीला देवी के घर में कोई भी मौजूद नहीं है। उनके पति अशर्फी प्रसाद नतनी को छोड़ने के लिए बुधवार को ही कोलकाता निकल गए थे। बेटी अल्का मेदांता अस्पताल रांची में काम करती हैं। वह सुबह सात बजे काम पर निकल जाती है। अपराधियों ने सुबह 9:00 बजे का समय चुना जब आसपास के लोग भी अपने घरों में काम में व्यस्त रहते हैं।

**सुरक्षा के लिए लगा था सीसीटीवी कैमरा, अपराधी साथ ले गए डीवीआर :** अशर्फी प्रसाद ने अपने परिवार और घर की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा भी इंस्टॉल कराया था। मुख्य द्वार से लेकर ग्राउंड फ्लोर और घर के हॉल में भी कैमरे लगे हुए थे। यूं कहें कि उनका पूरा घर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में था। इस बात की खबर भी अपराधियों को बखूबी थी। तीन लड़के और एक लड़की बेहद सालीकेदार कपड़े ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### सबूत मिटाने के लिए लगाई गई आग

हत्या करने के बाद अपराधियों ने सबूत मिटाने के लिए पूरा प्रयास किया है। चारों अपराधी घर में घुसे और बेखौफ होकर सुशीला देवी की हत्या की। साक्ष्य मिटाने के लिए उन लोगों ने पूरे घर को तीतर-बितर कर दिया। घटनास्थल पर ऐसा सीन बनाया गया कि लोगों को यह लगे कि उस घर में लूटपाट हुई है। आलमीरा, पलंग और सभी लॉकर को खोलकर सामान को बिखेरा गया था। इसके बाद भी उन लोगों ने अपने सबूत मिटाने के लिए एक दूसरा हथकंडा भी अपनाया। घर के मास्टर बेडरूम में अपराधियों ने आग लगा दी।

# 14 दिनों की ईडी रिमांड के बाद जेल भेजे गए मंत्री आलमगीर आलम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के टेंडर कमीशन घोटाले में राज्य सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट में पेश किए जाने के बाद रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल भेज दिया गया। ईडी ने उन्हें 15 मई की शाम को गिरफ्तार किया था। जेल भेजे जाने के बावजूद आलमगीर आलम मंत्री पद पर बने हुए हैं। न तो उन्होंने इस्तीफा दिया है, न ही उन्हें मुख्यमंत्री ने उनके पद से हटाया है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें एजेंसी ने रिमांड पर लेकर कुल 14 दिनों तक पूछताछ की। इस दौरान ग्रामीण विकास विभाग में सेक्रेटरी रहे आईएएस मनीष रंजन, पीएस संजीव कुमार लाल, घरेलू सहायक जहांगीर आलम से भी उनका आमना-सामना कराया गया और कमीशन वसूली को लेकर कई सवाल पूछे गए। एजेंसी ने पूछताछ के दौरान आलमगीर आलम पर कई सवालों के जवाब नहीं देने का आरोप लगाया है। एजेंसी ने कोर्ट को बताया है कि आलमगीर आलम से पूछताछ में टेंडर कमीशन घोटाले से जुड़े कई नए तथ्य उजागर हुए हैं। टेंडर कमीशन घोटाले में इंजीनियर, अधिकारी व मंत्री का एक संगठित गिरोह सक्रिय था। ईडी ने नमूना के तौर पर जनवरी महीने में पारित 92 करोड़ के 25 टेंडर के ब्यौरे से संबंधित एक पेपर भी कोर्ट में जमा किया था, जिसमें यह स्पष्ट लिखा हुआ है कि मंत्री आलमगीर आलम ने उक्त सभी 25 टेंडर में कमीशन के रूप में 1.23 करोड़ रुपये लिए थे। बता दें कि ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और घरेलू सहायक जहांगीर आलम सहित कई अन्य के ठिकानों पर 6-7 मई को छापेमारी की थी और इस दौरान 37 करोड़ से ज्यादा की रकम बरामद की गई थी। संजीव लाल और जहांगीर को गिरफ्तार किए जाने के बाद ईडी ने आलमगीर आलम को समन भेजा और उनसे 14-15 मई को कुल मिलाकर करीब 14 घंटे पूछताछ की गई थी। इधर, इसी केस में ईडी ने झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव और सीनियर आईएएस मनीष रंजन से भी 27 मई को पूछताछ की। उन्हें दूसरी बार पूछताछ के लिए 3 जून को तलब किया गया है। ईडी ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए बुधवार को भी रांची में कुछ लोगों के ठिकानों पर तलाशी ली थी।



## एक नजर

### इंडी गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे मुख्यमंत्री



**रांची।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की समाप्ति के दिन एक जून को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडी गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। बैठक में गठबंधन के सभी प्रमुख नेताओं को बुलाया गया है। इसमें लोकसभा चुनाव के संभावित परिणाम और चुनाव अभियान की समीक्षा की जाएगी। बैठक में राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सोरेन भी शामिल होंगे। वे एक जून को दिल्ली जाएंगे।

## आज | कल




संताल के तीन सीटों पर मुकाबला एक जून को

# 53 लाख वोटर करेंगे 52 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला

**ब्यूरो रिपोर्ट**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि सातवें चरण में एक जून (शनिवार) को गोड्डा, राजमहल और दुमका में होने वाले मतदान के लिए प्रचार गुरुवार की शाम पांच बजे थम चुका है। झारखंड की तीन लोकसभा सीटों गोड्डा, दुमका और राजमहल में एक जून को होने वाले मतदान में 53 लाख 23 हजार 886 वोटर 52 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। गोड्डा और दुमका में जहां 19-19 प्रत्याशी हैं, वहीं राजमहल सीट पर प्रत्याशियों की संख्या 14 है। निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए बाइक सवार क्विक रिसपांस टीम की भी तैनाती की गयी है। पूर्व में कुछ क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियां थी, लेकिन वर्तमान में इलाके में नक्सली गतिविधि का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



# मृत चमगादड़ों का मांस पका कर खा गए लोग, हुई जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भयंकर गर्मी और लू से गढ़वा के सुंडीपुर में बड़ी संख्या में चमगादड़ों के मरने की खबर से जहां लोग और प्रशासन सकते में हैं। वहीं कुछ लोगों के लिए यी पिकनिक का अवसर बन गया। गांव के कई लोगों ने मृत चमगादड़ों का मांस पकाकर खा लिया। इसकी सूचना मिलने पर संक्रमण की आशंका के मद्देनजर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ के नेतृत्व में गांव में चिकित्सा शिविर लगा लोगों की जांच की गई। शिविर में बड़ी संख्या में लोग आए लेकिन कार्रवाई के डर से अधिकतर ने चमगादड़ का मांस खाना कबूल नहीं किया। काफी कोशिश के बाद करीब 25 लोगों ने चमगादड़ का मांस खाना कबूल किया। इन लोगों की गहन जांच की गई। जांच के बाद डॉक्टर गोविंद प्रसाद सेठ ने सभी लोगों को सुरक्षित बताया। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### मृत चमगादड़ों का सैंपल पुणे लैब भेजा जाएगा

भयंकर गर्मी और लू से गढ़वा के सुंडीपुर में बड़ी संख्या में चमगादड़ों के मरने की खबर प्रकाश में आने के बाद सरकारी महकमे में हड़कंप मच गया। इसके बाद गुरुवार को सरकारी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सूचना मिलने पर मेडिकल टीम को भेजा गया। जो लोग चमगादड़ के मांस को कंजूम किया है, उन सभी का ब्लड सैंपल जांच के लिए लिया गया है। इसे बाहर प्रयोगशाला में भेजा जायेगा। प्रशासन इस घटना पर गंभीर है। हमलोग नजर बनाये हुए है।
**- शेखर जमुआर, डीसी, गढ़वा।**

# हेमंत सोरेन की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई पेशी, 14 दिन बढ़ी न्यायिक हिरासत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची स्थित पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। अब, हेमंत सोरेन 13 जून तक रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में रहेंगे। गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में उनकी पेशी हुई और इसके बाद न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी गई। जमीन घोटाले के इसी मामले में जेल में बंद राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मो. सद्दाम की भी अदालत में ऑनलाइन पेशी हुई और उनकी हिरासत भी 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई। रांची के बड़गाईं अंचल में साढ़े आठ एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीदारी करने के मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह जेल में बंद हैं। इस मामले में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## इंडिया




**सुनील बादल**

*भारत की सबसे छोटी नदी अरवरी है, जो अरावली पर्वतमाला से निकलकर राजस्थान के अलवर जिले में बहती है।*

# प्राकृतिक कोप से बचने का उपाय प्रकृति के ही पास

पूरा देश भीषण गर्मी का अनुभव कर रहा है पर इससे बड़ी समस्या जलसंकट है जो आने वाली है। विशेषज्ञों ने बहुत पहले भविष्यवाणी की थी कि अगला विश्व युद्ध पानी के लिए होगा पर हमने उसे गंभीरता से नहीं लिया। कभी आसानी से मिलने वाला पेयजल अब उत्पाद बन गया है और करोड़ों का कारोबार बन चुका है। हम सभी यह मान कर चल रहे हैं कि मेरे घर में इतनी सुविधाएं हैं मुझे इन छोटी बातों से क्या पर गलियों की पानी लड़ाई राज्यों तक पहुंच गई है जो हमारे घरों तक पहुंच सकता है क्योंकि भूगर्भ जल का स्तर तेजी से नीचे गिरता जा रहा है और हम कंकीट का जंगल बनाने के साथ धरती को सीमेंट से ढंकते जा रहे हैं जब वर्षा जल जमीन के अंदर जाएगा ही नहीं तो पानी आएगा कहां से? छोटी नदियों के संगम से बनी गंगा 2,550 किलोमीटर, ब्रह्मपुत्र और सिंधु भारत में क्रमशः 916 और 1,114 किलोमीटर लंबी हैं। लगभग सभी बड़ी नदियों के उद्गम ग्लेशियरों से हैं। इनके बहाव क्षेत्र में जंगल, तराई, मैदान और बीहड़ क्षेत्रों से छोटी-छोटी नदियां बड़ी नदियों में मिल रही हैं। भारत की सबसे छोटी नदी अरवरी है, जो अरावली पर्वतमाला से निकलकर राजस्थान के अलवर जिले में बहती है। यमुना सबसे बड़ी सहायक नदी है। यमुना में भी टौंस, हिंडन, चंबल, बेतवा आदि मिलती हैं। छोटी नदियां बड़ी नदियों के प्रवाह बढ़ाने के साथ उन्हें भूजल पुनर्भरण में सक्षम बनाती हैं। मिट्टी की नमी बनाए रखती और जैव विविधता में सुधार करती हैं। सूखे और बाढ़ का सामना करने में मदद करती हैं, लेकिन सूख रही छोटी नदियों का कायाकल्प समुदाय के बिना संभव नहीं है। इन सहायक और छोटी नदियों में निरंतर घटती जल राशि चिंता का विषय है।ग्लेशियरों के सूखने से हिमपोषित नदियां भी सूख रही हैं। भीषण गर्मी से बुंदेलखंड की कई नदियां सूख गई हैं। गंगा-यमुना की छोटी नदियां और जल स्रोत सूख गए हैं। हर वर्ष हिमालय से लेकर मैदानों तक भारी जल सैलाब से अपार जन-धन की हानि हो रही है। बारिश के पानी को रोकने की पारंपरिक शैली को आधुनिक विकास ने रौंद डाला है, जहां तालाब, जोहड़ जैसी जल संरचनाएं होती थीं। अब उन स्थानों पर बहुमंजिला इमारतें बन गई हैं। खनन, सीमेंटेड संरचनाओं ने पूरे जल क्षेत्र की जलवायु पर विपरीत असर डाला है। भूजल बहुत नीचे चला गया है। इन चुनौतियों के बावजूद आज भी भारत के गांवों में लोग अपने पारंपरिक प्रबंधन से जल की व्यवस्था करते हैं, जिससे विवेकपूर्ण जल उपयोग को बढ़ावा मिलता है।सक्रिय समाजसेवियों, पर्यावरणविदों और पानीदार समाज ने मिलकर ऐसे उदाहरण भी प्रस्तुत किए हैं कि सूखी छोटी नदियां फिर से बहने लगी हैं। अलवर में तरुण भारत संघ ने सूखी नदियों को जिंदा कर दिया है। लोग वहां नदियों के पुनर्जीवन के सामाजिक और पर्यावरणीय तरीके सीख रहे हैं। बुंदेलखंड में परमार्थ समाजसेवी संस्थान ने छोटी नदियों के पुनर्जीवन के लिए जोरदार अभियान चला रखा है। उन्होंने अब तक विलुप्त होती बछेड़ी, कनेरा, बारगी, खूडर, घुरारी नदी के पुनर्जीवन के लिए स्थानीय राज-समाज के साथ मिलकर महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं।मध्य प्रदेश के खजुराहो में हाल ही में जल जन जोड़ो अभियान और परमार्थ समाजसेवी संस्थान द्वारा आयोजित एक संवाद में 15 राज्यों से 50 नदी प्रतिनिधियों ने निर्णय लिया कि 51 नदियों के पुनर्जीवन हेतु यात्रा का आयोजन होगा। जलपुरुष राजेंद्र सिंह की अगुवाई में देश भर से आए जल विशेषज्ञों ने मांग की है कि केंद्र सरकार नदियों के लिए एक स्पष्ट नदी नीति बनाए। नदियों के लिए काम करने वाले लोग मानते हैं कि छोटी नदियों का समुदाय की खाद्य सुरक्षा, उनका सम्मानजनक जीवन और उनके आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके साथ ही बड़ी नदियों के प्रवाह को बढ़ाना, भूजल का पुनर्भरण, जमीन की उपजाऊ क्षमता को बढ़ाने में भी ये मददगार होती हैं। जलवायु परिवर्तन का सीधा संबंध छोटी नदियों से है। यदि हम छोटी नदियों को जीवित कर लेंगे, तो जलवायु परिवर्तन का खतरा कम हो जाएगा। इस अभियान के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. संजय सिंह ने कहा कि नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए निकाली जाने वाली यात्राओं के पहले यह जरूरी है कि संबंधित नदी के बारे में सारे आंकड़े एकत्रित करने के बाद समुदाय के साथ मिलकर संवाद किया जाएगा।

विशेषज्ञ कहते हैं कि यदि पारंपरिक जल सुरक्षा के उपायों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो मानव जीवन पर संकट बढ़ जाएगा। अगले 20 वर्षों में नदियां सूख जाएंगी। यदि छोटी नदियों को पुनर्जीवित करना है, तो हर क्षेत्र की जलवायु के अनुसार अलग-अलग प्लान की आवश्यकता है। शैक्षणिक पाठ्यक्रम में नदी ज्ञानतंत्र को शामिल किया जाए। डब्ल्यूएचएच भारत के प्रमुख राकेश कटल कहते हैं कि यह नदियों को बचाने की आपातकालीन स्थिति है। इसलिए देश भर में नदियों के पुनर्जीवन के लिए चिंतित समाज और पर्यावरणविद आगे आकर एक-एक नदी को पुनर्जीवित करने लिए कदम बढ़ा रहे हैं।



### बोकारो में तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले के पेटरवार में तालाब में डूबकर तीन बच्चों की मौत हो गई। ये बच्चे बुधवार को डूबे थे, जिनके शव गुरुवार को बाहर निकाले गए। बताया गया कि पेटरवार के सदमा कला गांव के तीन बच्चे बुधवार को अपने घरों से खेलने निकले थे, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटे तो उनकी तलाश शुरू हुई। सारी रात लोग आस-पास के इलाकों में उनकी खोज करते रहें, लेकिन कुछ अता-पता नहीं चला। पुलिस को भी सूचना दी गई। गुरुवार की सुबह पेटरवार ब्लॉक मुख्यालय स्थित बिशेश्वर धाम मंदिर परिसर में बने अमृत सरोवर में स्थानीय लोगों ने एक बच्चे का शव तैरता हुआ देखा। यह खबर इलाके में फैली तो लापता बच्चों के परिजन मौके पर पहुंचे। शव लापता बच्चों में से एक का था। इसके बाद दो अन्य बच्चों के शव भी तालाब से बाहर निकाले गए। मृत बच्चों की उम्र 8, 9 एवं 11 वर्ष बताई गई है। अनुमान है कि बच्चे तालाब में स्नान करने गए होंगे और इसी दौरान यह हादसा हो गया।

## एक नजर

### पांडेयपुर का नाबालिग प्रिंस दो दिनों से लापता, सनहा दर्ज



**विश्रामपुर।** रेहला थाना क्षेत्र के पांडेयपुर गांव निवासी अनिल यादव का 12 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार यादव पिछले दो दिनों से लापता है। परिजनों ने हर संभावित जगह उसका तलाश किया,लेकिन कहीं भी कुछ पता नहीं चला। गुरुवार को अनिल यादव ने अपने बेटे के गुमसुदगी का मामला रेहला थाना में दर्ज कराया।अनिल यादव ने बताया कि 29 मई को दोपहर 12 बजे प्रिंस घर के बाहर निकला था। जिसके बाद वह वापस नहीं आया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### जहरीली पदार्थ का सेवन करने से हुई बेहोश

**हुसैनाबाद।** मोहम्मदाबाद गांव निवासी बिगन पासवान की पुत्री मंजू देवी ने मानसिक तनाव में आकर अपने मायके में जहर खा ली। जिससे वह बेहोश हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। चिकित्सक के अनुसार स्थिति में सुधार है। उसकी शादी रोहतास जिला के तिउरा गांव निवासी सनोज पासवान के साथ हुई है। वह काफी मानसिक तनाव में रह रही थी। ससुराल वालों को सूचना दे दी गई है।

# सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार घायल आक्रोशित लोगों ने हाइवा में लगाई आग

- लगभग तीन घंटा आवागमन रहा प्रभावित
- नावा बाजार पुलिस ने 9 के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कर शुरू की कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** एनएच 98 पड़वा-औरंगाबाद मुख्य पथ स्थित नावाबाजार में बुधवार की रात लगभग 8 बजे हाइवा व मोटरसाइकिल की टक्कर हुई। जिसमें नावाबाजार निवासी 42 वर्षीय एनामुल खान गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे नावाबाजार थाना पुलिस व स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के बाद हाइवा चालक को स्थानीय लोगों के द्वारा पिटाई की गई। मौके का फायदा उठाकर चालक भागने में सफल रहा। नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार व अन्य पुलिस पदाधिकारी हंगामा कर रहे लोगों को समझाते हुए आवागमन बहाल करने का हरसंभव प्रयास किया। इधर घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क को जाम कर दिया। सड़क के दोनों किनारे सैकड़ो गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। वहीं शरारती तत्वों के द्वारा ठोकर मारने वाली हाइवा गाड़ी को आग के हवाले कर दिया गया। इतना ही नहीं सड़क किनारे खड़ी कई अन्य गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया गया। इस बीच नावा बाजार पुलिस व स्थानीय लोगों के बीच वाद विवाद भी हुए। थाना प्रभारी चिंटू कुमार के द्वारा घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों को देते हुए हाइवा में लगाई गई आग बुझाने को दमकल को बुलाया गया। हाइवा कोयला से भरी होने के कारण आग रफ्तार में बढ़ता गया। आग की लपटे तेजी से पूरी गाड़ी को अपने आगोश में ले लिया। दमकल टीम लगभग 9:30 बजे पहुंची। जो धू-धू कर जल रही हाइवा गाड़ी को बचाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक गाड़ी पूरी तरह जल चुकी थी। जल रही हाइवा गाड़ी की आग की लपटों से ऐसा लग रहा था जिससे आसपास भी आग फैल सकते थे। लेकिन पुलिस की सक्रियता व सूझबूझ से आसपास खड़ी गाड़ियों को दूर हटा बड़ी घटना को टालने में सफल रहे।





## पुलिस के सामने जमकर बवाल काटा

स्थानीय लोगों ने भीड़ का रूप लेकर पुलिस के सामने जमकर उत्पात मचाया। माहौल बिगड़ने की संभावना को देखते हुए पांडू अंचल निरीक्षक राम आशीष पासवान, विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरव चौबे, छतरपुर थाना सभी पुलिस बल के साथ पहुंचे। हंगामा कर रहे लोगों से बातचीत करते हुए, मामले को सुलझाते हुए आवागमन बहाल की गई। सड़क पर आवागमन रात लगभग 8-11 बजे तक यानी लगभग 3 घंटे प्रभावित रही। यात्री गाड़ी में सवार लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। भूखे प्यासे व गर्मी से बेहाल भय वस यात्री गाड़ी में दूबके रहे। उपद्रवियों के द्वारा दर्जनों गाड़ी को क्षति पहुंचाया गया है। हाइवा छत्तीसगढ़ से कोयला लेकर एनएच 98 मुख्य मार्ग से औरंगाबाद की ओर जा रही थी। इसी बीच नावाबाजार पुरानी प्रखंड कार्यालय के समीप रात लगभग 8 बजे मोटरसाइकिल से टकरा गई। जिसमें मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

### पहचान कर कार्रवाई की जाएगी : थाना प्रभारी

नावाबाजार थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के बाद उपद्रवियों के द्वारा दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को आग के हवाले किया जाना। कई अन्य गाड़ियों को क्षतिग्रस्त किया जाना। सड़क जामकर लगभग तीन घंटा आवागमन बाधित किया जाना। सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करना आदि मामलों में सुसंगत धाराओं के साथ नावाबाजार थाना में केस दर्ज की गई है। जिसमें 9 नामजद अभियुक्त सहित आठ दर्जन से अधिक लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। सभी अभियुक्त की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### जमीन विवाद में गोली चालाई, बाल-बाल बचे लोग, मामले में एनसीपी नेता को भेजा गया जेल



**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के सतगावां मोहल्ला में बालिका उच्च विद्यालय के समीप जमीन विवाद में एनसीपी के प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह ने फायरिंग कर दी। हालांकि गोली किसी को लगी नहीं, जिन्हें लक्ष्य कर गोली चलायी गयी। मामले में गुरुवार को कार्रवाई करते हुए हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार ने मनीष सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं गोली चालन में प्रयुक्त हथियार जब्त कर ली गयी है। घटना बुधवार की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सतगावां मोहल्ला निवासी रंजीत कुमार सिंह अपनी जमीन पर घेराबंदी करवा रहे थे। इसी दौरान एनसीपी के प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह वहां आ पहुंचे और बाउंड्री देने से मना किया। इसे लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ और इसी बीच मनीष कुमार सिंह ने अपने हथियार से रंजीत कुमार सिंह को जान से करने के नियत से लक्ष्य कर गोली चला दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मनीष कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में रंजीत कुमार सिंह के द्वारा मनीष कुमार सिंह, राहुल सिंह व धनंजय सिंह के खिलाफ प्राथमिक दर्ज करायी गयी है। उधर मनीष सिंह ने भी रंजीत कुमार सिंह के अलावे उनके चचेरे भाई व एनसीपी के जिला सचिव अजय कुमार सिंह, राजू कुमार सिंह एवं विजय कुमार सिंह के खिलाफ मारपीट से संबंधित प्राथमिक दर्ज करायी है।


### युवक नसीब भीषण गर्मी में पक्षियों को पिला रहा पानी

**नावाबाजार।** भीषण गर्मी के कारण लोगों का जीना दूभर हो गया है। इंसान के साथ-साथ पशु पक्षियों का जीवन भी प्रभावित हुआ है। गर्मी के कारण अधिसंख्य जल स्त्रोत से पानी सुख गए हैं। जिसके कारण पशु-पक्षी पानी की तलाश में भटक रहे है। इसे देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण के क्षेत्र में रुचि रखने वाले नसीब खलीफा पक्षियों के लिए पानी यानी प्यास बुझाने का मुहिम पिछले तीन सालों से चला रखे है। बताया कि इसके लिए लोगो के द्वारा उपयोग में लाया गया पानी के बोतल का उपयोग करके पक्षियों की प्यास बुझाने का साधन बना रखा हैं। बतायाअपने आसपास के पेड़-पौधे वह नजदीक के जंगलों में जाकर पानी की व्यवस्था कर रहे है। नसीब खलीफा ने बताया की गर्मी में पानी अमृत समान है। इंसन अपनी जरूरत के अनुरूप पानी की व्यवस्था कर प्यास बुझा लेते हैं। लेकिन मूक पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है। पंक्षी पानी के बिना फड़फड़ा कर जान दे रहे हैं। पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए इस मुहिम की शुरूआत नसीम ने किया है। साथ ही उन्होंने कहा की गर्मियों में कई परिंदों की मौत पानी की कमी के कारण हो जाती है। लोगों का थोड़ा सा प्रयास से घरों के आस-पास उड़ने वाले परिंदों की प्यास बुझाकर उनकी जिंदगी बचा सकता है। साथ ही उन्होंने कहा की गर्मी में मनुष्य के साथ-साथ सभी प्राणियों को भी पानी की आवश्यकता होती है। मनुष्य तो पानी का संग्रहण कर रख लेता है, लेकिन परिंदे को तपती गर्मी में यहां-वहां पानी के लिए भटकना पड़ता है। पानी न मिले तो पक्षी बेहोश होकर गिर पड़ते हैं।

# अनुमंडलीय अस्पताल में हीट वेव के दर्जनों मरीज भर्ती, महिला की हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में पड़ रही जानलेवा गर्मी और हीटवेव की चपेट में आने से गुरुवार को अचानक हुसैनाबाद अनमंडलीय अस्पताल में मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। वहीं शांता देवी नामक एक महिला की मौत हो गई। वहीं गुरूवार को देवरी कला पंचायत के देवरी गांव निवासी राजू राम की पत्नी शांता देवी उम्र 30 वर्ष हीटवेव की चपेट में आ गईं। परिजनों ने तत्काल उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में हुसैनाबाद स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि हीट वेव के चलते अब तक दर्जनों मरीजों को भर्ती किया गया है। इलाज के बाद अभी सभी लोग खतरे से बाहर हैं। कुछ लोग इलाज के बाद खतरे से बाहर है। हीट वेव को देखते हुए डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि बढ़ते तापमान को दृष्टिगत रखते हुए अनावश्यक रूप से धूप में ना जाएं। तेज बुखार, सिर दर्द, मतली या उल्टी आना घबराहट एवं चक्कर आना हीट वेव, लू लगने के लक्षण पर सरकारी अस्पताल में तत्काल इलाज कराएं। इसे बचने के लिए अधिक से अधिक पानी पिएं, हल्के कपड़े ही पहने। ओआरस, नींबू, पानी का सेवन करें, किसी तरह की शरीर में कमजोरी होने पर स्थानीय अस्पताल में पहुंचकर इलाज कराएं।



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :

- शरीर में पानी की कमी
- उल्टी, तेज बुखार
- कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
- हृदयाघात, मस्तिष्कघात
- कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग

- साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
- तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से देते रहें
- बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें





इनका नियमित सेवन करें :-


नमक-चीनी का घोल
छाछ
नींबू-पानी
आम का शर्बत
लस्सी
तरबूज
खरबूजा
खीरा
ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है

- गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
- घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है|सावधानियाँ हीं बचाव|

- हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
- धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
- सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
- जूते/चप्पल पहनें



NATIONAL HEALTH MISSION
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

104

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

PR No. 325215 (Health Med Edu and Family Welfare) 2024-25



खुल गया | खुल गया | खुल गया
नीलकमल फर्नीचर
मेसर्स विनय इंटरप्राइजेज
गायत्री मंदिर रोड, सुदना
प्रो. अभिषेक कुमार
नीलकमल के अधिकृत विक्रेता सभी तरह के | फर्नीचर के लिए एक बार जरूर पधारें
दीवान, सोफा, आलमीरा, स्कूल फर्नीचर, प्लास्टिक की कुर्सी, टेबल व सभी सामानों के सेट उपलब्ध
8789497720 | 9199963588


## एक नजर

### नक्सलियों के खिलाफ चलेगा अभियान

**मेदिनीनगर।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी के खिलाफ पुलिस ने विशेष कार्य योजना बनाई है। पलामू, गढ़वा, लातेहार समेत कई इलाकों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। पलामू रेंज में टीएसपीसी के खिलाफ कार्रवाई के लिए स्पेशल टीम का भी गठन किया गया है। इस टीम का नेतृत्व इलाके के एसडीपीओ कर रहे हैं। स्पेशल टीम टीएसपीसी और उसके समर्थकों के खिलाफ डाटा तैयार कर रही है और कार्रवाई की योजना बना रही है। डीआईजी वाईएस रमेश ने बताया कि टीएसपीसी से खिलाफ कार्रवाई की योजना है, चतरा की घटना के बाद पलामू, गढ़वा और लातेहार पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। इलाके में एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है और अभियान चलाया जा रहा है।

### ट्रक की धक्के से बाइक चालक घायल, रेफर

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के ढाब कला गांव के समीप एनएच 98 पर गुरुवार को ट्रक के धक्के से 60 वर्षीय सेवानिवृत्ति पशुधन सहायक रविंद्र कुमार सिंह घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सूचना पर सीएचसी का एंबुलेंस आकर उन्हें अस्पताल ले गया। जहां उपचार के बाद गंभीर अवस्था को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें रेफर कर दिया। मालूम हो कि रविन्द्र कुमार सिंह पिपरा थाना क्षेत्र के बभंडी गांव स्थित अपने घर से बाइक द्वारा हरिहरगंज की ओर आ रहे थे।

### भीषण गर्मी को लेकर सिविल सर्जन ने जारी की एडवाइजरी

# जरूरी न हो तो दिन में घर से बाहर नहीं निकलें: सिविल सर्जन

*कार से चलने पर विंडो को हल्का खोल कर चले, ताकि वेंटिलेशन हो सके। गैस सिलेंडर को कभी भी धूप में ना रखें। दोपहर के समय मोटरसाइकिलों पर गैस सिलेंडर ना ले जाए। हमेशा यह कोशिश करें की 22 से 24 डिग्री के तापमान में रहे। घर के अंदर एसी चलाते हैं तो उसका तापमान 24 डिग्री के आसपास रखें*

**घर से निकलते वक्त सूती और ढीले डाले कपड़े पहने, हाइड्रेट करने के लिए ओआरस या अन्य शीतल पदार्थ का सेवन करें**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भीषण गर्मी और तापमान में हो रही भारी बढ़ोतरी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। गुरुवार को सीएस कार्यालय में सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। सीएस ने कहा कि सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 तक घर से बाहर नहीं निकले। विशेष जरूरत हो तब ही बाहर निकले, अन्यथा घर में ठंडे जगह पर रहे। घर से निकलते वक्त सूती और ढीले डाले कपड़े पहने। हाइड्रेट करने के लिए ओआरएस या अन्य शीतल पदार्थ का सेवन करके निकले। बोतल में भी रखें और हर तीन-चार मिनट के बाद इसका सेवन करें। गला सूखने की स्थिति में ठंडा जगह पर रुके और ओआरएस का सेवन करें। सिविल सर्जन ने यह भी कहा कि पलामू का टेंपरेचर 50 डिग्री के आसपास पहुंचने वाला है। ऐसे में गाड़ियों में टंकी फूल नहीं रखे। टायरों में हवा कम रखें। कार से चलने पर विंडो को हल्का खोल कर चले, ताकि वेंटिलेशन हो सके। गैस सिलेंडर को कभी भी धूप में ना रखें। दोपहर के समय मोटरसाइकिलों पर गैस सिलेंडर ना ले जाए। हमेशा यह कोशिश करें की 22 से 24 डिग्री के तापमान में रहे। घर के अंदर एसी चलाते हैं तो उसका तापमान 24 डिग्री के आसपास रखें।

## भीषण गर्मी में भी दिनभर काम करने को विवश हैं मजदूर



मेदिनीनगर पलामू में भीषण गर्मी और हीट वेव के बीच भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदाम व रेलवे साइडिंग पर दिहाड़ी मजदूर काम करने के लिए मजबूर हैं। मजदूर सुबह पांच बजे से रात दस बजे तक रेलवे रैक से अनाज उतारने, ट्रकों पर लोड-अनलोड करने का काम तीखे धूप व गर्मी में भी कर रहे हैं। कई मजदूर इस क्रम में बीमार भी पड़ रहे हैं। परंतु अनाजों से पलामू के गोदाम को भरने के लिए लगातार मंगवाए जा रहे रेलवे रैक के कारण मजदूरों को राहत नहीं मिल पा रही है। एफसीआई के मजदूरों ने बताया कि डालटनगंज रेलवे स्टेशन स्थित साइडिंग पर 100 तथा मेदिनीनगर सिटी के आबादगंज स्थित गोदाम में 100 मजदूर काम करते हैं। रेहला और चैनपुर में स्थिति पीपीई गोदाम में 25-25 मजदूर काम करते हैं। गर्मी से बचने के लिए वे लोग सुबह पांच बजे से नौ बजे तक तथा शाम में पांच बजे से दस बजे तक ज्यादा काम कर रहे हैं। हालांकि दिन के नौ बजे से पांच बजे तक भी काम करना ही पड़ रहा है। विभाग या ठेकेदार की ओर से मजदूरों के लिए पानी छोड़कर अन्य कोई खास व्यवस्था गर्मी को लेकर नहीं किया गया है।

### मतगणना के दिन मेडिकल कॉलेज में रहेगी विशेष तैयारी



सिविल सर्जन ने बताया कि 4 जून को लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर काउंटिंग की जानी है। जीएलए कॉलेज में मतगणना होगी। यहां पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी जरूरी तैयारी पूरी रहेगी। मतगणना की शुरूआत से लेकर समाप्ति तक स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात रहेगी। भीषण गर्मी को देखते हुए मतगणनाकर्मियों के लिए ओआरएस का पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा शहरी क्षेत्र के भीडभाड से बचने के लिए मेडिकल कॉलेज में आपातकालीन तौर पर 10 बेड का अस्पताल बनाया जाएगा। इसके लिए कॉलेज के प्राचार्य से एक कमरे की सहमति मिल गई है। उन्होंने कहा कि मरीज को एमआरएमसीएच में लाने पर रेडमा चौक एरिया मे जाम की स्थिति बनती है। इसी को लेकर ऐसी तैयारी की गई है। शरीर पर नियंत्रण बना रहे। सिविल सर्जन ने कहा कि जानलेवा गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। जिला से लेकर प्रखंड स्तर के अस्पताल में बेड तैयार किए गए है। जिला अस्पताल में जहां 50 बेड अलग से बनाये गए हैं। वही सबडिवीजन स्तर के अस्पताल में 15-15, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर 10-10 एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर पांच-पांच बेड तैयार किए गए है। दवा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। सहिया को भी पूरी जानकारी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में काम करने वाले कर्मियों के लिए भी चार-चार पैकेट प्रतिकर्मी कर्मी ओआरएस उपलब्ध करा दिया गया है। मौके पर डीपीएम दीपक कुमार गुप्ता मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड छात्र मोर्चा ने कुलपति को सौंपा मांग पत्र

**मेदिनीनगर।** झारखंड छात्र मोर्चा ( जेसीएम ) ने एनपीयू के प्रभारी कुलपति सह प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में एनपीयू के प्रभारी कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक पर कार्रवाई की मांग की। छात्र प्रतिनिधि मंडल ने कुलपति से कहा कि कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक के तानाशाही रवैये के कारण छात्र और छात्र संगठन परेशान है। जब कोई छात्र अथवा छात्र संगठन छात्रों की समस्याओं को लेकर मिलता है तो छात्र और छात्र संगठन के कार्यकताओं के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। मांग पत्र में कहा गया है कि विश्वविद्यालय की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि न तो समय पर सिलेबस पूरा हो पता है, न ही परीक्षाएं समय पर आयोजित हो रहा है। जानबुझकर सेमेस्टर में परीक्षार्थियों को किसी ने किसी पेपर में फेल किया जा रहा है। जेसीएम के जिलाध्यक्ष कौशल किशोर ने कुलपति से जांच कराकर दोनों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया है। प्रतिनिधि मंडल में फैजल, विकास कुमार, कौशिक, हर्ष दुबे, विकेश, विक्की, सौरभ पाठक, अमित, रवि आदि शामिल थे।

### हैदरनगर में भीषण गर्मी के बीच लो-वोल्टेज की समस्या गंभीर

**हैदरनगर।** प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी व 46 डिग्री तापमान के बीच बिजली की कमी व लो वोल्टेज की समस्या गंभीर हो गई है। बिजली की अनियमित आपूर्ति से क्षेत्र के लोगों को रात में चैन की नींद भी छीन गई है। संतन चौधरी, मंटू मेहता, अर्जुन प्रजापति, जयप्रकाश, अनूप सिंह, रविन्द्र मेहता सहित कई लोगों ने कहा कि लो वोल्टेज से पंखे, कूलर व अन्य आवश्यक उपकरण भी काम समय पर काम नहीं आते। इससे कई इलेक्ट्रॉनिक सामान खराब होने की भी शिकायतें आ रही है। रहें है। निजी घरों में लगे मोटर पंप ठीक से काम नहीं करने से लोगों के बीच जलसंकट भी सामने आया है। समाजसेवी रिजवान खान, अजहर अली ने कहा की उन्होंने कई बार बिजली विभाग व प्रशासन से इस मामले में शिकायत की है। पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है। जिससे स्पष्ट तौर पर उनकी लापरवाही से आपूर्ति व्यवस्था लचर बन गइ है। इस गर्मी में बिजली की कमी से खासकर बच्चे और बुजुर्ग तबके के लोग अधिक परेशान हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है।

### सूरजमुखी की खेती से किसान पांच गुना मुनाफा कमा सकते है : कृषि वैज्ञानिक

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ० एस के झा ने बताया कि सूरजमुखी की खेती से किसान पांच गुना मुनाफा कमा सकते ह। इसकी खेती साल में तीन बार की जा सकती ह। खरीफ और रवि फसल के अलावा धान की कटाई वाला खेत में कर सकते हैं। नील गाय से किसान बेहद परेशान रहते ह। नील गाय के प्रकोप से बचने के लिए किसान कुछ अलग चीज की खेती कर सकते ह। सूरजमुखी एक ऐसा फसल ह। जिसे नील गाय नुकसान नहीं पहुंचाते.इसीलिए किसान सूरजमुखी की खेती कर सकते ह। इससे किसानों को पांचगुना मुनाफा कमा सकते ह।

02 पलामू जिले में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ० एस के झा ने बताया कि सूरजमुखी की खेती से किसान पांच गुना मुनाफा कमा सकते ह। इसकी खेती साल में तीन बार की जा सकती ह। खरीफ और रवि फसल के अलावा धान की कटाई वाला खेत में कर सकते ह। इसकी खेती के लिए ज्यादा पानी की जरूरत नहीं पड़ती. कम वर्षा में भी इसका फसल अच्छा तैयार होता ह।

03 सूरजमुखी की खेती के लिए किसान केबीएसएच 1, केबीएसएच 44 और ज्वाला प्रभेद का चयन कर सकते ह। इसका बीज दर 6 किलो प्रति हेक्टेयर के दर से होता ह। वहीं सूरजमुखी की खेती के लिए खेत की समतलीकरण कर लाइन से लाइन 60 सेंटीमीटर और पौधा से पौधा 30 सेंटीमीटर पर लगाए.जिससे खरपतवार नियंत्रण में आसानी हो.इसके अलावा खेती करने के लिए किसान 125 किलो यूरिया, 100 किलो डीएपी और 50 किलो पोटास प्रति हेक्टेयर के दर से प्रयोग करे तो मुनाफा अच्छा होता ह।

04 आगे बताया की सूरजमुखी की खेती के लिए 5 से 6 किलो प्रति हेक्टेयर के दर से बीज लगता ह। ये फसल 100 दिनों का होता ह। जो की 100 से 105 दिन में तैयार हो जाता ह। एक हेक्टेयर में उत्पादन 15 क्विंटल तक उत्पादन होता ह। एक हेक्टेयर में खेती करने में 10 से 12 हजार रुपए तक खर्च होता ह। वहीं मुनाफा 50 हजार तक होता ह। इसकी खेती के लिए किसान सल्फर का प्रयोग कर सकते है।

## 31 मई से कॉलेज में होगा नामांकन

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी मेदिनीनगर के अंतर्गत सत्र 2024- 28 में बीए,बीएससी बीकॉम के लिए चांसलर पोर्टल पर ऑनलाइन नामांकन शुरू हो गया।इस संबंध में ए के सिंह कॉलेज जपला के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने बताया की वैसे इच्छुक सभी योग्य छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है की बीए में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल पर ऑनलाइन कर सकते हैं या जिन्हें खुद ऑनलाइन करने में सुविधा हो वे दिनांक 31 मई 2024 से स्थानीय ए के सिंह महाविद्यालय के काउंटर पर आवश्यक सभी दस्तावेज व सूल्क जमा कर ऑफलाइन नामांकन ले सकते हैं। विद्यार्थियों को नामांकन फार्म के साथ सीएलसी का मूल प्रति, इंटर अंक पत्र की छाया प्रति,मैट्रिक अंक पत्र की छाया प्रति, आधार कार्ड की छाया प्रति, इंटर एडमिट कार्ड की छाया प्रति एवं एक फोटो लेकर आना अनिवार्य है।वहीं हार्ड कॉपी के साथ माइग्रेशन या रजिस्ट्रेशन मूल प्रति,इंटर अंक पत्र की छाया प्रति ,मैट्रिक अंक पत्र की छाया प्रति,एक फोटो साथ लाना अनिवार्य है।साथ ही ब्लड ग्रुप सर्टिफिकेट तथा जाति प्रमाण पत्र अपने साथ लाना अनिवार्य है।सामाजिक विज्ञान एवं मानवीकी वाणिज्य एवं प्रबंधन में नामांकन के लिए 2300 रुपए तथा प्राकृतिक एवं भौतिक विज्ञान एवं गणित सांख्यिकी एवं कंप्यूटर अनुप्रयोग में नामांकन के लिए कुल 2800 रुपए लगेंगे।




## एमएमसीएच में लू लगने वाले मरीजों की संख्या में हुई बढ़ोतरी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में हीट वेव से बचाव को लेकर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल समेत प्रखंडों में संचालित अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस पैकेट के अलावे स्लाइन और दवाईयां उपलब्ध है। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के प्रभारी अधीक्षक डॉ. आरके रंजन ने बताया कि लू से भर्ती होने की संख्या 25 हो गई है। हालांकि दो बाउट डेथ हुआ है,परंतु परिजन मृतक को लेकर चले गए। इस कारण स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है कि दोनों की मौत लू से ही हुई है। जिले में फिलहाल स्वास्थ्य विभाग के पास एक लाख 20 हजार ओआरएस पैकेट उपलब्ध है। 20 हजार और ओआरएस पैकेट खरीदने की प्रक्रिया चल रही है,ताकि जरूरतमंदों को ओआरएस के लिए परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में चार रैपिड रेस्पांस टीम का गठन किया गया है। वहीं सभी प्रखंडों में रैपिड रेस्पांस टीम बनाया गया है। सिविल सर्जन डॉ अनील कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा जारी निदेशों के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग ने हीट वेव से निपटने की तैयारी की है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 10-10 बेड हीट वेव के लिए बनाये गए हैं। वहां पर वाटर कुलर, पंखे आदि पर्याप्त हैं। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल हो अथवा सीएचसी केंद्र वहां पर हीट वेब के लिए कोई अलग से ओपीडी संचालित नहीं किये जा रहे हैं। सामान्य दिनों के तरह मेडिसिन के चिकित्सक ही हीट वेव की मरीजों का इलाज कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में हीट वेव को लेकर अभी तक कोई जागरूकता अभियान शुरू नहीं किया गया है।

### चतरा सीट पर कौन मारेगा बाजी, चुनाव के खत्म होते ही चर्चाएं शुरू

**पांकी।** चतरा लोकसभा सीट पर सांसद के लिए बीते सोमवार (20 मई) को चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ था। प्रत्याशियों के भविष्य आगामी 4 जून तक के लिए ईवीएम में बंद हो गया है। इधर चुनाव के खत्म होते ही चतरा लोकसभा सीट पर बाजी कौन मारेगा। विभिन्न दलों के कार्यकर्ता-समर्थक और चुनावी-वोटिंग के दौरान बूथों पर पड़े वोटों के आधार पर अपने-अपने ढंग से वोटों का समीकरण (गणित) भिड़ाते तथा अपने-अपने चहेते प्रत्याशियों की जीत-पक्की होने का दावा करते दिखे। चतरा सीट के सभी 22 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया है, पर उनके कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा मनगढ़ंत समीकरणों के जरिए चुनावी हार-जीत को लेकर कयास लगाने का दौर जारी है।

## समर कैंप में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे पूरे उत्साह के साथ ले रहे हैं भाग



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पिरामल फाउंडेशन के अंतर्गत संचालित सरना समाज सेवा संस्था ने छलांग प्रोजेक्ट के तहत तरहसी प्रखंड के अरका, गुरहा, तरहसी और लेस्लीगंज में बच्चों के बीच सैमर कैंप का आयोजन किया है। सैमर कैंप 20 मई से शुरू है,जो 10 जून को समाप्त होगा। 20 मई से अब तक बच्चों को खेल गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। समर कैंप में बच्चों को क्राफ्टिंग करना, धारा प्रवाह पुस्तक वाचन आदि गतिविधि कराया जा रहा है। बच्चें काफी उत्साह के साथ सैंमर कैंप में भाग ले रहे हैं। सरना समाज सेवा संस्था के फिल्ड को-ऑडिनेटर शीतल वर्मा ने कहा कि ग्रामीण बच्चे पहले गर्मी के छुट्टियों में बोर होते थे। परंतु पंचायतों में समर कैंप लगने से बच्चों में खासा उत्साह है। सैमर कैंप में काफी संख्या में बच्चे भाग लेने पहुंच रहे हैं और विभिन्न तरह के साकारात्मक गतिविधियों में बढ़चकर भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न तरह के बच्चों के गतिविधियों में हिस्सा लेने से छोटे बच्चों की क्षमता और जूनून का पता चलता है। बच्चों को सैमर कैंप में योगाभ्यास आदि भी सिखाया जा रहा है,ताकि बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर अध्यापन कार्य में रूचि ले सकें।

### कार्यक्रम

### हिंदी पत्रकारिता दिवस पर इप्टा कार्यालय में परिचर्चा का आयोजन

## फ्रांस की क्रांति से लेकर राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम तक रही है पत्रकारिता की भूमिका

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर इप्टा, प्रगतिशील लेखक संघ, मासिक पत्रिका सुबह की धूप एवं झारखंड पत्रकार संगठन ने दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया है। कार्यक्रम की शुरूआत 30 मई दिन गुरुवार को इप्टा कार्यालय में इतिहास के पन्नों में पत्रकारिता एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य विषय पर परिचर्चा से हुई। मौके पर राष्ट्रीय नवीन मेल के स्थानीय संपादक राणा अरुण सिंह, वरिष्ठ पत्रकार संजय कुमार पांडे एवं इप्टा पलामू के संरक्षक सह अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव केडी सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में परिचर्चा की शुरूआत हुई। परिचर्चा के क्रम में राणा अरुण सिंह ने कहा कि फ्रांस की क्रांति से लेकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिस वक्त भारत में पत्रकारिता की शुरूआत हुई उस समय हमारा देश अंग्रेजों का गुलाम था। अंग्रेजी पत्रकारिता अपने ढंग से पत्रकारिता कर रही थी। जब हिंदी पत्रकारिता की शुरूआत हुई तो राष्ट्रीय आंदोलन को एक ताकत मिली। हिंदी पत्रकारिता ने देश में एकता और अखंडता की नींव रखने में अहम भूमिका निभाया। वरिष्ठ पत्रकार संजय कुमार पांडे ने कहा कि उस समय आंचलिक खबरें ही फ्रंट पेज की खबर बनती थी। उस वक्त की पत्रकारिता मानती थी कि खबर गांव में होती है। आज भी खबरें गांव में ही हैं। जो पत्रकार गांव में नहीं जाना चाहेगा वह पत्रकारिता क्या करेगा। किसान नेता, समाजसेवी व चिंतक केडी सिंह ने कहा कि पलामू के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो पत्रकारिता से जुड़े नब्बे की दशक में राष्ट्रीय नवीन मेल के तत्कालिन संपादक वेद प्रकाश बाजपेई का यह कथन कि सूरज निकले या ना निकले अखबार को निकलना होगा। यह बहुत ही सारगर्भित संवाद है। सिर्फ पेशेगत पत्रकार ही पत्रकार नहीं होता। जो पत्रकारिता के कार्य से नहीं जुड़ा होता है वह भी पत्रकार होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय डालटनगंज से प्रकाशित राष्ट्रीय नवीन मेल राज्य में पत्रकारिता को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा आज की राजनीति पर पूंजी का वर्चस्व है तो हम देख रहे हैं पत्रकारिता पर भी पूंजी हावी हो गया है। हमें इस बात को समझना होगा। इप्टा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उपेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि पत्रकारिता और पत्रकार इसी समाज के हिस्सा हैं। जब चारों तरफ पतन हो रहा हो तो पत्रकारिता से हम उम्मीद लगाए बैठे हो कि यह अपनी जगह पर कायम रहेगा तो यह संभव नहीं। पलामू के पत्रकार आंदोलन का हिस्सा रहे हैं। पलामू के पत्रकारों में गिरावट का ग्राफ देखें तो अपेक्षाकृत कम है। डाल्टनगंज में पत्रकारिता की बात करते हैं तो रामेश्वरम की याद आती है। वह जबरदस्ती के स्कूल चलाते थे। और लोगों को लिखने के लिए प्रेरित ही नहीं करते थे बल्कि लिखने के लिए सीखने भी थे। परिचर्चा के दौरान शिक्षक गोविंद प्रसाद, रंगकर्मी प्रेम प्रकाश, फिजियोथैरेपिस्ट कुलदीप राम, पत्रकार अश्विनी घई, शैलेंद्र तिवारी, विनोद कुमार, तनु नागरे, संजीव कुमार संजू ने अपने विचार रखे। परिचर्चा का संचालन सुबह की धूप पत्रिका के संपादक शिव शंकर प्रसाद ने पत्रकारिता के विभिन्न आयामों को प्रस्तुत करते हुए किया। धन्यवाद प्रेषित करते हुए इप्टा के जिला सचिव रवि शंकर ने किया। उन्होंने पत्रकारिता से जुड़े राजा राममोहन राय, भारतेंदु हरिश्चंद्र, भगत सिंह, प्रेमचंद, महात्मा गांधी, गौरी लंकेश, रामेश्वरम, सुरेंद्र सिंह रूबी के संघर्षों को याद करते हुए सेल्यूट किया। साथ ही 31 मई को लेखन कार्यशाला कार्यक्रम की घोषणा भी किया।



**डालटनगंज से प्रकाशित राष्ट्रीय नवीन मेल राज्य में पत्रकारिता को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है : केडी सिंह**

# निजी विद्यालयों की सरकारी मान्यता के आवेदन की तिथि बढ़ी

## विद्यालय के संचालक अब कर सकेंगे 20जून तक विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

निजी विद्यालयों की सरकारी मान्यता को लेकर डीएसई आकाश कुमार के द्वारा बुधवार को तिथि बढ़ा दिया गया है। विद्यालय के संचालक अब 20 जून तक उनके विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे । पत्रांक 414 दिनांक 29/5/2024 के माध्यम जारी डीएसई के पत्र में कहा गया है कि पूर्व से यू डाइस कोड प्राप्त किए और पूर्व से सरकारी मान्यता लिए विद्यालयों के साथ-साथ अब तक स्वतंत्र रूप से संचालित होते आ रहे सभी तरह के निजी विद्यालय 20 जून तक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर दें । साथ ही उसका हार्ड कॉपी अंतिम तिथि के अगले दिन 21 मई तक कार्यालय कक्ष में जमा करना सुनिश्चित करें

ऐसा नहीं करने वाले पूर्व से यू डायस कोड प्राप्त किए सभी विद्यालयों के नाम आवंटित यू डायस कोड रद्द करने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी ।



विदित हो कि इससे पूर्व भी उसी निदेशों के तहत डीएसई के द्वारा निजी विद्यालयों की सरकारी मान्यता को लेकर 2 मई को पत्र जारी किया गया था । जिसमें उन्हें 15 मई तक विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेद करने और 25 मई तक कार्यालय कक्ष में उसका हार्ड कॉपी जमा करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन निर्धारित तिथि की समाप्ति तक अधिकांश विद्यालयों के द्वारा न तो उनके वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया गया और न ही उनके कार्यालय कक्ष में उसका हार्ड कॉपी ही जमा करने का काम किया गया था ।नए निजी विद्यालय तो नए निजी विद्यालय लेकिन पूर्व से यू डाइस कोड प्राप्त किए विद्यालय के साथ-साथ सरकारी मान्यता लिए निजी विद्यालयों के द्वारा भी डीएसई के पहली चिट्ठी के आलोक में ऑनलाइन आवेदन नहीं करना कई सवालों को जन्म देने लगा है ।

### सड़क-नालियों का हो रहा अतिक्रमण

**गढ़वा।** गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र में नालियों का नियमित सफाई नहीं हो रही है वहीं कई इलाकों में नालियों का अतिक्रमण के कारण नाली पूरी तरह से खत्म हो गई है। ऐसे में हल्के बारिश होने पर सड़क पर पानी का जल जमा हो जाता है। सबसे ज्यादा जल जमाव की समस्या कचहरी से लेकर चिनिया मोड तक है । कचहरी से लेकर चिड़िया मोड़ तक एक तरफ नाली पर पूरी तरह से अतिक्रमण कर दिया गया है। इस कारण बारिश होने पर अलग-अलग जगह पर जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है । फॉरेस्ट कॉलोनी के सामने और सदर अस्पताल के गेट के पास प्रत्येक वर्ष जल जमाव की समस्या रहती है। क्योंकि नगर परिषद की ओर से आज तक इस इलाके के नाली का सफाई कभी भी नहीं किया गया है वही चिनिया रोड स्थित शिव मंदिर के समीप प्रत्येक वर्ष भारी जल जमा होता है।

## एक नजर

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**केतार।** गुरूवार की सुबह थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल ने ताली गांव के पंडा नदी से अवैध बालू का उठाव कर एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। उक्त ट्रैक्टर ताली गांव का बताया जा रहा है। पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा। उक्त ट्रैक्टर पर कार्रवाई के लिए अंचलाधिकारी सावित्री कुमारी ने खनन विभाग को पत्रचार किया है। गौरतलब है की प्रखंड के पंडा नदी और सोन नदी से बड़े पैमाने पर माफियाओं द्वारा अवैध बालू का उठाव कर भवनाथपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में उच्ची कीमतों पर बिक्री की जाती है।

### टेंपो पलटने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**गढ़वा।** गढ़वा नगर ऊंटरी बिशनपुरा मार्ग पर गुरुवार को प्रतिहारी गांव के पास टेंपो पलटने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति कांडी थाना क्षेत्र के गोशांग गांव निवासी डोमन प्रजापति का पुत्र विजय प्रजापति बताया गया है। उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि विजय प्रजापति नौकरी करके अपना घर वापस आ रहा था। इसी दौरान नगर ऊंटरी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरा था। इसी दौरान नगर उतरी से टेंपो पर चार लोग सवार होकर बिशनपुर की ओर आ रहे थे। इसी क्रम में तेज गति से टेंपो होने के कारण अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में टेंपो पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । घटना के बाद आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस के मदद से दो लोगों को नगर उतरी अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया जबकि विजय प्रजापति को गंभीर स्थिति में गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## नई सड़क के बीचों-बीच बना गढ्ढा, रहागीर परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

एनएच 75 सड़क मेराल से डंडई होते अंबाखोरेया तक बन रहे काली करण पथ निर्माण में बाना एवं गोंदा सिवाना के पीपरहवा टोला के पास सड़क टूट जाने से एक बड़ा सा गड्ढा बन गया है। लगभग एक सौ चालीस करोड़ रुपए की लागत से गुणवत्ता युक्त सड़क निर्माण होने के बावजूद सड़क में इतना बड़ा गड्ढा बन जाना जानलेवा साबित हो रहा है। इस सड़क पर हजारों की संख्या में जिले के अनेकों गांव सहित छत्तीसगढ़ राज्य से लोग अनवरत दिन रात दो पहिया, चार पहिया तथा भारी वाहनों के साथ चलते हैं। सड़क में दूरी से यह बड़ा गड्ढा नहीं दिखाई देने के कारण आए दिन कई मोटरसाइकिल सवार लोग गिर जा रहे हैं नए सड़क में गड्ढा बन जाने के संबंध में पूछने पर सड़क निर्माण कार्य के प्रोजेक्ट मैनेजर संजु समल ने बताया कि पीएचइडी विभाग के पानी आपूर्ति करने के लिए एलएन्टी कंपनी द्वारा पनघटवा से मेराल होते गढ़वा तक पाइप बिछाया गया है। कंपनी द्वारा पानी आपूर्ति की जांच के लिए जब भी पानी छोड़ा जाता है। पाइप लाइन में लिकेज होने तथा कम गहराई में पाइप लगाए जाने के कारण जहां जहां सड़क के नीचे पाइप बिछाया गया है । उक्त स्थल पर नीचे से पाइप के प्रेसर से पानी लिकेज होने के कारण सड़क धंस कर गड्ढा बन जा रहा है। जिस कारण इतना गुणवत्ता युक्त सड़क निर्माण कार्य कराये जाने के बावजूद भी सड़क खराब हो रहा है पाइप लाइन कंपनी द्वारा बार-बार सड़क को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

## तस्करों से मुक्त कराए गए 24 पशु

### दो तस्कर को भेजा गया जेल





**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

गुरुवार को पुलिस ने तस्करी के लिए ले जा रहे 24 गायों को कबिसा ग्राम से जब्त किया,पशुओं के साथ चल रहे । दो लोगो को हिरासत में लेकर इस सम्बन्ध में पूछ-ताछ किया जिनमे बंशीधर नगर के कधवन गांव निवासी अली हुसैन अंसारी एवं नरेश भुइंया के द्वारा कोई भी उचित जबाब और सम्बंधित कागजात नहीं दिखा पाने के कारण पुलिस हिरासत लेते हुए गढ़वा कारागार भेज दिया गया। इस बात की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी असफाक आलम बतायें कि रेलवे लाईन मार्ग से गढ़वा की तरफ पशु तस्करों द्वारा मवेशी ले जाने की गुप्त सूचना मिली थी, जिसकी सत्यापन हेतु तत्काल सूचित स्थल के लिए निकला, और कविसा ग्राम के रेलवे लाईन से पशु तस्करों को 24 पशुओं को जब्त किया गया और पशु तस्कर अली हुसैन अंसारी एवं नरेश भुइंया को हिरासत में लिया गया। आवश्यक कानूनी कारवाई के बाद उक्त दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। भिष्ण गर्मी को देखते हुये जब्त मवशियों को ग्रामीणों में वितरण कर दिया गया, ताकी गर्मी और भूख से किसी भी मवेशी को छती न हो।

### मरीजों के बीच किया गया फूड बास्केट का वितरण

## मरीजों के बीच आगे भी फूड बास्केट का वितरण किया जाएगा : डॉ सुचित्रा कुमारी



**नवीन मेल संवाददाताइ। श्री बंशीधर नगर/गढ़वा**

अनुमंडलीय अस्पताल में गुरुवार को यक्ष्मा से पीड़ित 31 मरीजों के बीच फूड बास्केट का वितरण किया गया इस अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने कहा कि यक्ष्मा से पीड़ित वैसे मरीज जिनका इलाज चल रहा है या ठीक हो चुके हैं, उनके बीच फूड बास्केट का वितरण किया जा रहा है उन्होंने कहा कि समय समय पर वैसे मरीजो के बीच आगे भी फूड बास्केट का वितरण किया जायेगा उन्होंने सभी मरीजों को स्वास्थ्य सबंधी उचित दिशा निर्देश भी दिया।

:-जिन यक्ष्मा पीड़ित मरीजों को फूड बास्केट दिया गया उनमे अमेरिका उरांव,विकास यादव,विफनी देवी,चन्दा कुमारी,गौरी देवी,दानी राम,चांदनी देवी,अर्चना देवी,नीतीश कुमार, सुरेश उरांव,सूरज उरांव,धर्मा उरांव,उषा देवी,उमेश उरांव,वसीम अंसारी, योगेंद्र उरांव,सुनैना देवी,नागेंद्र वियार, सुरेंद्र सिंह,महेश कुमार राम,संजय वियार,मंजीत भुइयां,संजय वियार,संतोष चंद्रवंशी, रिपु सिंह,सुखदेव सिंह,पिंटू भुइयां,बीरबल साह,कंचन देवी,मान देव यादव तथा किरण कुमारी के नाम शामिल है।मौके पर डॉ गोकुल प्रसाद,डॉ निशा कुमारी,डॉ अपराजिता,डॉ संतोष कुमार,डॉ कैसर आलम,नागेश्वर प्रसाद सिंह,कार्यालय सहायक राजेश कुमार सिन्हा,विपेश राज तमांग,सुनील कुमार,करुणा कुमारी,ममता कुमारी,किरण कुमारी,सीएचओ सोनम कुमारी,अजय यादव,नवीन कुमार,अविनाश प्रियदर्शी,अभय कुमार यादव,प्रियंका प्रियम,बंटी धनकड़,दिनेश कुमार मीणा,एमपीडब्ल्यू अशफाक अहमद,अजय कुमार,चंद्रपति सिंह,नंदकुमार गुप्ता,दिलीप कुमार,अजय कुमार,देव कुमार,संजय कुमार यादव,कुणाल कुमार,अनूप कुमार ,प्रशांत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## लोगों को पहली किस्त की राशि दी गई है, वे सभी प्लिंथ स्तर का कार्य शीघ्र पूरा करें : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

प्रखंड कार्यालय गढ़वा के सभागार में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्र की अध्यक्षता में प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक संपन्न की गई। इसमें मुख्य रूप से अबुआ आवास एवं मनरेगा से संबंधित समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा अबूआ आवास योजना की समीक्षा की गई। इसके अंतर्गत जिन लोगों को पहली किस्त की राशि दी गई है, उन सभी को प्लिंथ (फाउंडेशन) स्तर का कार्य शीघ्र पूरा कराने का निदेश पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक को दिया गया तथा संबंधित पंचायत बीके मुखियागणों को भी इस कार्य में सहयोग करने के लिए निदेशित किया गया, ताकि उक्त लेवल तक कार्य जल्दी पूर्ण हो। ऐसे लाभुकों को फाउंडेशन लेवल तक का कार्य करने के उपरांत ही दूसरे किस्त की राशि उनके खाते में हस्तांतरित किये जाने की बात कही गई। वहीं मनरेगा की समीक्षा के दौरान जिन कुओं की खुदाई कार्य शुरू हो गई है, उसे 30 जून तक हर हाल में पूर्ण करने का निदेश दिया गया। उन्होंने सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं मनरेगा कर्मियों को निदेशित किया कि मनरेगा की योजनाओं को बरसात शुरू होने से पहले पूर्ण करना सुनिश्चित करें एवं अधिक से अधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध करायें। उनमे द्वारा द्वारा सभी मुखिया को 15वें वित्त आयोग की राशि से सभी चापाकल की मरम्मति तथा जलमीनारों को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी, कुमार नरेंद्र नारायण, सीमा कुमारी समेत रोजगार सेवक उपस्थित थें।

### बाइक दुर्घटना में महिला हुई घायल

**चिनिया।** चिनिया थाना क्षेत्र के मसरा गांव के मुरटंगी टोले के पास बाइक दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि घायल महिला बिगनी देवी पति राम अवतार चौधरी खुरी गांव निवासी थी। जो अपने बेटी के ससुराल से अपने घर खुरी गांव जा रही थी। चिनिया रणपुरा पथ के मुरटंगी टोले के पास एक गाय तथा ट्रैक्टर से साइड लेने में बाईक चालक असंतुलित होकर गिर गए। जिसमे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर घायल महिला को एंबुलेंस से गढ़वा भेज दी गई है वहीं घटना की जानकारी मिलने पर गांव के सैकडों को लोग मौके पर पहुंच गए।

## इलाज के दौरान हुई एक कैदी की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा सदर अस्पताल में गुरुवार को इलाज के दौरान जेल में बंद एक कैदी की मौत हो गई। मृतक नगर उटारी थाना क्षेत्र के चेचरिया गांव निवासी स्वर्गीय रामनाथ साव का पुत्र अखिलेश कुमार 34 वर्ष बताया गया है। घटना के संबंध में अखिलेश कुमार की पत्नी गीता देवी ने जेल प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अखिलेश कुमार की मौत जेल प्रशासन के लापरवाही के कारण हुआ है। उसका समुचित इलाज नहीं कराया गया यदि उसे समुचित इलाज कराया जाता तो उसकी मौत नहीं होती। गीता देवी ने कहा कि जेल जाने से पूर्व उसे किसी प्रकार के कोई बीमारी नहीं थी। गीता देवी ने आरोप लगाते हुए कहा कि जेल में ही अखिलेश कुमार की मौत हो गया था। इसके बाद जेल प्रशासन के द्वारा उसे गढ़वा सदस्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान उसे कोई सूचना नहीं दिया गया उसकी मृत्यु होने के बाद 8 बजे उसे जेल प्रशासन के द्वारा इसकी खबर दी गई उन्होंने बताया कि इससे पूर्व जनवरी 2024 को अखिलेश कुमार को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसे समय उसे टीवी के बीमारी बताया गया था एक महीने तक उसका इलाज चलते रहा । इस दौरान परिजनों द्वारा उसे कहा गया कि उसे बेहतर इलाज के लिए बाहर ले जाकर उसका इलाज समुचित कराया जाए। लेकिन जेल प्रशासन के द्वारा उसे बाहर नहीं ले जाने दिया गया सदर अस्पताल से भी उसे एक महीने में ही अंदर भेज दिया गया। गीता देवी ने बताया कि अखिलेश कुमार को 6 महीने तक गढ़वा सदर अस्पताल में रखकर उसका टीवी का इलाज होनी चाहिए था। लेकिन जेल प्रशासन द्वारा ऐसा नहीं किया गया उन्होंने बताया कि 10 जून को अखिलेश कुमार का बेल होने वाला था। यह बाद पुलिस प्रशासन को मालूम था। इसके बाद यह लोग जेलमें हत्या कर दिया है परिजनों के द्वारा गढ़वा सदर अस्पताल से अखिलेश कुमार का शव को अंत्य परीक्षण करने से मना कर दिया परिजनों का कहना था कि जब तक जेल प्रशासन पर प्राथमिक की दर्ज नहीं होगी तब तक उसका अंत परीक्षण नहीं कराएगा।

## शुरू हुई जंगलों में तेंदूपत्ते की तुड़ाई



**नीवन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

गर्मी का मौसम आते ही प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षित वन क्षेत्र के जंगलों में तेंदू पत्ता की तुड़ाई शुरू हो जाती है। तेंदु पत्ता तुड़ाई का कार्य गरीब परिवार के लिए बहुत ही अच्छा रोजगार है, इसमें ग्रामीण को अच्छी खासी कमाई हो जाती हैं। तेंदूपत्ता की तुड़ाई 10 से 15 दिन तक चलता है, जिसमें प्रखंड के सैकड़ो महिला पुरुष मजदूर को रोजगार भी उपलब्ध हो जाता है। गौरतलब हो कि मई महीने की शुरूआत से ही तेंदू पत्ता की तुड़ाई के लिए ग्रामीण सुरक्षित जंगलों से सक्रिय हो जाते हैं, और इस तेंदू पत्ता की तुड़ाई के लिए ग्रामीण क्षेत्र में पूरा परिवार जुटता है, खासकर तेंदुपत्ता आदिवासियों को सबसे ज्यादा रोजगार और आर्थिक रूप से सक्षम बनाता है। तेंदू पत्ता से होने वाला आमदनी सोने चांदी के व्यापार से होने वाला आमदनी के बराबर होती है, यही वजह है, कि इस तेंदू पत्ता को हरा सोना भी कहते हैं। पुरुष की तुलना में महिलाएं ही इस कार्य में ज्यादा दिलचस्पी रखते हैं, महिलाएं तेंदू पत्ता तुड़ाई में समय भी कम लेती हैं, और पत्ते भी ज्यादा तोड़ती हैं, जिस घर में अधिक महिलाएं होती है, वे और भी ज्यादा पत्ते तोड़ लती हैं। सुबह होते ही परिवार के बड़े सदस्य जहां तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल की ओर निकल जाते हैं, वही परिवार के अन्य सदस्य पत्तों को गडी बनाने में लग जाते है। ज्ञात हो कि इस तेंदूपत्ते से बीड़ी तैयार की जाती है, सबसे पहले इन पत्तों को जंगल से तोड़कर लाया जाता है इसके बाद पत्तों को पोला बनाकर गडी के सामान तैयार कर सुखाया जाता है इसकी मांग देश के कई हिस्सों में होती हैं। मजदूरो ने कहा कि 10-15 दिनों तक मिल जाता है, रोजगार इस कार्य में लगे मजदूरो ने बताया कि 10 से 15 दिन तक रोजगार मिल जाता है, और एक आदमी का 5 से 10 हजार तक आमदनी होता है। उन्होंने बताया कि सुबह-सुबह जंगल चले जाते हैं, और दोपहर होते ही घर वापस आ जाते हैं, और फिर पूरा परिवार खाना खाकर पोला बनाकर तैयार करते हैं। शाम को ठेकेदार द्वारा खोले गए खलिहान में बेच आते हैं। जिससे हम लोग का बरसात का खर्च भी आ जाता है।

### वन विभाग के माध्यम से निकलती है निविदा

तेंदूपत्ता का तुड़ाई के लिए वन निगम निविदा निकालती है। बड़े-बड़े ठेकेदार निविदा डालते हैं, टेंडर फाईनल होने के बाद ठेकेदार द्वारा संबंधित वन क्षेत्र के एरिया में जंगलों से पत्ते की तुड़ाई मजदूरों के द्वारा कराई जाती हैं, जिससे मजदूरों को रोजगार तो मिलता ही है, साथ ही साथ सरकार को भी राजस्व प्राप्त होता है।

## न्यूज बॉक्स

### पांच दिवसीय कराटे एवं किक बॉक्सिंग प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



**गढ़वा।** दिनांक 26 मई 2024 से दिनांक 30 मई 2024 तक हनुमान नगर छठ घाट कराटे प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किकबॉक्सिंग के प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अवर निरीक्षक गढ़वा अनमोल तिवारी ने प्रशिक्षु को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दिए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद नगर परिषद प्रतिनिधि सह गढ़वा जिला कराटे संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा खिलाड़ियों को बहुत जल्द स्टेडियम में एक सुरक्षित हाल उपलब्ध करा दिया जाएगा एवं खेल प्रतिनिधि सह किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष ने कहा खिलाड़ियों को जो भी खेल सामग्री चाहिए उन्हें बहुत जल्द मुहैया करा दिया जाएगा। सविता कुमारी, झूलन कुमारी, प्रकृति आनंद देव ,ओम आनंद देव ,कृष्णानंद देव ,रूपा कुमारी, काजल तूफान, सुप्रिया कुमारी, समीर चौबे ,देवराज सिंह ,शाहीन परवीन, अनमोल कुमार ,अनन्या कुमारी ,आदित्य पांडे ,अनुराज पांडे ,नंदनी कुमारी, हर्ष कुमार सुरुचि कुमारी ,अमर कुमार, राजकुमार, देवराज सिंह, आरूषी कुमारी, स्नेहा कुमारी, अश्विनी, चौबे ,जय एंजेल, सचिन किसपोटा, आराधना कुमारी,अक्षय कुमार, श्रुति कुमारी, पुण्य प्रसून ,आदित्य रंजन आदि के नाम शामिल है। मौके पर उपस्थित गढ़वा जिला बॉक्सिंग संघ सचिव रामप्रवेश तिवारी, गढ़वा जिला साइकलिंग संघ सचिव अरविंद दुबे, गढ़वा जिला किकबॉक्सिंग संघ उपाध्यक्ष प्रभात तिवारी, रामनाथ रावत गुड्डू सोनी कमलेश साहू सुशील कुमार अजय कुमार पुष्प रंजन विनय पाल प्रेम दीवाना रवि कुमार किरण पांडे शांति देवी पिंकी देवी सनोज कुमार दीपक कुमार सुनील कुमार आदि उपस्थित थें।

### घर में आग लगने से हुआ लाखों को नुकसान



**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के बलिगढ़ पंचायत के चेचरिया गांव निवासी कामेश्वर चेरो का मिट्टी का खपरैल घर में गुरुवार को आग लग गई। इस आगलगी की घटना में उनका मिट्टी का दो कमरा जलकर राख हो गया। कामेश्वर चेरो ने बताया की दोपहर में हम लोग सभी परिवार सो रहे थे।इसी बीच घर में आग लग गई। इसमें मवेशियों का चारा, कपड़ा,बिछावन सहित राशन जलकर राख हो गया है। ग्रामीणों ने मोटर पंप के सहारे आग पर पानी डालकर बिताया।

### बे-रोकटोक हो रही है लाभुकों के आहार में कौटती

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्रों में प्रति किलो 100 ग्राम कटौती कर लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण करना जन वितरण दुकानदारों के लिए आम बात हो गई है ।वर्षों की उनकी पुरानी परंपरा आज भी डंडाई पंचायत में प्रभावी है ।बे रोकटेक उनके द्वारा लाभुकों के आहार में प्रति किलो 100 ग्राम की कटौती कर ली जाती है । इस ओर न तो पदाधिकारीयों की नजर उठती है और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों की । यहां तक की कई ऐसे जनप्रतिनिधि हैं जो अप्रत्यक्ष रूप से उनके समर्थन में भी खड़े हो जाते हैं । नतीजन शिकायत के बाद भी लाभुकों को न्याय नहीं मिल पाता है । डंडाई पंचायत के लाभुकों की ओर से खाद्यान्न कटौती को लेकर किए गए शिकायत इसका एक जीता जागता उदाहरण है । लाभुकों के द्वारा मामले को लेकर एम ओ को आवेदन दिए 10 से भी अधिक दिन का समय बीत गया लेकिन अभी तक उसका परिणाम उन्हें नहीं मिल सका । बताया जाता है कि शोकॉज के बाद उनका मामला अब जांच प्रक्रिया में चला गया है । यहां देखना दिलचस्प होगा कि जांच कताओं के द्वारा लाभुकों की शिकायत को किस तरह से जांच करने का काम किया जाता है । अंचल के प्रधान लिपिक नुमान अंसारी के अनुसार मामले के जांच की जिम्मेवारी प्रखंड प्रमुख और अंचल निरीक्षक को दी गई है ।विदित हो कि इससे पूर्व डंडाई पंचायत के लाभुकों के द्वारा खाद्यान्न कटौती का आरोप लगा डीलर के खिलाफ एम ओ के पास लिखित शिकायत करने का काम किया गया था। साथ ही उसकी प्रतिलिपि उनके द्वारा डीएसओ गढ़वा को भी देने का काम किया गया था ।

### तीन माह से चापाकल खराब, पीने के पानी के लिए हो रही परेशानी



**खरौंधी(गढ़वा)।** कूपा पंचायत के चौरिया गावँ के शिवाजीनगर के समीप पिछले तीन माह से चापाकल खराब है। पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीण धनवंत गुप्ता,कैलाश साह,जयराम गुप्ता,संतोष पटेल,विद्या चौधरी,रविंद्र सिंह, गणेशी साह ने बताया घर के पास लगा सरकारी चापाकल से हमलोग पानी पीते थे। लेकिन पिछले तीन माह से उक्त चापाकल खराब है। चापाकल को बनवाने के लिए मुखिया, पंचायत सचिव तथा अन्य पदाधिकारी से बोले किसी ने चापाकल बनवाने का काम नहीं किया। जबकि गांव में ही कई खराब चापाकल को मुखिया ने बनाया है। इसे बनवाने में रुचि नहीं लिया। चापाकल नही बनने से पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।ग्रामीणों ने पदाधिकारियों से तत्काल चापाकल बनवाते हुए पानी उपलब्ध कराने की मांग की है।

### लोस चुनाव 2024 की मतगणना को लेकर उपायुक्त ने की अभ्यर्थियों के साथ बैठक, कहा

# मतगणना परिसर में बिना पहचान पत्र के प्रवेश वर्जित रहेगा

**अगर किसी भी परिस्थिति में नामित मतगणना एजेंट को हटाना है तो फॉर्म 19 भरकर जमा करेंगे, फॉर्म 18 जमा करने का कार्य 01 जून 2024 को संध्या 05:00 बजे तक करा लिया जाए**

**गणन अभिकर्ता मतगणना परिसर में पेंसिल, पेपर, पेपर पैड के अलावे अन्य कोई सामग्री नहीं ले जा सकते हैं**



अभ्यर्थियों के साथ बैठक करते डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतगणना को लेकर 4 चतरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी अभ्यर्थी व प्रतिनिधि के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकताओं को मतगणना संबंधित चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देश की जानकारी देते हुए कहा संबंधित मतगणना एजेंट का फार्म 18 भरवाकर जमा कर दें। जिससे उनका पहचान पत्र ससमय बनाया जा सके। अगर किन्ही के पास पहचान पत्र नहीं पाया जाता है, उस स्थिति में उन्हे मतगणना केन्द्र में प्रवेश नहीं दी जाएगी और जिस टेबल के लिए पहचान पत्र निर्गत किया जाएगा वह पहचान पत्र उसी मतगणना टेबल के लिए मान्य होगा। इसके अलावे उन्होने कहा अगर किसी भी परिस्थिति में नामित मतगणना एजेंट को हटाना है तो फार्म 19 भरकर जमा करेंगे। फार्म 18 जमा करने का कार्य 01 जून 2024 को संध्या 05:00 बजे तक करा लिया जाय। वहीं उन्होने कहा कि गणन अभिकताओं को मतगणना परिसर में पेन्सिल, पेपर, पेपर पैड के अलावे अन्य कोई सामग्री नहीं ले जा सकते है। चतरा कॉलेज चतरा में प्रातः 08:00 बजे से मतगणना कार्य प्रारंभ होगा, इससे पूर्व सभी ससमय उपस्थित रहेंगे। साथ ही बैठक में उपायुक्त ने उपस्थित प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों से मतगणना से संबंधित समस्याओं को भी साझा करने के लिए आमंत्रित किया। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी शकील अहमद समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## बृहद जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य ठप



बृहद जलापूर्ति योजना का अर्धनिर्मित जलमीनार।

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
एक और जहां प्रखंड में पुरानी शहरी जलापूर्ति योजना बीते 10वर्षो से बंद पड़ा हुआ है।जिसे देखते हुए पेयजल समस्या से जूझ लोगो को राहत देने के लिए महत्वाकांक्षी बहुप्रतीक्षित लगभग 49करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली बृहद जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य का डेढ़ वर्ष पूर्व स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह द्वारा मंगरा कोयल नदी किनारे आधारशिला रखी थी। इस योजना से कोयल नदी से जल उठाकर पाइप लाइन बिछाकर प्रखंड मुख्यालय में शहरी क्षेत्रों के आलावा खुरा, लंका,मंगरा, बभनडीह सहित अन्य क्षेत्रों में पेयजल समस्या से जूझ रहे लोगो को जलापूर्ति शुरू कर बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने की योजना थी.इस योजना से 2025 वित्तीय वर्ष तक सभी क्षेत्रों में जलापूर्ति शुरू करने की योजना प्रस्तावित है।लेकिन लगभग तीन माह से इस योजना में काम बंद पड़ा हुआ है जबकि वर्तमान समय में कोयल नदी का जल सूखने के कारण योजना स्थल में काम और भी तीव्र गति से होना चाहिए था। वर्तमान में संबंधित संवेदक द्वारा जलापूर्ति हेतु मात्र 20फीसदी ही काम करवाया गया है।धीमी गति से हो रहे जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य के कारण समय पर लोगो के घरों में जल पहुंचना मुश्किल भरा काम प्रतीत हो रहा है। जबकि विभाग द्वारा क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने के लिए पर्याप्त मात्रा पाइप भी उपलब्ध करा दिया गया है। बृहद जलापूर्ति योजना का कार्य काफी धीमी गति से होने के कारण पेयजल समस्या से जूझ रहे प्रखंड के लोगों में व्यापक आक्रोश है।इस संबंध में निर्माण कार्य बाधित होनेके संबंधित संवेदक का पक्ष प्राप्त नही हो सका।

वही इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत कुमार पांडे ने बताया कि अबतक कराए गए निर्माण कार्य का राशि भुगतान नहीं होने के कारण निर्माण कार्य बाधित है। जल्द ही निर्माण कार्य का राशि भुगतान होने के बाद संवेदक द्वारा निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा जिससे ससमय इस योजना को पूर्ण किया जा सके।

## एक नजर

### 9 दिनों से लापता पत्नी के लिए पति ने लगाई मदद की गुहार



**चंदवा।** थाना क्षेत्र के चकला पंचायत के पडुआ गांव निवासी बबलू लोहरा की पत्नी पिंकी देवी (27) वर्ष पिछले 22 मई से लापता है। बबलू लोहरा ने बताया कि मेरी पत्नी बीते बुधवार 22 मई की शाम 5 बजे से लापता हो गई है। हम लोगों ने अपने सारे रिश्तेदारों और परिचितों के पास काफी खोज बिन की मगर अभी तक मेरी पत्नी का कोई सुराग नहीं मिला है। मेरे 2 छोटे-छोटे बच्चे हैं जो रो-रो कर अपनी माँ को खोज रहे है। इस मामले को लेकर बबलू लोहरा ने चंदवा थाना को लिखित आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है।

### अंशी अगरिया का शव लाया गया लातेहार

**लातेहार।** लातेहार जिला निवासी अंशी अगेरिया की मौत कर्नाटक राज्य के मंगलूरु जिले के बेलटंगडी थाना क्षेत्र में होने की सूचना मिलते ही राज्य व जिला प्रशासन के प्रयास से आज शव को वापस लाया गया है। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने परिवार एवं मैंगलोर पुलीस से बात कर मामले का सत्यापन किया। पुलीस ने आत्महत्या का मामला बताया और मृतक के शव को लेने के लिए परिवार के सदस्यों को थाने में उपस्थित होने को कहा। अतः परिवार के सदस्य को शव को प्राप्त करने हेतु मैंगलोर जाने के लिए हवाई जहाज का टिकट दिनांक 28/05/24 का किया गया। दिनांक 29/05/24 की सुबह मृतक के परिजन मैंगलोर पहुंचे। पुलिस व लोकल एनजीओ के सहयोग से ऋक्षक्रव पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कर के शव को एंबुलेंस से मंगलौर से लेकर बैंगलोर पहुंचे। राज्य व जिला प्रशासन के प्रयास से आज दिनांक 30/05/24 को सुबह 8:30 की हवाई जहाज से बिरसा मुंडा हवाई अड्डा, रांची मृतक का शव लाया गया। फिर रांची से लातेहार लाया गया। मृतक के परिजन का रांची से मैंगलोर आने जाने व शव को लाने का खर्च कल्याण विभाग झारखंड द्वारा दिया गया है।

## जेएसएलपीएस की महिला कार्यकर्ताओं ने बीपीएम पर लगाया अभद्र व्यवहार का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातू**
जेएसएलपीएस के सखी मंडल की महिलाओं ने बीपीएम दीपक कुमार सिंह और सीसी अखिलेश सिंह पर महिला कर्मियों ने अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है. वहीं सखी मंडल का कार्यकर्त्ता खुश्बू कुमारी, सूचिता कुमारी, प्रतिमा, सुनीता, राजमनी, सोहन्ति, सबिता,सकूंती, ललिता, सकुंतला, राजकुमारी सहित दर्जनों जेएसएलपीएस के महिला कर्मियों ने बताया की कोई न कोई कुनस निकाल कर बीपीएम दीपक सिंह व सीसी अखिलेश द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता. हमलोग सभी महिला कार्यकर्त्ता पिछले सात वर्षों से गांव टोले में जाकर ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों को निर्वहन करते हुए महिलाओं को जागरूक कर जेएसएलपीएस में जोड़कर बेहतर कार्य किए हैं. और लगातार कार्य जारी है. डायन, कुप्रथा, शोषण अत्याचार के खिलाफ महिलाओं आंख खोलने की काम किया है.साथ ही जेएसएलपीएस के गाइड लाइन के तहत आंशिक राशि के सहारे घर द्वार परिवार से दूर-दूर जाकर काम करते आ रहे हैं . इसके बावजूद भी महिला कार्यकताओं के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है. तंग आकर एक प्रखंड के महिला कार्यकर्त्ता काम छोड़ने का भी मन बना ली है. काम छोड़ने की बात सुनकर कई महिला कमीयों में चर्चा का माहौल गरम है. उक्त सम्बन्ध को लेकर डीपीएम संतोष कुमार,जिला वित्तिय समावेशन प्रबंधक कुमार कवि, जिला प्रबंधक एसएम आबी राजा आलम के पास शिकायत किए परन्तु कोई असर नहीं दिखा.बारियातू के महिला कार्यकताओं ने जिले के उपायुक्त और सम्बंधित वरिये अधिकारी से बीपीएम व सीसी दोनों को हटाने की मांग कर रहे हैं.ज्ञात हो हो जेएसलपीएस द्वारा कई महिला संगठन बनाकर पूरी मेहनत के साथ विभाग के दिशा निर्देश अनुसार महत्व पूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. हालांकि उक्त सम्बन्ध में बीपीएम दीपक सिंह ने बताया की हम महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार नहीं करते हैं सभी महिलाओ को सम्मान करते हैं.बैठकर समस्या का समाधान कर लिया गया है।

## लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद एक-एक बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण



सौर ऊर्जा से संचालित खराब जलमीनार।

**नवीन मेल संवाददाताा। मयूरहंड(चतरा)**
जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत दिग्ही में पीएचईडी विभाग द्वारा लाखों रुपये खर्च कर शुद्धपेयजल आपूर्ति को लेकर सोलर संचालित जलमीनार अधिष्ठापित की गई है। इसके बाबजूद एक-एक बुंद पानी के लिए ग्रामीण तरस रहे हैं। ग्रामीणो का कहना है कि सोलर संचालित जलमीनार अधिष्ठापित होते देख लगा कि अब शुद्ध पेयजल की परेशानी दुर होगी। पर उत्साह महज छ माह के अंदर ही चिन्ता में बदल गई। स्थिति ऐसी हो गई है कि विभाग से चापानल व सोलर संचालित मोटर बनवाने की मांग आजतक करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि वर्ष 2012-13 में चौदहवीं वित्त योजना अंतर्गत पीएचईडी विभाग के देखरेख में डीप बोरींग के साथ सोलर संचालित मोटर चापानल में लगाया गया था। इसके अलावा ग्रामीणो के घरों तक पानी पहुंचाने के लिए पांच हजार क्षमता वाला जलमीनार अधिष्ठापित किया गया। जो केवल शोभा की वस्तु भर हीं रह गई, आजतक जलमीनार को चापानल से नहीं जोडा जा सका। एक वर्ष के अंदर हीं सोलर संचालित मोटर अपना दम तोड़ दिया है। जिसे बनवाने को लेकर दर्जनो बार ग्रामीणो ने संबंधित विभाग के पदाधिकारी को आग्रह की पर सिर्फ आश्वासन ही मिला। ग्रामीणों ने बताया कि इतना हीं नहीं हेडपंप से किसी तरह हम ग्रामीण पानी भरकर ले जाते थे, उसे भी विभाग के पदाधिकारी खोलकर वर्षो पूर्व ले गए जो आजतक नहीं बन पाया है। ऐसे में इस भीषण गर्मी में भी पेयज की व्यवस्था को लेकर संबंधित विभाग के साथ क्षेत्र के सांसद, विधायक व स्थानिय प्रतिनिधि मौनधारण किए हुए हैं।

**हैंडपंप से किसी तरह हम ग्रामीण पानी भरकर ले जाते थे, उसे भी विभाग के पदाधिकारी खोलकर वर्षो पूर्व ले गए जो आजतक नहीं बन पाया है**

## महुआडांड़ में बिजली की ओवर लोडिंग व लोडशेडिंग से उपभोक्ता परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़ प्रतिनिधि**
महुआडांड़ प्रखंड में पिछले बिजली की ओभर लोडिंग व लोडशेडिंग से बिजली उपभोक्तापरेशान। । भीषण उमस भरी गर्मी से उपभोक्ता परेशान है।इस संबंध में जानकारी लेने के लिए बिजली विभाग के एसडीओ से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई। लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। जिसके बाद लोकल मिस्त्री से संपर्क करने पर बताया गया, की तकनीकी खराबी के कारण बिजली सेवा बाधित है सुधार कार्य किया जा रहा है। शाम तक बिजली दे दी जाएगी। साथ ही बताया कि बिजली की ओभर लोडिंग व लोडशेडिंग उपर से चल रही है। महुआडांड़ प्रखंड में डुमरी होते गुमला रायडीह सबस्टेशन और नेतरहाट भाया घाघरा रूट द्वारा दो तरफ से बिजली आपूर्ति होती है।लेकिन विभाग की लापरवाही से दोनों रूट लाईन में लगे बिजली खंभे काफी जर्जर हो गए है।करीब दस साल से कभी विभाग द्वारा इस दुरूस्त नहीं किया गया है।जिसके कारण अक्सर तेज हवा पानी आने पर बार बार बिजली सप्लाई बाधित हो जाती है।वहीं महुआडांड़ बाजार क्षेत्र सहित शहरी क्षेत्र अंतर्गत खुले नंगे तार और झुलते तार होने के कारण अक्सर हवा आने पर तार गिर जाते है। साथ में पूरे प्रखंड में दस साल से अधिक समय पहले बिजली के खंभे व तार लगाये गए है।जो मरम्मत की अभाव में काफी जर्जर हो चुकी है।जिससे बदलने की अतिआवश्यक है।बताते चले की महुआडांड़ प्रखंड के उपभोक्ता वर्षों से बिजली विभाग की लापरवाही का दंश झेलते आ रहे हैं। प्रखंड में बिजली विभाग के द्वारा किसी स्थायी तौर पर जिम्मेदार पदाधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई है।

## वन विभाग की टीम ने अवैध बीड़ी पत्ता किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
पलामू टाइगर रिजर्वक्षेत्र में अवैध बीड़ी पत्ता कारोबारी पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग द्वारा कार्रवाई जारी है। इसी बीच डी एफ ओ के गुप्त सूचना के आधार पर छिपादोहर वन विभाग के प्रभारी वनपाल दिलीप कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को पीटीआर वन क्षेत्र के हेहेगड़ा के जंगलों में टूट रहे अवैध बीड़ी पत्ता के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया।छापामारी अभियान में हेहेगड़ा जलमा नदी के पास से वन विभाग की टीम को 8 बोरा अवैध बीड़ी पत्ता बरामद किया गया.जिसे वन विभाग द्वारा जप्त कर लिया गया है।वहीं इस संबंध में प्रभारी वनपाल दिलीप कुमार ने बताया की क्षेत्र में अवैध बीड़ी पत्ता कारोबारियों के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा की छापामारी के दौरान जप्त किए बीड़ी पत्ता को छिपादोहर वन विभागपरिसर कार्यालय में रखा गया है. साथ हीवन विभाग जप्त किए गए बीड़ी पत्ता तस्करी में संलिप्त लोगो की जानकारी जुटाई जा रही जिससे शामिल लोगो पर वन अधिनियम के तहत आवश्यक करवाई किया जा सके। छापामारी अभियान में वनरक्षी संजय टोप्पो, अमित प्रसाद, अमर कुमार बड़ाइक समेत कई टेकरगार्ड मौजूद थे।

### डीटीओ सुरेंद्र कुमार ने प्रेस वार्ता कर कहा

## आप सुरक्षित हैं तभी अपने परिवार को सुरक्षित रख पाएंगे



**नवीन मेल संवाददाता**
लातेहार। सड़क दुर्घटनाओं एवं उससे होने वाली मृत्यु के रोकथाम को लेकर बृहस्पतिवार को जिला परिवहन कार्यालय में प्रेस वार्ता किया गया इस दौरान परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आप लोग जानते है की आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही है । कई लोग सड़क दुर्घटना में अपनी जान गवा चुके हैं । सबसे अधिकांश मौत हेलमेट नहीं पहनने के कारण हुई है। जबकि विभाग के द्वारा हेलमेट पहनने को लेकर कई बार वाहन चेकिंग के साथ-साथ जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम भी किया गया है ताकि लोग समझ सके कि हेलमेट उनको कवच की तरह सुरक्षा प्रदान करता है। आगे उन्होंने कहा कि कुछ लोग अपने नाबालिक बच्चों को बिना सोचे समझे गाड़ी दे देते हैं । लेकिन उन्हें पता नहीं है कि उनकी एक गलती से वे अपने परिवार के सदस्य को खो सकते हैं। इसके बावजूद भी वे अपने नाबालिक बच्चों को वाहन दे देते हैं। ऐसे लोगों पर कार्रवाई को लेकर विभाग के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा इस दौरान नाबालिक युवक गाड़ी चलाते पकड़े गये तो उनके साथ-साथ उनके परिजनों के ऊपर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी आगे उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया है कि आप लोग बिना हेलमेट पहन कर वाहन नहीं चलाएं आप सुरक्षित है तभी अपने और अपने परिवार को सुरक्षित रख पाएंगे । इसलिए आप लोगों से अपील करता हूं कि आप लोग अपने नाबालिक बच्चों को वाहन ना दें और आप भी गाड़ी चलाते हो तो हेलमेट पहन कर ही चलाएं । साथ ही साथ दो दिनों से प्रचंड गर्मी पड़ रही है इसलिए आप लोग सुबह 10 बजे के बाद से बिना आवश्यक कार्य के घर से बाहर न निकले । वही प्रेस वार्ता के उपरांत लातेहार जिले के सभी पत्रकारों को हेलमेट दिया गया और कहा गया कि आप लोग भी हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं ताकि आप संव्य नियम का पालन करेंगे तो। तभी दूसरों को भी हेलमेट पहनने को लेकर प्रेरित कर पाएंगे। मौके पर आईपीआरडी पदाधिकारी चंदन कुमार राहुल कुमार पांडे संजय प्रजापति रामकुमार, अमित कुमार, विक्रम कुमार, पंकज गुप्ता, रुपेश अग्रवाल ,योगेश गुप्ता , मनीष सिन्हां, धीरज कुमार चंद्र प्रकाश सिंह मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### अवैध मिट्टी उत्खनन की राजस्व कर्मचारी ने की जांच



**टंडवा(चतरा)।** टंडवा अंचल क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर-कठौतिया रेलवे निर्माण कार्य में लगे संवेदकों द्वारा व्यापक पैमाने पर अवैध मिट्टी उत्खनन की जा रही है। जिससे क्षेत्र की भौगोलिक संरचना बिगड़ रही है तथा सरकार को लाखो रुपए राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। अंचल क्षेत्र के धनगड़ा गांव में निजी व सरकारी भूमि से अवैध मिट्टी का उत्खनन जोरो पर है। इस मामले में धनगड़ा गांव निवासी पनवा देवी ने अंचलाधिकारी विजय कुमार दास से लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। जिसके आलोक में अंचलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को राजस्व कर्मचारी अभय रंजन व अभिषेक कुमार धनगड़ा गांव पहुंच कर स्थल जांच की। जिसमें कई गड़बड़िया पाई। निर्माण एजेंसियों द्वारा बगैर ग्रामीणों की सहमति एवं प्रशासनिक अधिकारियों की अनुमति के मिट्टी उत्खनन होने की बात सही पाई गई। पनवा देवी द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि निर्माण एजेंसी मिलेनियम प्रा. लिमिटेड व सहयोगी कंपनी मानव कंस्ट्रक्शन, इनके अधिकारी व कर्मी गांव में उत्पात मचाए हुए हैं। ग्रामीणों के बगैर सहमति से ही निजी व सरकारी भूमि से मिट्टी उठाव करा रहे हैं। इस मामले में अंचलाधिकारी ने बताया कि शिकायत पर जांच की जा रही है। दोषियों पर कानूनी कारवाई की जाएगी।

### सैकड़ों चमगादडों की मौत,भीषण गर्मी से मौत की आशंका



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड में इन दिनों सैकड़ों चमगादड़ मृत देखे जा रहे हैं। जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि भीषण गर्मी की वजह से सभी चमगादड़ों की मौत हुई है। चंदवा के इंदिरा गांधी चौक स्थित पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में बुधवार रात और गुरुवार सुबह सैकड़ों चमगादड़ों को मृत अवस्था मे पाया गया। गुरुवार को जब स्थानीय ग्रामीणों ने तो देखा कि कुछ चमगादड़ मर चुके थे और वे पेड़ से नीचे गिरे हुए थे। चमगादड़ों की मौत के बाद लोग दहशत में हैं। बताते चले कि इन दिनों प्रखंड में भीषण गर्मी पड़ रही है और तापमान में भी प्रतिदिन तेजी से वृद्धि हो रही है जिस कारण भी चमगादडों की मौत होने का अंदेशा जताया जा रहा है।

### अज्ञात चोरों ने की पिकअप वाहन की चोरी



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य चौक में बैंक ऑफ इंडिया के समीप से बुधवार देर रात पिकअप वाहन की चोरी अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। चोरी गया पिकअप वाहन जय मां कंस्ट्रक्शन के संचालक आशीष कुमार की है। वहीं दूसरी ओर चोरी की दीन प्रतिदिन बढ़ती वारदात से ग्रामीणों के साथ व्यवसाईयों में हड़कंप मच गई है। जबकि पुलिस इस पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है। यहां तक की सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी चोरी तक पहुंचने में कोई काम नहीं आ रहा है। चोरी की घटना की जानकारी गिद्धौर थाना को दी गई है। पुलिस पहुंच मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। बताया जाता है कि पिछले एक सप्ताह में प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र से दो दर्जन मवेशियों के साथ कई चोरी की घटना घट चुकी है।

### ईलाज के आभाव में 40 वर्षीय नरेश भुईयां की हुई मौत

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा प्रखंड अंतर्गत टिकैतबांध निवासी 40 वर्षीय नरेश भुइयां पिता बांधो भुइयां की मौत बीते देर शाम इलाज के आभाव में हो गई। मृतक के भाई राजदेव भुइयां ने बताया कि मेरे भाई को कुछ दिनों से बुखार लग रहा था और पेशाब नही हो रहा था। ईलाज के लिए रानीगंज निजी अस्पताल में ले गए और इलाज के बाद कुछ ठीक हो गया। कुछ दिन बाद फिर तबियत बिगड़ने लगा आनन फानन में चतरा सदर अस्पताल ले गए तो डॉक्टरों ने हजारीबाग रेफर कर दिया। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नही रहने के कारण बाहर लेजाकर इलाज नही करा सके, जिसके कारण मौत हो गई। मृतक के तीन पुत्री व दो पुत्र हैं। जिसमे तीनो पुत्री की शादी हो गई हैं और दो पुत्र अभी बच्चे हैं। मृतक घर का एकलौता कमाऊ व्यक्ति था। वही मृतक नरेश भुइया के दाह संस्कार में पत्रकार सह समाजसेवी संतोष कुमार यादव शामिल हुए और परिजनों से मिलकर संतावना देते हुए सरकारी लाभ दिलाने का भरोसा दिया।

### बरवाटोला में जंगली हाथियों ने 2 घर को किया ध्वस्त हुआ लाखो का नुकसान

**बालूमाथ।** प्रखंड वन क्षेत्र अंतर्गत मरंगलोइया पंचायत के बरवाटोली पन्दनदीपना में बीते रात 2 जंगली हाथियों के झुंड ने 2 घरों को धवस्त कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार सुरेंद्र उरांव अपने घर के बाहर सो रहा था कि देर रात्रि जंगली हांथीयो ने घर पर हमला बोल दिया सुरेंद्र एवं उसके परिवार किसी तरह से जान बचाकर वहां से भाग निकले वहीं जंगली हांथीयो ने सुरेंद्र उरांव पिता बिफा उरांव और बुधनी देवी का घर तोड़ दिया घर पर रखे अनाज को चट कर घर में रखें सामान को तहस-नस कर दिया। जिससे लाखो रुपए का नुकसान हो गया । वहीं घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने घटना स्थल पर पहुंच पीड़ित को न्याय दिलाने की बात कही और वन विभाग के साथ सरकार से मांग किया की नुकसान की उचित मुआवजा पीड़ित को दिया जाए और इस क्षेत्र से हाथियों को भागने का काम किया जाए। ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति काफी रोष देखा गया। मौके पर सुबोध उरांव, चमन उरांव, जागो, देवराज, शंकर प्रकाश अजीत रामकुमार विनय सकेंद्र समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध की घटनास्थल पर हुई दर्दनाक मौत

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत सिसई थाना क्षेत्र के बसिया रोड़ स्थित बायपास फ्लाई ओवर के समक्ष नगर बगान टोली निवासी 65 वर्षीय वृद्ध चतुर्थ तत्वा बीते रात अपने दुकान गुमटी बंद कर रात्रि में अपने स्कूटी में सवार होकर घर जा रहे थे। इसी क्रम में एक विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात अनियंत्रित तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मारकर भागने में सफल रहा, वहीं उक्त घटनास्थल पर चतुर्थ तत्वा को समय पर इलाज उपलब्ध नहीं होने के कारण उक्त घटनास्थल पर ही चतुर्थ तत्वा की दर्दनाक मौत हो गई। सुबह सिसई थाना को उक्त धटना की सूचना दी गई। उक्त सूचना मिलते ही सिसई थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया।

### पेड़ से टकराई बाइक चालक का टूटा पैर

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत बिशुनपुर थाना स्थित क्षेत्र के बड़का दोहर पिकेट के समक्ष गुरुवार को हिसिर पाठ निवासी बुद्धेश्वर खेरवार 25 वर्षीय मोटरसाइकिल चालक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। जिससे उक्त युवक का बाया पैर टूट गया। बताया जाता है कि टक्कर इतना जोरदार था कि पिकेट में संत्री कर रहे सिपाही तक आवाज पहुंची और उनके निर्देश पर अन्य जवानों ने घटनास्थल जाकर घायल बुद्धेश्वर को उठाया और 108 एम्बुलेंस की मदद से बिशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां एसआई बिरूदेव कुमार सिंह की उपस्थिति में चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार उपरांत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर किया गया।

### नकदी सहित लाखों के आभूषण की चोरी

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं (वारदात) में काफी वृद्धि हुई हैं। बीते रात गुमला सदर थाना स्थित बिसकट्ठा मैदान तर्री ग्राम गुमला में किराए में रह रहे। प्रभाकर कुशवाहा अपने घर में ताला लगाकर, अपने ससुराल गये हुए थे। इसी क्रम में अज्ञात चोरों द्वारा रेकी कर तीन लाख का समान लें उड़े और जब वह वापस घर आये तो देखा की घर, गोदरेज अलमारी का लॉकर का ताला टूटा हुआ है और सोने चांदी के आभूषण, जेवर, नगद आदि सामान की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई हैं। उक्त अज्ञात चोरों द्वारा आवास (घर) गोदरेज (अलमारी) का लॉकर तोड़कर, कीमती, सोने चांदी का आभूषण, नगद राशि सहित लगभग तीन लाख रुपया का सामना लें उड़े।

### मेंटेनेंस आदेश का उलंघन करने पर फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सेन्हा-लोहरदगा।** फैमली कोर्ट के आदेश का उलंघन कर लम्बे समय से फरार आरोपी को प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी के निर्देश पर गस्ती दल द्वारा सेरेंगहातु से गिरफ्तार कर मेडिकल जांचोपरांत गुरुवार को भेजा गया न्यायिक हिरासत में। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू निवासी स्वर्गीय बरतु उरांव के 46 वर्षीय पुत्र मनोज उरांव को फैमली कोर्ट के आदेश का उलंधन करने पर गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेजा गया। इस संदर्भ में एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने जानकारी देते हुए कहा कि फैमली कोर्ट कांड संख्या 3/11 दर्ज कर मनोज उरांव के विरुद्ध लोहरदगा न्यायलय में मामला का सुनवाई किया गया था। और न्यायालय द्वारा सुनवाई करते हुए पत्नी को भरने पोषण के लिये महीना में मेंटनेश देने का आदेश जारी किया गया था। उसके बाद से मनोज उरांव फैमली कोर्ट के आदेश का उलंघन करते हुए लम्बे समय से फरार चल रहा था।

# रेस्क्यू कर लकड़बग्घा के दो शिशु को जंगल में छोड़ा



## ग्रामीण आबादी में दो शिशुओं का हुआ था जन्म

## लकड़बग्घा देख ग्रामीण थे भयभीत

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के कुजरा बरवाटोली गांव में गुरुवार को वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर संरक्षित वन प्राणी लकड़बग्घा के दो शिशुओं को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। दरअसल, मादा लकड़बग्घा कुजरा गांव के आबादी वाले क्षेत्र के निकट दो शिशु को जन्म दिया था। शिशु की रक्षा और पोषण के लिए मादा लकड़बग्घा प्रतिदिन शाम ढले आबादी वाले क्षेत्र में आ जाती थी। हिंसक पशु लकड़बग्घा के आबादी वाले क्षेत्र में आने से ग्रामीण भयभीत थे। हिंसक जंगली पशु लकड़बग्घा को आबादी से दूर हटाने के लिए ग्रामीण वन विभाग से लगातार गुहार लगा रहे थे। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग की स्पेशल टीम ने लकड़बग्घा के दो शिशु को रेस्क्यू कर जंगल में सुरक्षित भेज दिया। जिससे, मादा लकड़बग्घा शिशु के लिए ग्रामीण आबादी की ओर नहीं आ सके। इस संदर्भ में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि लकड़बग्घा के शिशु का सफल और सुरक्षित रेस्क्यू वन विभाग की टीम ने पूरा कर लिया है। डीएफओ ने बताया कि, कुजरा के ग्रामीण कुछ दिनों से गांव में लकड़बग्घा के घूमने की शिकायत कर रहे थे। वन विभाग की जांच में पता चला कि, गांव में आने वाले सड़क में बने पुलिया के नीचे मादा लकड़बग्घा ने दो शिशु को जन्म दिया है।

शिशु की देखभाल और पोषण के लिए प्रतिदिन शाम मादा लकड़बग्घा गांव आकर रात में रह रही थी। अहले सुबह वह जंगल भोजन की तलाश में चली जाती थी। लकड़बग्घा सुरक्षित वन प्राणी में है। दो शिशुओं को सुरक्षित जंगल छोड़ दिया गया। वन विभाग की टीम में फॉरेस्टर मुकेश प्रजापति, फोरेस्टर किशोर नंद कुमार, वनकर्मी महावीर, प्रदीप, राम हरि, छेदी समेत अन्य शामिल थे।

समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को चिह्नित करने को लेकर हुई बैठक, बोले डीडीसी

# जिला स्तर पर उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन करें

*चिह्नित 03 से 18 आयु वर्ग के बच्चों का आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें*



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के निदेश के आलोक में गुरुवार को दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, उपविकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष, झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा की अध्यक्षता में समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को चिन्हित करना, उनकी शीघ्र पहचान, हस्तक्षेप, शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के साथ-साथ सभी चिन्हित दिव्यांग बच्चों, जिनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र अध्यवधि तक नहीं बन पाया है, का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु जिले के समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक का आयोजन जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में किया गया। सर्वप्रथम बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा नीलम आईलीन टोप्पो के द्वारा बैठक की जानकारी दी गयी और विषय प्रवेश सभी के सम्मुख रखा गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा, सीता पुष्पा द्वारा बताया गया कि उनके विभाग, राष्ट्रीय बाल सुरक्षा और कल्याण विभाग के साथ-साथ समन्वय स्थापित कर सभी के सहयोग से सर्वेक्षण कार्य सम्पन्न कराया जाएगा। सर्वेक्षण के उपरांत चिन्हित 03 से 18 आयु वर्ग के बच्चों का आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में उनके शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के साथ-साथ सभी दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड भी बनवाने का कार्य किया जाएगा।

झारखंड शिक्षा विभाग के समावेशी प्रभाग प्रभारी अशोक कुमार पांडेय द्वारा समावेशी शिक्षा के विषयगत बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो द्वारा इस संबंध में प्रत्येक माह के बुधवार को दिव्यांगता प्रमाण पत्र कैंप के आयोजन की बात कही गई। उन्होंने यह भी कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की अनुपलब्धता के कारण सभी बच्चों का प्रमाण पत्र नहीं बन पाता है। इस दिशा में विभाग द्वारा प्रयास किया जा रहा है ताकि सभी दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र ससमय बन सके। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने सर्वेक्षण कार्य में जिला समाज कल्याण विभाग के साथ समन्वय के साथ सहयोग करने की बात कही गई। उप विकास आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्वप्रथम जिला स्तर पर एक उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया जाए जिसमें शिक्षा, समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दिव्यांगता के संबंध में व्यापक जानकारी प्रदान की जाए। तत्पश्चात राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग के सभी हितधारकों, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों, प्रखंड साधन सेवी, और संकुल साधन सेवी की सहायता से व्यापक सर्वे की जाए। सर्वे के पश्चात सभी दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्माण हेतु स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मिशन मोड में कार्य कर प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड निर्गत करवाना सुनिश्चित करें। प्रमाण पत्र निर्गत होने के बाद जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा सर्वजन पेंशन योजना एवं अन्य कल्याणकारी योजना से दिव्यांग बच्चों को आच्छादित किया जाए।

जिन बच्चों का प्रमाण पत्र नहीं बन पाता है, उन बच्चों को प्रमाण पत्र बनाने हेतु रांची रेफर करना है ताकि सभी बच्चों का प्रमाण पत्र बन जाए। बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी चिकित्सा, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, अंबुज्य कुमार पांडेय, सभी प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी और प्रखंडों के रिसोर्स शिक्षक और थैरेपिस्ट उपस्थित थे।

## अज्ञात चोर के विरुद्ध बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा।** मोटरसाइकिल चोरी के आरोप पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कारवाई में जुटी पुलिस। सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही नदी के समीप का बताया जा रहा है। चोरी घटना की जानकारी लोहरदगा थाना क्षेत्र के कुटमु नवा टोली निवासी स्वर्गीय बुदु उरांव के 31 वर्षीय पुत्र विन्देश्वर उरांव ने आवेदन के माध्यम से पुलिस को बताया कि 19 मई 2024 को सुबह लगभग 8 बजे कृषि कार्य के लिए बरही नदी के समीप गया था।और अपने अपाची मोटरसाइकिल जे एच 08 जे 4611 को नदी के ऊपर खड़ा कर खेत में काम करने गया था। साथ ही बताया कि उक्त मोटरसाइकिल सावित्री उरांव पति स्वर्गीय शिवशंकर उरांव ग्राम बरही गमहार टोली निवासी के नाम अंकित है। जिसे बताते हुए कहा कि खेत से काम कर अपने खड़ी गाड़ी के पास लगभग 9 बजे पहुंचा और देखा तो खड़ी मोटरसाइकिल गायब था। जिसे इधर उधर गाड़ी कोकाफी छानबीन किया और लोगो से पूछताछ भी किया लेकिन कहीं पता नही चला। बताते हुए अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का थाना प्रभारी से अनुरोध किया है। मोटरसाइकिल चोरी घटना के सम्बंध में प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने बताते हुए कहा कि विंदेश्वर उरांव द्वारा प्राप्त आवेदन को संज्ञान में लेते हुए जांच पड़ताल करते हुए सेन्हा थाना कांड संख्या 39/24 दर्ज कर धारा 379 आईपीसी के तहत अज्ञात चोर के विरुद्ध पुलिसिया कारवाई आरम्भ कर दिया गया है।

## कुडू शिव मंदिर के पीछे बना गड्ढा सवालों के घेरे में

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कुडू-प्रखंड परिसर में बनाया गया गड्ढ़ा कई सवालों को खड़ा कर रहा है। इसके उद्देश्य पर उठ रहे हैं। कुडू प्रखंड परिसर में शिव मंदिर के पीछे बना खुला गड्ढ़ा सवालों के घेरे में है, कहा जाता है कि जल संग्रह की उद्देश्य से बनाये जाने की संभावना लगती है। लेकिन जिस तरह गड्ढ़ा बनाकर छह माह से छोड़ दिया गया है, उस पर सवाल उठने लगे हैं। सर्वप्रथम मंदिर की चाहरदिवारी की सुरक्षा खतरे में हो गयी है। क्योंकि वाटर लौगिंग के कारण मिट्टी कटाव की स्थिति देखी जा सकती है। दुसरी समस्या यह है कि इस प्रकार का गड़ढा कभी भी जानलेवा साबित हो सकता है। बरसात के दिनों में पानी का भराव होने के कारण बच्चे या मवेशी गिरकर फंस सकते हैं। मंदिर होने के कारण परिवार के साथ छोटे बच्चे भी चले आते हैं। किसी भी अप्रिय घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। प्रखंड प्रशासन इस मामले में संज्ञान लें।

## प्रधान जिला जज ने किया मंडल कारा का निरीक्षण, कैदियों की सुनी समस्याएं

*कैदियों के लिए पीने का पानी एवं पंखों के समुचित व्यवस्था पर जोर दिया*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार लोहरदगा जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय ने मंडल कारा, लोहरदगा का निरीक्षण किया। उनके साथ सीजेएम कृष्णकांत मिश्रा एवं डालसा सचिव राजेश कुमार भी उपस्थित थे। पीडीजे ने मंडल कारा में संसीमित बंदियों से बातचीत कर उनके समस्याओं को सुना और कई वार्डो का निरीक्षण भी किया। जेलर सुबोध कुमार ने बताया कि दिनांक 30 मई 2024 की तिथि तक मंडल कारा में कुल 260 कैदी बंद हैं । जिसमें 246 पुरुष कैदी, एवं 14 महिला कैदी हैं । 32 सजायाफ्ता कैदी भी हैं, जिनका 4 जून के बाद होटवार जेल में स्थानांतरण किया जाना है। मंडल कारा में 228 विचाराधीन कैदी हैं । पीडीजे ने बढ़ते हुए गर्मी को देखते हुए पीने का पानी एवं पंखों के समुचित व्यवस्था पर जोर दिया । पीडीजे ने शौचालय, स्नानागार, डिस्पेंसरी आदि जगहों पर स्वच्छता एवं सफाई को सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। साथ ही साथ हाई मास्क लाइट को जल्द से दुरूस्त करने का भी निर्देश दिया । डालसा सचिव ने यह जानकारी दी की एलएडीसीएस के पैनल अधिवक्ता बीच-बीच में मंडल कारा आते रहते हैं और कैदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुलझाते रहते हैं।

3 दिवसीय समर कैंप / विद्यार्थियों को डीसी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया प्रोत्साहित

# नवाचारी गतिविधियों में उत्साह के साथ भाग लें : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला विज्ञान केंद्र में 28 मई से आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप के समापन के अवसर पर आज 30 मई को आयोजित कार्यक्रम में जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें एवं वे बच्चों के साथ गतिविधियों में सम्मिलित हुए एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी नूर आलम खां उपस्थित रहें। कार्यक्रम के पूर्व पौधा देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस तीन दिवसीय समर कैंप में थ्रीडी प्रिंटिंग, रोबोटिक्स आदि सहित विज्ञान से जुड़ी गतिविधियों से बच्चों का ज्ञानवर्धन करते हुए ग्रीष्मावकाश में बच्चों को नई तकनीक से परिचित कराया गया। इस समर कैंप के समापन के अवसर पर उपायुक्त द्वारा सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी 28 प्रतिभागी बच्चों को प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया एवं समर कैंप के दौरान क्विज प्रतियोगिता के उत्कृष्ट बच्चों को मेडल प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए उनके सुनहरे भविष्य की कामना की तथा पढ़ाई के साथ साथ नवाचारी गतिविधियों में उत्साह के साथ भाग लेने की अपील की। मौके पर उनके द्वारा बच्चों को ऑटोग्राफ भी दिया गया तथा बच्चों के द्वारा उपायुक्त महोदय के साथ मिलकर केक कटिंग भी किया गया। श्रींश भारद्वाज नामक छात्र के द्वारा गुगल वॉइस कमांड से चलने वाला रोबोट बनाया गया था जिसके प्रदर्शन पर उपायुक्त बहुत प्रभावित हुए। इस अवसर पर छात्रा अंजनी कुमारी द्वारा उपायुक्त को हस्त निर्मित कलाकृति भेंट दी गई। केंद्रीय विद्यालय की छात्रा आकांक्षा गुप्ता के द्वारा बच्चों के कार्यक्रम को होस्ट किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह तथा डीएमएफटी फेलो अविनाश गौरव सहित साइंस सेंटर से कोऑर्डिनेटर अंकिता, आकांक्षा एवं काजल आदि की भूमिका रही। समर कैंप में निजी तथा सरकारी विद्यालय मिलाकर कुल 28 बच्चों ने भाग लिया । इस कैंप में विभिन्न रोचक गतिविधि, विज्ञान केंद्र के भ्रमण सहित वर्चुअल रिएलिटी से बच्चों ने खूब मनोरंजन किया।

## न्यूज बॉक्स

### चिरैया नाथ भोले शंकर धाम मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार के लिए समिति हुई गठित




**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत सिसई थाना स्थित चिरैया नाथ धाम मुर्गू ग्राम में एक भव्य मंदिर निर्माण के उद्देश्य से मंदिर निर्माण समिति के गठन को लेकर स्थानीय ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक कर, चिरैया नाथ धाम मुर्गू सिसई, मंदिर निर्माण समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया जो इस प्रकार हैं। मुख्य संरक्षक विनोदानंद पाठक, संरक्षक श्रीनाथ गिरी, सह संरक्षण ओमप्रकाश पाठक, अध्यक्ष मदन सिंह, उपाध्यक्ष कमल सिंह और सचिन सरोज सिंह को पदाधिकारी नियुक्त किया गया हैं। चिरैया नाथ धाम भोलेशंकर एक चट्टान पर स्थित हैं, उक्त भोलेनाथ मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार किया जाना हैं और उक्त मंदिर को एक भव्य रूप देना हैं, जिसके लिए समस्त सनातन हिंदू धर्मावलम्बीयों द्वारा तन मन और धन से एक जूट होकर सहयोग करने के लिए लालाइत हैं।

### पेड़-पौधों में रक्षासूत्र बांध ग्रामीणों ने जंगल बचाने का लिया संकल्प



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत आरा ग्राम के ग्रामीणों ने जंगल मे लगे पेड़ पौधों में रक्षासूत्र बांध जंगल को बचाने का संकल्प लिया। गुरुवार को आरा रानीगंज स्थित जंगल में ग्रामीणों द्वारा रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रक्षा बंधन कार्यक्रम के तहत सबसे पहले वन विभाग के पदाधिकारी एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिति में गांव के पाहन पुजार के द्वारा जंगल में वृक्षों की पूजा की गई। उसके उपरान्त उपस्थित सभी ग्रामीणों द्वारा पेड़ पौधों पर रक्षा सूत्र बांधते हुए जंगल बचने का संकल्प लिया गया। वही ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि पेड़ पौधों को बचाना है। बिना वजह का कोई भी व्यक्ति पेड़ पौधा नही काट सकता है, और न ही अन्य किसी को काटने देना है। वही उपवन परिसर पदाधिकारी अनुप शाहदेव द्वारा ग्रामीणों से जंगल बचाने के लिये निवेदन किया गया। साथ ही कहा गया कि कम हो रहे जंगलों तथा पेड़ पौधों से पर्यावरण दूषित हो रहा है। जिसे विभिन्न तरह की बीमारियां फैल रही है। शुद्ध हवा के लिये जीव जंतु पशु पक्षी और मनुष्य व्याकुल हो रहे है। पेड़ पौधा नष्ट होने से पानी भी नही मिल पा रहा है। इस लिये पेड़ पौधे लगाने और जंगल बचने के लिये ग्रामीणों से अनुरोध किया गया।साथ ही पेड़ पौधों की अंधाधुंध कटाई से होने वाली मानव जीवन मे नुकसान की जानकारियां भी दी गई। साथ ही कहा कि बारिश के मौसम में सभी ग्रामीण से कम से कम दो-दो पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया।मौके पर उपवन परिसर पदाधिकारी अनूप शाहदेव वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष सुनील उरांव, राजेंद्र उरांव, सुमीत लकड़ा, ग्राम प्रधान, पाहन पुजार के अलावे आरा व रानीगंज के सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### महिलाओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई प्रखंड में समृद्ध कन्या पब्लिक वेलफेयर ट्रस्ट के बैनर तले सिसई प्रखंड के बोंडों पंचायत ग्राम सुरसा में पंचायत समन्वयक बिरसमुनी देवी के अध्यक्षता में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया। जिसमें संस्था के सचिव सुरेंद्र उरांव ने किशोरियां एवं महिलाओं को स्वास्थ के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि आजकल की किशोरिया फास्ट फूड खाना ज्यादा पसंद करते हैं जिसमें किसी प्रकार का पोषक तत्व नहीं मिलता है और मासिक धर्म के दौरान प्रति माह रक्त का स्त्राव होता है फिर मां बनने के बाद बच्चों का स्तनपान के कारण महिलाएं कमजोर हो जाते हैं जिससे कई तरह की बीमारियां हावी हो जाती हैं।एक वजह यह भी है की मासिक धर्म के दौरान उपयोग होने वाले साधारण प्लास्टिक व रुई से बने सैनिटरी पैड भी है जिसको देखते हुए संस्था की ओर से नारी सुरक्षा मिशन परियोजना के अंतर्गत जेके फ्रीडम जैसे उच्च गुणवत्ता का सेनेटरी पैड किशोरीयां एवं महिलाओं के बीच निःशुल्क वितरण किया गया। जिसमें रूई व प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं किया गया है और केले व एलोवेरा के अर्क से तैयार किया जाता है ताकि मासिक धर्म के दौरान होने वाले परेशानियां व गंभीर बीमारियों से बचाया जा सके। साथ ही अनाथ बच्ची अफरीन परवीन के निधन होने पर उनके दादा मुंताज़िर अंसारीऔर दादी सजीवन खातून को संस्था की ओर से वार्ड सदस्य सुषमा उरांव के हाथों राशन मुहैया किया गया। मौके पर गुमला जिला समन्वयक राजेंद्र राम गोप, सिसई प्रखंड समन्वयक बीराज उरांव व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भरत मिलाप के साथ 7 दिवसीय रामलीला का हुआ समापन



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मेन रोड दुर्गा मंदिर के समीप बगीचा में आयोजित सात दिवसीय रामलीला कार्यक्रम का भरत मिलाप के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन मुखलाल शुक्ला व उनके ग्रुप द्वारा रामलीला के कलाकरों ने भरत मिलाप और राम राज्याभिषेक के साथ रामलीला महोत्सव कार्यक्रम को समाप्त किया गया। वही रामलीला महोत्सव के अंतिम दिन भगवान श्री राम का राज्याभिषेक को दशार्या गया। जिसमे भगवान श्री राम माता सीता के साथ राजगद्दी पर विराजमान हुए। जिसे लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान जी सहित पूरी अयोध्या में खुशियां मनाई गई। वही इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद की प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार साहू, ने रामलीला महोत्सव के संचालक श्री मुखलाल शुक्ला और पूरे ग्राम वासियों का भी आभार जताते हुए कहा कि सभी कलाकारों ने रामलीला कार्यक्रम आयोजित कर सभी का मन को मोह लिया साथ ही कहा कि प्रखंड के सभी पत्रकारों द्वारा जिन्होंने समाचारों के माध्यम से सहयोग किया और आयोजन को सफल बनाया। सभी आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।साथ ही आशा आगे भी एक दूसरे का सहयोग सभी करने के लिये आशा व्यक्त किया। मौके पर अवधेश साहू, अजय साहू, संतोष लहेरी, रवि साहू, कमेश हमतो, उज्वल शुक्ला, अशोक लहेरी, रूपेश साहू,अक्षय साहू, प्रदीप महतो सहित अन्य सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक नजर

### रामकनाली में धूमधाम से मना सीटू का स्थापना दिवस



**धनबाद।** बीसीसीएल की रामकनाली कोलियरी में गुरुवार को सीटू का 55वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीटू के झारखंड राज्य सचिव राजेन्द्र प्रसाद राजा ने की। सर्वप्रथम शहीद मतदूरों को श्रद्धांजलि दी गई। यूनियन नेताओं व कार्यकर्ताओं ने दो मिनट मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वरिष्ठ कोयला मजदूर रामदास भुईयां उर्फ पाण्डेय जी को वरिष्ठ कोयला कर्मी बोधी गोप ने माला पहनाकर सम्मानित किया। नेताओं ने यूनियन की नीतियों व भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत में सभी के बीच मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गईं। मौके पर कंचन महतो, पूर्व मुखिया सुरेश महतो, संजय महतो, सुरेश नोनिया, श्यामल चक्रवर्ती, बोधी गोप, दिलीप बाउरी, प्रदीप महतो, रामदास भुईयां, साजन महतो, मिथुन कुम्हार, फुलचंद कुम्हार, विक्रम महतो, शक्ति महतो, दिनेश कुमार दास आदि मौजूद थे।

### सरिता देवी के नेतृत्व में दर्जनों महिलाएं जदयू में शामिल




**कतरास।** कतरास के श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स के प्रधान कार्यालय में जदयू का मिलन समारोह हुआ। जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह बतौर मुख्य अतिथि शरीक हुए। कार्यक्रम में बाघमारा प्रखंड के उदलबनी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सरिता देवी के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओ ने जदयू का दामन थामा। दीप नारायण सिंह ने उन्हें सदस्यता रसीद देकर पार्टी में शामिल किया और बधाई दी। उन्होंने कहा कि जदयू से बड़ी संख्या में महिलाएं जुड़ रही हैं, जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी। मौके पर जदयू अल्पसंख्यक मोर्चा के धनबाद जिला अध्यक्ष इम्तियाज खान, अनुसुचित जाति प्रकोष्ठ के महासचिव अशोक कुमार दास, सीमा देवी, गणेश चौहान आदि मौजूद थे।

### झील में नहाने के दौरान डूबे युवक का शव बरामद

**तोपचांची।** तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत तोपचांची झील में बुधवार को नहाने के दौरान डूबे युवक का शव एक दिन बाद बरामद हुआ। ग्रामीणों ने गुरुवार की सुबह झील से युवक का शव बाहर निकाला। इसके बाद तोपचांची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया और आगे की जांच पड़ताल में जुट गयी है।

### पिट वाटर की मांग को लेकर ग्रामीणों ने तीन घंटे कोयला डिस्पैच ठप रखा

**धनबाद।** बीसीसीएल बस्ताकोला क्षेत्र की भेड़ाकाटा बस्ती में भीषण गर्मी में पिट वाटर की सप्लाई बंद है. ग्रामीणों ने पिट वाटर की सप्लाई बहाल कराने की मांग को लेकर गुरुवार को तीन घंटे कोयला डिस्पैच ठप रखा। दर्जनों की संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष तपती धूप में बस्ताकोला ओसीपी ट्रांसपोर्टिंग के पास पहुंचे और ओसीपी से बीएनआर रेलवे साइडिंग में कोयले की ट्रांसपोर्टिंग ठप कर दी. वहीं, बस्ताकोला आउटसोर्सिंग कार्यालय के गेट पर प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# देसी कट्टे एवं कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

### वाहन चेकिंग अभियान के दौरान इन्हें पकड़ा गया

### दोनों युवकों का पहले से ही आपराधिक रिकार्ड रहा है



**राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता**
**बिरनी गिरीडीह**

बिरनी थाना अंतर्गत भरकट्टा ओपी क्षेत्र में गुरुवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम एक प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर शाम करीब 5:30 बजे बसगना और कुम्हरपिटनी के बीच नदी के पास वाहन चेकिंग अभियान चला कर एक मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को लोडेड देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि एक काले रंग की मोटरसाइकिल बजाज पल्सर संख्या जेएच 11 एडी 1766 में सवार दो युवक किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए उक्त रास्ते से गुजरने वाले हैं। इस बीच पुलिस ने जाल बिछाकर युवकों को धर दबोचा। इधर पुलिस को देखते ही अपराधियों ने मोटरसाइकिल को मोड़ने का प्रयास किया परंतु पुलिस की तत्परता के कारण वे भागने में असफल रहे। इस दौरान पुलिस के द्वारा जांच में मोटरसाइकिल चालक के पास से एक जिंदा कारतूस एवं मोटरसाइकिल पर सवार दूसरे युवक के कमर से एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया।

युवकों की पहचान छोटू अंसारी उर्फ लंगड़ा मियां उम्र लगभग 32 वर्ष पिता मुशर्रफ हुसैन उर्फ मुड़ल मियां ग्राम द्वारपहरी, थाना जमुआ, जिला गिरिडीह एवं दूसरे युवक की पहचान विकास कुमार साव उम्र लगभग 30 वर्ष पिता उमाशंकर साव ग्राम द्वारपहरी, थाना बिरनी, ओपी भरकट्टा, जिला गिरिडीह के निवासी के रूप में की गई है। गिरफ्तार दोनों युवकों का पहले से हीं आपराधिक रिकार्ड रहा है, जहां विकास कुमार साव के विरुद्ध मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 160 / 22 दर्ज है, वहीं छोटू अंसारी के विरुद्ध जमुआ थाना में कांड संख्या 74/19 दर्ज है। फिलहाल दोनों को जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धनंजय राम, पुलिस इंस्पेक्टर ज्ञान रंजन, भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज, बिरनी थाना प्रभारी राजीव कुमार, आरक्षी अमित कुमार यादव समेत अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# डुमरी की बंद पत्थर खदान में नहाने गया युवक डूबा, मौत

### युवक का पैर फिसला और वह गहरे पानी में गिर गया



**नवीन मेल संवादाता। गिरिडीह**

डुमरी थाना क्षेत्र के चीनो स्थित बंद पत्थर खदान में गुरुवार का नहाने के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई. युवक की पहचान चीनो निवासी वसी अंसारी के पुत्र शोयेब अंसारी (15 वर्ष) के रूप में हुई। बताया गया कि शोयेब अपने दोस्तों के साथ खदान में नहाने गया था। वह साबुन लगाकर लोटा से पानी लेकर नहा रहा था, तभी अचानक पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। पहले दोस्तों ने सोचा कि वह तैरना जानता होगा, लेकिन जब तीन-चार मिनट तक वह पानी से बाहर नहीं निकला तो उनलोगों ने शोर मचाय। शोर सुनकर वहां लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ देर बाद अचानक युवक पानी की सतह पर आ गया। ग्रामीणों के सहयोग से उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# ट्रैक्टर पलटने से चालक की दर्दनाक मौत



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तिसरी प्रखंड अंतर्गत मनसाडीह ओपी क्षेत्र में गुरुवार को ट्रैक्टर के पलटने से चालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना ओपी क्षेत्र के करगो गांव की है, वहीं मृत चालक घसनी गांव का रहने वाले सोमरा हेंब्रम का पुत्र बंसी हेंब्रम बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बंसी मरांडी मनसाडीह के ही किसी व्यक्ति का ट्रैक्टर चलाया करता था। गुरुवार को ईटों की अनलोडिंग कर वह कहीं से आ रहा था इसी क्रम में मनसाडीह और घसनी के बीच स्थित करगो गांव के पास असंतुलित होकर ट्रैक्टर टेलर सहित सड़क किनारे स्थित खेत में जा पलटा। ट्रैक्टर इंजन से दबकर चालक बंसी हेंब्रम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद स्थानीय लोग व जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे, वहीं मामले की जानकारी पर मनसाडीह के ओपी प्रभारी अंकित कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। हालांकि ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने दुर्घटना को लेकर कोई आपत्ति नहीं जताई, अपनी गलती से ही दुर्घटना होने की बात कह कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजने का अनुरोध किया। जिसके बाद ग्रामीण शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए।

# मैथन के होदला जंगल की जमीन पर भू माफिया की नजर, काट दिए सैकड़ों पेड़

**नवीन मेल संवाददात। धनबाद**

मैथन डैम से सटे होदला जंगल की जमीन पर भू माफियाओं की नजर है। जमीन पर कब्जा करने के लिए माफियाओं ने जंगल के सैकड़ों को पेड़ों को काट दिया है। इससे जंगल का अस्तित्व एक बार फिर खतरे में है। इस पूरे प्रकरण में पुलिस प्रशासन व वन विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। हालांकि जमीन व जंगल बचाने के लिए आदिवासियों ने इस बार मोर्चा खोल दिया है। 22 मौजा के बड़ी संख्या में आदिवासी युवक बुधवार की शाम एकजुट होकर ढोल नगाड़ों के साथ मैथन थर्ड डाइक स्थित होदला जंगल पहुंचे और डुगडुगी बजाकर पेड़ काटने का विरोध किया। जंगल मे काम करा रहे कब्जाधारियों के ठेकेदार राजीव मुर्मू को बंधक बना लिया। बाद में उसे वन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया। आदिवासी युवाओं ने पुलिस प्रशासन व वन विभाग के अधिकारियों पर भू माफियाओं से मिलकर जंगल खत्म करने का आरोप लगाया है।

इधर, ठेकेदार राजीव मुर्मू ने बताया कि रूपनारायणपुर के एक होटल व्यवसायी चित्तो माजी ने होटल बनाने के लिए कुछ जमीन खरीदी है, जिसकी देख-रेख बथानबाड़ी निवासी बिमल गोराई व जाकिर अंसारी कर रहे हैं। उसने बताया कि बीते 17 दिनों से जंगल के बीच पेड़ों की कटाई चल रही है और वहां निर्माण के लिए सीमेंट के पिलर मंगाए गए हैं।

# भीषण गर्मी के बीच शहरी क्षेत्र के कई वार्डों में गहराया जल संकट, चापाकल भी खराब




**नीवन मेल संवादाता। चक्रधरपुर**

झारखंड सहित पूरे देश में लोग एक तरफ जहां भीषण गर्मी से परेशान हैं। वहीं दूसरी तरफ जल सकंट ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। चक्रधरपुर शहरी क्षेत्र के कई वार्डों में जल संकट गहरा गया है। चापाकलों से पानी निकलना बंद हो गया है। वहीं कई घरों के बोरिंग का जल स्तर भी नीचे चला गया है। जिसकी वजह से लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। चक्रधरपुर शहर के पुरानी रांची रोड, तम्बाकू पट्टी रोड, रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग के भगत सिंह चौक के समीप, वार्ड संख्या आठ के टोकलो रोड, पुरानी रांची रोड समेत अन्य स्थानों पर लोग पानी की किल्लत से जुझ रहे हैं।

**पानी की समस्या से घरेलू कामकाज भी हो रहा प्रभावित**

स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर के कई वार्डों में पानी की समस्या गहरा गयी है। वहीं नगर परिषद की ओर सुबह के समय होने वाली पानी की सप्लाई भी सही तरीके से नहीं हो रही है। जिसकी वजह से लोगों को पीनी के पानी के लिए ज्यादा परेशानी हो रही है। पानी की दिक्कत होने से घरेलू कामकाज भी प्रभावित हो रहा है।

**टैंकर से की जा रही पानी की सप्लाई**

चक्रधरपुर नगर परिषद् के सिटी मैनेजर अभिषेक राहुल ने कहा कि नगर परिषद पानी टैंकर भेजकर पानी की समस्या दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के कारण पानी का स्तर भी नीचे चला गया है।

# बिजली विभाग के अभियंता को पकड़कर तेज धूप में 3 घंटे जमीन पर बैठाया



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

गोमो में इस भीषण गर्मी में पिछले दो दिनों से बिजली नहीं रहने से परेशान भेंडरा के ग्रामीणों का गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। आक्रो ?शित लोगों ने गोमो विद्युत सबस्टेशन पहुंच कर जमकर बवाल किया। सहायक अभियंता संतोष मंडल की फजीहत करते हुए उन्हें पकड़कर जबरन ऑफिस से बाहर निकाला और चिलचिलाती धूप में करीब 3 घंटे तक जमीन पर बैठाए रखा। ग्रामीण बिजली विभाग के जीएम को बुलाने की मांग कर रहे थे। सहायक अभियंता संतोष मंडल के लाख आश्वासन देने के बावजूद वे मानने को तैयान नहीं थे। सूचना पाकर हरिहरपुर थाना प्रभारी गिरधर गोपाल घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया है। सहायक अभियंता संतोष मंडल को ग्रामीणों ने चारों तरफ से घेरकर रखा था। वे बिजली निर्बाध रूप से बहाल करने की मांग कर रहे थे।

सहायक अभियंता संतोष मंड़ल ने कहा कि गोमो सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड होने के कारण बिजली कट रही है।

# मेघाहातुबुरु खदान में सेलकर्मियों की रविवार की ड्यूटी हो सकती है बंद

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**



सेल की मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन सेलकर्मियों को अब तक दी जाती रही रविवार की ड्यूटी जून माह से बंद करने की तैयारी में है. अगर सेलकर्मियों को रविवार ड्यूटी बंद हो जाता है तो प्रत्येक सेलकर्मियों को न्यूनतम 8 हजार से अधिकतम 20 -25 हजार रुपये का प्रतिमाह नुकसान उठाना पडेगा। इससे सेलकर्मियों को विभिन्न प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पडेगा। उल्लेखनीय है कि सेल की मेघाहातुबुरु खदान में लौह अयस्क लगभग खत्म हो चुका है। मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन को खनन के लिए साउथ ब्लॉक पहाड़ी को चालू करने हेतु फॉरेस्ट क्लियरेंस नहीं मिल रहा है। इससे स्थिति गंभीर बनी हुई है। मेघाहातुबुरु प्रबंधन ने अपना वार्षिक उत्पादन लक्ष्य 4 मिलियन टन से घटाकर 2.5 (ढाई) मिलियन टन कर दिया है।

**वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को प्रबंधन ने घटा दिया**

सेल मेघाहातुबुरु प्रबंधन पहले से मैनपावर की भारी कमी जैसी समस्या के बावजूद रविवार को छुट्टी के दिन भी सेलकर्मियों एवं ठेका मजदूरों को काम पर लगाकर अपना उत्पादन लक्ष्य हासिल करता आ रहा था। जब खदान में लौह अयस्क का भंडार खत्म हो चुका है तथा वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को प्रबंधन ने घटा दिया है।

# 5 साल में भी नहीं बन पाया फुटपाथी दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन



**नवीन मेल संवाददाता। आदित्यपुर**

आदित्यपुर के तकरीबन 1500 फुटपाथी दुकानदारों का 5 साल में भी वेंडिंग जोन नहीं बन पाया है। इस वजह से दुकानदार खुले आसमान के नीचे 44 डिग्री तापमान की चिलचिलाती धूप में दुकान लगाने को मजबूर हैं। बुधवार की देर शाम एक सब्जी विक्रेता महिला की लू लगने से मौत हो गई है। आखिर इस मौत का जिम्मेदार कौन है? बता दें कि 2022 में आदित्यपुर नगर निगम ने फुटपाथी दुकानदारों का सर्वे कराया था और उन्हें फुटपाथी स्ट्रीट वेंडर कार्ड भी दिए थे, लेकिन वेंडिंग जोन का मामला अब तक पेंडिंग है। सर्वे के दौरान नगर निगम की महिला सामुदायिक कार्यकर्ता और उनके साथ होमगाड्र्स के जवान शामिल थे, जो दुकानदारों का वीडियो बनाकर उनका नाम पता और व्यवसाय को सूचीबद्ध किये थे।

**अब तक वेंडिंग जोन के लिए चिन्हित नहीं हुआ**

बता दें कि प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 2 साल पूर्व नगर निगम के फुटपाथी दुकानदारों की सूची बना कर उन्हें स्ट्रीट वेंडर कार्ड मुहैय्या कराया गया था और तब उन्हें फुटपाथ से हटाकर वेंडिंग जोन में स्थायी रूप से दुकानें लगवानी थी। वह योजना आज तक अधूरी है। अब तक नगर निगम द्वारा वेंडिंग जोन के लिए स्थल ही चिन्हित नहीं किया गया है। हालांकि वेंडर कार्ड बनने के बाद फुटपाथी दुकानदारों ने लाभ उठाते हुए बैंकों से ऋण लेकर अपने व्यवसाय में वृद्धि जरूर की है, लेकिन उन्हें स्ट्रीट वेंडिंग जोन नसीब नहीं सका है। बता दें कि नगर निगम क्षेत्र के बाजार हाट और सैरात पर सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार नगर निगम का आधिपत्य होना चाहिए था, लेकिन बाजार उत्पादन समिति इसमें अब तक अड़ंगा लगाए हुए है और निकाय क्षेत्र के बाजार हाट और सैरातों को हस्तांतरित नहीं कर रही है। ऊपर से फुटपाथी दुकानदारों को न तो शेड उपलब्ध करा रही है और न ही उनके लिए पेयजल, शौचालय आदि की ही व्यवस्था करवा रही है। लिहाजा चिलचिलाती धूप में दुकान लगाने से उनकी जान भी जा रही है।

**राजस्व का है झगड़ा**

अब तक कृषि उत्पादन बाजार समिति ही बाजार हाट सैरात से राजस्व के रूप में मासूल वसूलने का काम कर रही है। फिलहाल फुटपाथी दुकानदार नगर निगम को कोई भी नया टैक्स देने के पक्ष में नहीं हैं। वैसे इस बात का विरोध गम्हरिया बाजार में नगर निगम को झेलना पड़ चुका है। व स्थानीय विधायक और मंत्री के हस्तक्षेप के बाद नगर निगम तत्काल बैकफुट पर आ गई। अब सवाल उठता है कि आखिर फुटपाथी दुकानदारों को सुविधा कौन मुहैया कराएगा। बता दें कि प्रत्येक फुटपाथी दुकानदार से प्रतिदिन बाजार मास्टर द्वारा 20 से 50 रुपए का टैक्स मासूल के रुप में वसूला जाता है, बदले में दुकानदारों को कृषि उत्पादन बाजार समिति की रसीद दी जा रही है।

## न्यूज बॉक्स

### जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में यूजी में एडमिशन की तिथि 10 जून तक बढ़ी




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी स्नातक पार्ट वन प्रथम सेमेस्टर में एडमिशन के लिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है. इच्छुक छात्राएं अब आगामी 10 जून तक चांसलर पोर्टल के माध्यम से एडमिशन के लिए आवेदन कर सकती हैं। यूनिवर्सिटी की ओर से बताया गया है कि जो भी छात्राएं जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के यूजी पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए इच्छुक हैं, उनके लिए एडमिशन कमेटी द्वारा विशेष निर्णय लिया गया है। छात्राओं और अभिभावकों की विशेष मांग पर एडमिशन कमेटी ने 28 मई यूजी के फार्म भरने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 10 जून तक कर दिया है। जो भी छात्राएं जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में यूजी पाठ्यक्रम में एडमिशन लेने के लिए इच्छुक हैं, वे चांसलर पोर्टल के माध्यम से आवेदन फार्म भर सकती हैं।

### दो नशा कारोबारियों को कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई



**चाईबासा।** दो नशा कारोबारियों को कोर्ट ने 10 साल की सजा और एक-एक लाख का जुमार्ना लगाया है। गणेश चंद्र साहू और मानस प्रधान को चाईबासा कोर्ट ने गुरुवार को यह सजा सुनायी है। यह मामला 30 मार्च 2022 का है। चाईबासा पुलिस ने डोडा-पोस्ता की खरीद बिक्री करने और वैध कागजात के बिना परिवहन करने के आरोप में दोनों लोगों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस ने बंदगांव थाना में कांड संख्या 11/2022 दर्ज किया था। दरअसल पुलिस ने चक्रधरपुर से आ रही पिकअप वैन को वाहन चेकिंग के दौरान रोका था। पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली। इस दौरान पुलिस ने गाड़ी से डोडा और पोस्ता बरामद किया। अनुसंधान के दौरान में चाईबासा पुलिस ने दोनों नशा कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह कर पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र समर्पित किया। जिसके आधार पर कोर्ट ने आज दोनों को सजा सुनायी।

सड़क हादसे में बाइक चालक घायल, हालत गंभीर

### बाइक चालक ने अज्ञात वाहन को पीछे से मारी टक्कर, चालक घायल

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के एनएच 18 पर फॉरेस्ट गेस्ट हाउस के समीप बुधवार देर रात बाइक चालक ने एक वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान पाटपुर गांव निवासी संजीत (45) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, घायल संजीत इलेक्ट्रिशियन का काम करता है। वह अपना काम खत्म कर बाइक से घर जा रहा था। तभी उसने किसी अज्ञात वाहन को पीछे जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में वह बाइक सहित जमीन पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की सहायता से उसे 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने पीआरएम मेडिकल कॉलेज बरिपदा रेफर किया। इसके बाद संजीत को फिर से 108 वाहन एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### ट्रक में लदे मवेशियों को छोड़कर भागा चालक, ग्रामीणों ने पिलाया पानी

**घाटशिला।** कशीदा पंचायत के गाहनडीह गांव के ग्रामीण एवं घाटशिला थाना पुलिस ने बुधवार को मवेशियों के प्रति मानवता की मिसाल पेश की है। बिहार के आरा से कोलकाता एक ट्रक में लादकर 11 दुधारू गाय एवं चार बछड़े को ले जाया जा रहा था। ट्रक का गैस पाइप अचानक गहनडीह गांव के पास फट जाने के कारण व्यापारी तथा चालक ट्रक सहित मवेशियों को छोड़कर भाग गए। प्रचंड गर्मी में ग्रामीणों की निगाह तड़पते मवेशियों पर पड़ी तो ग्रामीणों ने घाटशिला थाना को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी मधुसूदन डे ने दल-बल के साथ गाहनडीह गांव पहुंचे। ग्रामीणों ने मवेशियों को ट्रक से किसी तरह नीचे उतारा। जिसके बाद उनके लिए पानी तथा चारा की व्यवस्था की। इस क्रम में एक बछड़े की मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रक पर लिखे मोबाइल नंबर से संपर्क किया गया। लेकिन इन मवेशियों का वास्तविक मालिक मौके पर नहीं पहुंचा। जिसके बाद चाकुलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गौशाला पिंजरा पॉल सोसाइटी शाखा चाकुलिया से संपर्क कर मवेशियों के भेजने की भी व्यवस्था की गई।

### जमशेदपुर में फ्लिपकार्ट के डिलीवरी ब्वॉय ने की हड़ताल



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट के सभी डिलिवरी ब्वॉय ने गुरुवार को अपनी मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है। इस दौरान शहर में पार्सल की डिलिवरी बंद रही। वहीं सभी डिलिवरी ब्वॉय कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते नजर आए। गोलमुरी और बिष्टुपुर स्थित कार्यालय के बाहर सभी एकजुट दिखे। हड़ताल का ऐलान करने से सारा कामकाज ठप पड़ गया है। डिलिवरी ब्वॉय का कहना है कि उनका पार्सल का रेट घटा दिया गया है। इसी वजह से वह हड़ताल पर गए हैं। डिलीवरी ब्वॉय का कहना है कि एक पार्सल पर उन्हें पूर्व में 14 रुपये पार्सल मिलते थे। पर अब नया दर लागू कर दिया गया है, जिसमें अगर कोई पांच पार्सल डिलीवरी करता है तो उसे एक पार्सल का 15 रुपये और बाकी के 4 पार्सल पर 7.50 रुपये प्रति पार्सल दिए जाएंगे। यह रेट जमशेदपुर में लागू नहीं होने दिया जाएगा। डिलीवरी करने वालों का कहना था कि वे लोग कई महीनों से काम कर रहे हैं, पर डिलीवरी दर बढ़ाने की जगह और घटा दिया गया है।

# नई सरकार और चुनौतियां

***लोकसभा*** चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद चाहे जो भी सत्ता में आए, कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उम्मीद है कि नई सरकार कुछ कटु सच्चाइयों पर अधिक ध्यान देगी। भारत तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। हम अक्सर जनसांख्यिकीय लाभांश के बारे में बातें करते हैं। देश के युवा कार्यबल में आर्थिक विकास, नवाचार और उत्पादकता को बढ़ाने की क्षमता है। लेकिन अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ते उन उच्च शिक्षित युवाओं के लिए पर्याप्त संख्या में उचित रोजगार सृजित नहीं कर पा रही है, जो सुरक्षित, ऊंचे वेतन वाली व्हाइट कॉलर जॉब की उम्मीद रखते हैं। रोजगार पाने का मतलब अक्सर कम वेतन वाला, अनिश्चित काम करना होता है। खबर के अनुसार, आईआईटी कानपुर के एक पूर्व छात्र धीरज सिंह द्वारा दाखिल आरटीआई आवेदन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, देश के 23 आईआईटी के करीब 38 प्रतिशत छात्र अब तक बेरोजगार हैं। समाचार में सिंह के हवाले से बताया गया है कि इस वर्ष सभी 23 में 7,000 छात्रों को आईआईटी कैंपस के माध्यम से नियुक्ति नहीं मिलि है। सिर्फ दो साल पहले यह आंकड़ा इसके लगभग आधा (3,400) था। सिंह ने बताया कि जहां अधिक छात्र रोजगार के लिए आवेदन कर रहे हैं, वहीं दो साल में बेरोजगार छात्रों की संख्या 2.3 गुना बढ़ गई है। भारत में शिक्षित युवाओं के बीच बेरोजगारी पिछले कुछ समय से बड़ी चिंता का विषय रही है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन एवं दिल्ली स्थित थिंक टैंक मानव विकास संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से प्रकाशित इंडिया एंप्लॉयमेंट रिपोर्ट, 2024 के अनुसार, भारत के बेरोजगार कार्यबल में 83 फीसदी युवा हैं और कुल बेरोजगार आबादी में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी वर्ष 2000 में 35.2 फीसदी थी, जो 2022 में बढ़कर 65.7 फीसदी हो गई। वर्ष 2023 के लिए परिशिष्ट के साथ मुख्यतः 2000 और 2022 के बीच के आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण और नेशनल सैंपल सर्वे के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधरित यह रिपोर्ट बताती है कि शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी का स्तर काफी ऊंचा है। शिक्षा के स्तर के साथ युवा बेरोजगारी दर बढ़ी है। स्नातक या उससे ज्यादा शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी की दर सबसे ज्यादा है और शिक्षित पुरुषों के मुकाबले शिक्षित महिलाओं में बेरोजगारी दर ज्यादा है। क्या भारत के श्रम बाजार में उनके लिए अवसर हैं, लेकिन शिक्षित युवाओं के लिए बेहतर गुणवत्ता वाली पर्याप्त नौकरी नहीं है? आंकड़े इसी तरफ इशारा करते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी वाली बात यह है कि गरीब परिवारों के शिक्षित युवा विशेष रूप से कठिन परिस्थितियों में हैं। रिपोर्ट बताती है कि 'सबसे कम मासिक प्रति व्यक्ति व्यय क्वाइंटाइल (29.4 प्रतिशत) में माध्यमिक या उच्च-माध्यमिक शिक्षा वाले युवाओं के बीच बेरोजगारी दर उच्चतम क्वाइंटाइल (25.8 प्रतिशत) वाले युवाओं की तुलना में अधिक थी। यहां बता दें कि क्वाइंटाइल किसी आंकड़े को पांच बराबर भागों में विभाजित करती है। नतीजतन युवाओं के बीच उच्च बेरोजगारी दर आंशिक रूप से व्हाइट कॉलर जॉब की आकांक्षाओं के कारण हो सकती है, जो पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं। सबसे गरीब युवा, जिनके पास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संसाधनों और सामाजिक पूंजी का अभाव है, वे अधिक पीड़ित हैं। 'चिंता की बात है कि हाशिये पर पड़े अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उच्च शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी दर अन्य पिछड़ा वर्ग या सामान्य श्रेणी के युवाओं की तुलना में ज्यादा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सामाजिक रूप से हाशिये के युवाओं में उच्च बेरोजगारी उन चुनौतियों का संकेत देती है, जिनका सामना उन्हें बेहतर रोजगार की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए करना पड़ता है। यह प्रवृत्ति सामाजिक विषमताओं को कायम रखती है और सामाजिक रूप से ऊपर उठने में बाधा उत्पन्न करती है। क्या उच्च शिक्षित युवाओं के लिए शिक्षा के स्तर और नौकरियों के बीच विसंगति समय के साथ बढ़ी है? इंडिया एंप्लॉयमेंट रिपोर्ट, 2024 इस बारे में कुछ संकेत देती है। यह बताती है कि उच्च शिक्षित युवाओं (पुरुष एवं महिला) का एक बड़ा हिस्सा, जिसमें तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवा भी शामिल हैं, अपनी नौकरी से ज्यादा योग्यता रखते हैं। तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं में से भी 0.4 फीसदी ऐसे व्यवसायों में लगे हुए थे, जो उनकी योग्यता के अनुरूप नहीं थे। हालांकि समग्र रूप से शिक्षा प्राप्ति में बढ़ोतरी हुई है, जिससे नौकरी की मांग रही है, जो (उच्च शिक्षित और कम शिक्षित युवाओं) में रोजगार दर को कम कर रही है और बेरोजगारी दर बढ़ा रही है।

इन दिनों

# चुनावी मौसम... तपती धरती-झुलसता जीवन



डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

***आम*** चुनाव के अंतिम चरण में चढ़े सियासी पारा के साथ देश चढ़ते पारे से परेशान है। उत्तर, पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के तापमान से हाहाकार मचा हुआ है। एक ओर जहां समग्र मतदान प्रतिशत 2019 के स्तर पर नहीं आ पा रहा है वहीं सूर्यदेव को लगता है स्वयं से ही तापमान बढ़ाने की होड़ चल रही हैं। 29 मई को देश की राजधानी दिल्ली का पारा 52 के आंकड़े को छू गया, हो सकता है इसको लेकर कोई मत भिन्नता हो पर इसमें कोई दोराय नहीं कि दिल्ली का पारा 50 डिग्री सेल्सियस से तो ज्यादा ही रहा है। देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपाकाल है। हीटवेव या यूं कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित करके रख दिया है। तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैंनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। कहीं-कहीं सड़कों पर पानी छिड़कने या लोगों को घर या कार्यस्थल से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जाती रही है। लू से बचाव के उपायों खासतौर से खाली पेट नहीं रहने और तरल पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन करने की सलाह दी जाती है। 1850 के बाद 2023 का साल सबसे गर्म साल रहा है पर जिस तरह से तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ते हुए जन जीवन को प्रभावित कर रहा है। उससे साफ हो जाता है कि 1850 के बाद 2023 नहीं बल्कि अब तो 2024 सबसे गर्म साल रहने वाला है। समूचा उत्तरी, पश्चिमी, मध्य और पूर्वी भारत हीटवेव के चपेट में आ गया है। देश की राजधानी दिल्ली के साथ ही राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश, विदर्भ आदि गंभीर हीटवेव से प्रभावित इलाके हैं। राजस्थान के चुरु और फलोदी आदि का पारा तो 50 के आसपास ही चल रहा है। पानी, बिजली और हीटवेव के कारण बीमारी के हालात गंभीर होते जा रहे है। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल हो रहा है। इस समय हीटवेव के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त होने के साथ ही सड़कों पर कर्फ्यू जैसे हालात हो रहे हैं। असली समस्या तो सरकार के सामने पानी, बिजली और हीटवेव से प्रभावित लोगों को तत्काल इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद सभी प्रदेशों की सरकारें बेहतर प्रबंधन कर रही है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 29 मई को जहां स्वयं भरी दोपहरी सिर पर गमछा लपेट राजस्थान की राजधानी जयपुर में पेयजल व्यवस्था को देखने निकल पड़े तो निश्चित रूप से प्रशासन और आमजन में एक संदेश गया है। प्रदेश के सभी जिलों में 28 व 29 मई को दो दिन के लिए सभी प्रभारी सचिवों को प्रभार वाले जिलों में जाकर पानी, बिजली, दवा, इलाज आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लेने भेजकर साफ संकेत दे दिए हैं। गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि जहां दो दिन तक सरकार के वरिष्ठ अधिकारी इस गर्मी के मौसम में अपने कार्यालयों से निकल कर जिलों में स्थानीय प्रशासन व जिले के अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं वहीं आपदा के इस दौर में आवश्यक दिशा-निर्देश देकर लोगों को राहत पहुंचाने में जुट गए हैं। बात यहीं समाप्त नहीं हो जाती क्योंकि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मुख्य सचिव सुधांश पंत स्वयं प्रभारी सचिवों व जिला कलक्टरों सहित अधिकारियों से 31 मई को संवाद कायम कर फीड बैक लेने के साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। राजस्थान तो एक उदाहरण है। कमोबेश इस तरह के प्रयास हीटवेव से प्रभावित अन्य राज्यों में भी किए जा रहे होंगे, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। सामान्यतः एक मार्च से लेकर 21 जून तक सूर्य देव धरती के नजदीक होते हैं। देशी पंचाग के अनुसार नौतपा चल रहे हैं और माना जाता है कि इन नौ दिनों तक गर्मी का प्रकोप कुछ अधिक ही रहता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के प्रमुख मृत्युजंय महापात्र के अनुसार आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर में नमी के कारण गर्मी से राहत मिलने के आसार अवश्य हैं। पर सवाल यह है कि इस भीषण लू या यूं कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी तो दूसरी और चाहे गांव हो या शहर आंख मींचकर कंक्रीट का जंगल खड़ा करते रहे और उसका दुष्परिणाम सामने हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। हमारे यहां मौसम के अनुसार खान-पान की समृद्ध परंपरा रही है पर उसे आज भुला दिया गया है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि पहले समुद्र में तापमान बढ़ने के साथ ही आंधी तूफान का माहौल बन जाता था और बरसात होने से लोगों को तात्कालिक राहत मिल जाती थी। पर आज तो समुद्र का तापमान बढ़ने के बावजूद हीटवेव का असर ही अधिक हो रहा है। ऐसे में अब तात्कालिक व दीर्घकालीक योजनाएं बनाकर भविष्य की रूपरेखा तय करनी होगी, क्योंकि यह तो साफ हो चुका है कि प्रकृति का हमने इतना दोहन कर लिया है कि हालात निकट भविष्य में सुधरते नहीं दिख रहे। अब सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की ओर ध्यान देना होगा नहीं तो आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रीट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं। इस चुनौती से निपटना ही होगा। अब सम्मेलनों के प्रस्तावों से आगे बढ़कर क्रियान्वयन पर जोर देना होगा। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**



**देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपाकाल है। हीटवेव या यूं कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित करके रख दिया है। तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैंनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। कहीं-कहीं सड़कों पर पानी छिड़कने या लोगों को घर या कार्यस्थल से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जाती रही है। लू से बचाव के उपायों खासतौर से खाली पेट नहीं रहने और तरल पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन करने की सलाह दी जाती है।**

## आपकी बात

### एक देश और स्वदेशी कानून को



सुनील कुमार सिंह

***राष्ट्र*** सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि देश में फिर से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निश्चित रूप से तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने जा रही है। ऐसे में हम अपनी संगठन राष्ट्र सेवा फाउंडेशन की ओर से मांग करते हैं कि आज देश में जिस तरह से अंग्रेजियत सिस्टम 1860 आईपीसी, 1861 पुलिस एक्ट, 1872 भारतीय साक्ष्य एक्ट जैसे अन्य अंग्रेजी कानून लागू हैं, जिसे मानने के लिए आज भी हम भारतवासी बाध्य हैं। एक ओर देश आजादी के 75वें उत्सव मना रहा है, पर पूर्ववर्ती कांग्रेस की अंग्रेजी गुलामी मानसिकता के कारण आज भी हम संविधान के जगह बहु विधान जैसे सिस्टम एक्ट 1991, 1992, 1995 जैसे हिंदू विरोधी एक्ट को मानने के लिए बाध्य हैं, जो कहीं ना कहीं गुलामी की दर्द का एहसास दिलाता है। ऐसे अंग्रेजी, व कांग्रेस द्वारा बनाए गए हिंदू विरोधी कानून व्यवस्था को बदलने की ओर राष्ट्रहित में संविधान में संशोधन करते हुए नए कानून व्यवस्था लागू किए जाने की जरूरत है। सुनील सिंह ने कहा कि हमें बहु विधान नहीं संविधान चाहिए, विदेशी नहीं स्वदेशी कानून चाहिए, इसके लिए केंद्र सरकार से राष्ट्र हित में निम्न कानून व्यवस्था बनाए जाने की मांग की जैसे 'एक देश एक राष्ट्रभाषा, एक देश एक शिक्षा बोर्ड, एक देश एक धर्मस्थल संहिता, समान नागरिक संहिता, समान दंड संहिता, समान प्रशासनिक संहिता समान कर संहिता, समान चिकित्सा संहिता, समान न्यायिक संहिता,जनसंख्या नियंत्रण कानून, धर्मांतरण नियंत्रण कानून, तथा घुसपैठ नियंत्रण कानून'। उन्होंने कहा कि आज अपने ही देश में हमारी स्थिति यह है कि जो मांग अन्य दूसरे देशों में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग मांगा करते हैं, वही मांग हम अपने हीं देश में बहुसंख्यक समुदाय होते हुए भी मांगनी पड़ रही है। अन्य देशों में रहने वाले अल्पसंख्यकों से भी बुरी हालत में हम आ गए हैं। आज देश में संविधान की जगह, बहु विधान चल रहा है, क्योंकि संविधान का मतलब सब पर एक समान कानून लागू होना, एक समान अधिकार मिलना होता है। पर हमारे देश में ऐसा नहीं है, आज हिंदुओं के लिए अलग कानून, मुस्लिम के लिए अलग, सिख के लिए अलग, और ईसाई के लिए अलग-अलग कानून लागू किया जा रहा है। जिसे जरूरत है संविधान संगत सब पर एक समान कानून लागू करने की। अपने देश की संविधान में अंग्रेजों द्वारा बनाए गए 222 ऐसे काले कानून हैं, जो आज भी हम पर लागू हैं। संविधान की बात करें तो आज भी संविधान में लिखी गई 20% कानून ऐसी है जिसको अभी तक भी लागू नहीं किया गया है। जरूरत है कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने की तर्ज पर अंग्रेजों द्वारा बनाए गए ऐसे काले कानून, तथा कांग्रेस द्वारा मुस्लिम तुष्टिकरण के कारण बनाए गए हिंदू विरोधी कानूनों को निरस्त कर राष्ट्र हित में नए कानून लागू करने की।

**एक देश एक विधान, नहीं चाहिए बहु विधान! विदेशी नहीं, स्वदेशी कानून चाहिए!**

जागरूकता

# देश में हर घण्टे कैंसर से 92 लोगों की मौत



डॉ. अजय खेमरिया

***देश*** में औसतन 2215 लोग रोजाना कैंसर से मौत के मुंह में जा रहे हैं। भारत में चीन के बाद सर्वाधिक मौतें कैंसर से हो रही हैं। आईसीएमआर और राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर की भयाभयता किस त्रासदपूर्ण तरीके से बढ़ रही है क्योंकि देश के 64 फीसदी मरीज ग्रामीण इलाकों से आ रहे हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों पर व्यवहारिक रूप में कैंसर की पहचान के लिए कोई प्रमाणिक तंत्र ही उपलब्ध नहीं है। संसद में हालिया सरकार ने जो जानकारी दी है उसके अनुसार उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल, तमिलनाडु और राजस्थान देश में कैंसर के बड़े हब के रूप में विकसित हो रहे हैं। पंजाब की हालत पहले से ही इस मामले में खराब है। नेशनल कैंसर रजिस्ट्री के आंकड़ों को ही विश्लेषित किया जाए तो देश में हर साल जितने मरीज कैंसर रोगी के रूप में चिन्हित होते है उनमें से 55 प्रतिशत की मौत हो जाती है। 2022 में 1461427 मरीज कैंसर रोगी के रूप में अलग अलग अस्पताल में भर्ती किये गए इनमें से 808558 की मौत हो गई। इसी तरह वर्ष 2021 में 1426441 में से 789202 एवं 2020 में 1392179 में से 770236 की मौत रिकॉर्ड पर दर्ज हुई हैं। कैंसर पीड़ित में 65 फीसदी मरीज 45 से 60 साल आयु वर्ग की है और खास ध्यान देने वाला तथ्य यह है कि महिलाओं में तीसरी सबसे बड़ी बीमारी को कैंसर के रूप में चिन्हित किया गया है। इन आंकड़ों के इतर जमीनी सच्चाई का एक अहम पहलू यह है कि आज भी देश के मैदानी हलकों में कैंसर की पहचान के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र सक्षम नही हैं। जिला चिकित्सालय जैसे सरकारी केंद्रों पर भी कैंसर की पहचान के लिए कोई व्यवस्था नही हैं। इन केंद्रों पर न तो ऑन्कोलॉजी विभाग है और न प्रयोगशाला जहां मरीजों के शुरूआती लक्षणों की जांच की जाती है। मजबूरी में ऐसे मरीजों के लिए जांच हेतु मेडिकल कॉलेज स्तर के शहरी केंद्रों पर जाना पड़ता है इस दौरान कैंसर के प्रारंभिक लक्षण गंभीर होकर शरीर में फैल जाते हैं। त्रासदी यहीं तक सीमित नही है क्योंकि बड़े शहरी केंद्रों पर भी कैंसर की पहचान और निदान की जो व्यवस्था है वह बहुत ही खचीर्ली हैं। डॉक्टर के प्रारंभिक परामर्श शुल्क मुंबई, दिल्ली, भोपाल, लखनऊ, पटना जैसे शहरों में 800 रुपए से लेकर 5000 तक होते हैं। **(ये लेकक निजी विचार हैं।)**

**नेशनल कैंसर रजिस्ट्री के आंकड़ों को ही विश्लेषित किया जाए तो देश में हर साल जितने मरीज कैंसर रोगी के रूप में चिन्हित होते है उनमें से 55 प्रतिशत की मौत हो जाती है।**

## फेसबुक वॉल से




## X-से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# सबके लिए आदर्श है अहिल्याबाई का जीवन



रमेश शर्मा

***संसार*** में कुछ ऐसी विभूतियां भी जन्मी हैं जो अवतारी तो नहीं थीं लेकिन उनका व्यक्तित्व और कृतित्व अवतारी शक्तियों के समतुल्य रहा । इंदौर की महारानी देवि अहिल्याबाई का व्यक्तित्व ऐसा ही था । उन्हें ₹देवि₹ किसी दरवारी कवि ने नहीं कहा, अपितु जन सामान्य ने कहकर पुकारा । उनका सादगीपूर्ण जीवन, धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के लिये समर्पण जीवन, उनके द्वारा किये गये जन कल्याणकारी कार्य, विशेषकर किसानों और महिलाओं के हित में लिये गये उनके निर्णयों ने उनकी ओर पूरे भारत के शासकों का ध्यान आकर्षित किया । यह उनके व्यक्तित्व की विशेषता ही है कि आज लगभग तीन सौ वर्ष बीत जाने के बाद भी वे जन सामान्य में सम्मान और श्रृद्धा का केन्द्र हैं। वे सही मायने में अजातशत्रु थीं। उनके जीवन के किसी प्रसंग पर, कोई नई नीति बनाने या निर्णय लेने के औचित्य पर अथवा उनकी कार्यशैली पर कभी किसी ने कोई नकारात्मक टिप्पणी की। न उनके जीवनकाल में और उनके बाद इतिहास के शोधकताओं ने । वे अपने जीवन में भी एक आदर्श थीं और आज भी सबके लिये आदर्श हैं। ब्रिटिश इतिहासकार जॉन कीस ने तो उन्हें ₹द फिलॉसफर क्वीन₹ की उपाधि दी है। उनकी प्रसिद्धि उनके परिवार की पृष्ठभूमि से नहीं अपितु व्यक्तित्व और कृतित्व से है । होल्कर परिवार में कितनी महारानियां रहीं हैं पर किसी को इतनी प्रसिद्धि नहीं मिली जितनी अहिल्याबाई को मिली । यदि भारत की शासक महिलाओं के बारे में विचार करें। भारत में महिला शासक उनसे पहले भी रहीं और बाद में भी इतनी सादगी से भरा जीवन और अपने राज्य क्षेत्र को सुरक्षित समृद्ध और शांत बनाने का ऐसा उदाहरण कहीं नहीं। सबसे महत्वपूर्ण बात है विषम और विपरीत परिस्थितियों को चीरकर न केवल अपने राज्य क्षेत्र में अपितु पूरे भारत में उन्होंने सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अभियान चलाया और सनातन मानविन्दुओं को पुनर्प्रतिठित किया, यह असाधारण है। मानों वे छत्रपति शिवाजी महाराज के सपने को आकार दे रहीं थीं। अहिल्याबाई व्यवहार में जितनी सरल और शांत थीं, संकल्पपूर्ति के लिये उतनी ही कठोर । उन्होंने भारत के प्रत्येक भाग और प्रत्येक समाज वर्ग के व्यक्ति के हित को ध्यान में रखकर काम किये । इन कार्यों पर जितना धन उन्होंने व्यय किया उतना किसी रियासत ने नहीं किया फिर भी उनका राजकोष समृद्ध था । उनकी विचारशीलता बहुत व्यापक थी। पूरा भारत राष्ट्र और सनातन विचार उनके चिंतन में समाया थी। वे बहुत दूरदर्शी थीं। भविष्य का भारत कैसे प्रतिष्ठित हो, आने वाली पीढ़ी और समाज कैसे सुसंस्कृत हो और कैसे भारत राष्ट्र का सांस्कृतिक गौरव पुनर्प्रतिठित हो, वे दिन रात इसी चिंतन में डूबी रहतीं थीं । इसकी झलक उनकी कार्यशैली में भी दिखती है। ऐसी विलक्षण प्रतिभा की धनी देवि अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिला अंतर्गत जामखेड़ कस्बे के ग्राम चांडी में हुआ था । उनके पिता मनकोजी राव शिंदे मराठा सेना में एक सैनिक थे। जो बाद में नायक बने। माता सुशीला बाई भी गांव के एक सामान्य किसान परिवार से थीं। सुशीला बाई का विवाह भी बालवय में हुआ और बधु बनकर चांडी आ गई थीं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

बोधि वृक्ष

## स्वर्ण मंदिर अमृतसर का इतिहास और अन्य जानकारी



दरबार साहिब के अंदर हो रही गुरबाणी सभी लोगों को नीचे बैठकर सुनना चाहिए। माना जाता है कि ये गुरू ग्रंथ साहिब को सम्मान देने का तरीका है। अगर आप पहली बार स्वर्ण मंदिर जा रहे हैं तो आपको पहले इंफॉर्मेशन ऑफिस और सेंट्रल सिख म्यूजियम देखने के लिए कहा जाएगा। यहां आपको गुरूद्वारे से जुड़ी सभी जानकारियां मिलेंगी, इससे गुरूद्वारा देखना आपके लिए आसान हो जाएगा। **(समाप्त)**

टेक वर्ल्ड

## एसी खरीदने जा रहे हैं तो सतर्क हो जाएं



***जैसे*** कि आप जिस कमरे में ऐसी लगवाने जा रहे हैं वह कैमरा कितना बड़ा है और इसके अलावा कितने लोगों के लिए इस ऐसी का इस्तेमाल करने वाले हैं। यानी कि उस कमरे में कितने लोग मैक्सिमम रहते हैं या सोते हैं। बता दें कि इस इन बातों को ध्यान में रखकर अगर आप अउ का चुनाव करते हैं उसकी कूलिंग कैपेसिटी का ध्यान रखते हैं, तो आपको बेहतर रिजल्ट मिलेगा। बता दें कि 1 टन डेढ़ टन या 2 टन में आता है। अगर आपके पास 100 से 125 वर्ग फुट का अगर रूम है तो यहां पर आप 1 टन का ऐसी इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं अगर 150 से 200 वर्ग फुट का कमरा है तो आपको डेढ़ टन का ऐसी का चुनाव करना चाहिए और अगर इससे भी बड़ा कमरा है तो वहां पर आप 2 टन का ऐसी चुनें इससे आपको बेहतर रिजल्ट मिलेगा।

**रेटिंग और एआई फीचर का रखें ध्यान**

बता दें कि एनर्जी स्टार रेटिंग इस बात का संकेत होता है कि आपका ऐसी कितनी कम एनर्जी का उपयोग कर रहा है, जाहिर तौर पर इससे आपका बिजली का बिल कम आएगा। इसके अलावा भी ऐसी के अंदर कई सारे फीचर्स होते हैं जिनमें स्मार्ट फीचर और अब तो एआई फीचर भी आने लगा है। अगर आप स्मार्ट फीचर का प्रयोग करते हैं तो आपको रिमोट के प्रयोग के बिना ही आप ऐसी को इजीली इस्तेमाल कर सकते हैं, जबकि एआई फीचर ऑटोमेटेकली आपके रूम का टेंपरेचर और ह्यूमिडिटी के अनुसार अपने आप को एडजस्ट कर लेता है। (क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आज का राशिफल

**मेष** — व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**वृषभ** — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेगी।

**मिथुन** — कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी।

**कर्क** — राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**सिंह** — व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**कन्या** — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**तुला** — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृश्चिक** — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा।


**धनु** — आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**मकर** — अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कुम्भ** — जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन** — लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी।

# गर्मी में बंदरों ने मारी छलांग



गुरुवार को नई दिल्ली में चिलचिलाती गर्मी के बीच राहत के लिए इंडिया गेट के पास तालाब में छलांग लगाते बंदर।

# उत्तराखंड : चारधाम व हेमकुंड साहिब के दर्शनार्थियों का आंकड़ा 13 लाख से पार

एजेंसी




**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। कोई भी श्रद्धालु बिना दर्शन करे वापस न जाए। इसके लिए सरकार से लेकर पूरा सरकारी तंत्र व्यवस्थाएं बनाने में जुटा हुआ है। चारों धामों और हेमकुंड साहिब में अब तक 1336767 श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए हैं। इनमें सबसे ज्यादा श्रद्धालु बाबा केदार के दर पर पहुंचे हैं। 10 मई से अब तक केदारनाथ धाम में 551705 श्रद्धालुओं ने बाबा का आशीर्वाद लिया है। यमुनोत्री धाम में अब तक 240044 तीर्थयात्री पहुंच चुके हैं। गंगोत्री धाम में अब तक 231983 तीर्थयात्रियों ने मां गंगा के दर्शन किए हैं। वहीं बद्रीनाथ धाम में अब तक 299888 श्रद्धालु बद्रीनाथ धाम पहुंच चुके हैं।

चारों धामों की यात्रा करने के बाद मां धारी देवी के दर्शन करने के लिए भी रोजाना हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खोले गए। सिखों के पवित्र धर्मस्थल हेमकुंड साहिब में कपाट खुलने के बाद अब तक 13147 श्रद्धालुओं ने माथा टेका। कुल मिलाकर चारों धामों और हेमकुंड साहिब में अब तक 1336767 तीर्थयात्री पहुंच चुके हैं।

## गाजा-मिस्र सीमा पर इजरायली सेना ने खोजी 20 सुरंग

**तेल अवीव।** इजरायली सेना ने गाजा-मिस्र सीमा की प्रमुख सड़कों पर अपना नियंत्रण कर लिया है। इसे फिलाडेल्फी क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। साथ ही 20 सुरंगों की खोज भी की है, जिनका इस्तेमाल सीमा पार तस्करी के लिए किया जाता था। यह जानकारी इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने बुधवार रात दी। उन्होंने कहा कि सीमा पर कई रॉकेट लांचर पाए गए। आईडीएफ प्रवक्ता ने कहा कि नई कब्जे वाली भूमि की पट्टी गाजा-मिस्र सीमा पर 14 किलोमीटर तक फैली हुई है। इसके जरिए हथियारों की तस्करी की जाती थी।

## सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के सीबीआई से जुड़े मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ा दी है। गुरुवार को सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें वीडियो कांफ्रेन्सिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया।

## भारत ने राफा में इजराइली सैन्य अभियान पर गहरी चिंता जाहिर की

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत ने फिलिस्तीन के राफा में इजराइली सैन्य अभियान पर गहरी चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि राफा में नागरिकों की मौत और उनका बेघर होना हृदय विदारक और गहरी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि भारत ने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि फिलिस्तीन में जारी संघर्ष के दौरान नागरिकों की सुरक्षा व अंतरराष्ट्रीय मानवी कानूनों का पालन किया जाए। प्रवक्ता ने कहा कि इजराइल ने विस्थापित शिविरों में हुए दुखद दुर्घटना की जिम्मेदारी स्वीकार की है तथा इसकी जांच कराने की घोषणा की है।

## काशी पहुंचे अमित शाह, बाबा विश्वनाथ की भक्ति में डूबे



**वाराणसी।** लोकसभा चुनाव के बीच काशी में सियासी दिग्गजों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। अब तक यहां कई राजनीतिक दिग्गज आकर अपनी आस्था प्रकट कर चुके हैं। इसी बीच, गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बाबा विश्वनाथ के दरबार पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की। अमित शाह ने पूरे विधि-विधान के साथ दर्शन पूजन किया और इन खास मौकों को तस्वीरों में भी कैद करवाया। पूजा अर्चना के बाद उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण किया। शाह के अलावा महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस भी पूजा-अर्चना करने पहुंचे।

## बिहार में हीटवेव से पिछले 24 घंटे में 8 लोगों की मौत



एजेंसी

**पटना।** बिहार में पिछेल दो दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मोहाल कर दिया है। स्थिति ऐसी है कि लोगों के घरो और ऑफिस में लगे एसी भी प्रचंड गर्मी के आगे फेल हो रहे है। बिहार में भीषण गर्मी और लू की वजह से पिछले 24 घंटे में राज्य के भोजपुर, रोहतास, गोपालगंज, औरंगाबाद और अरवल जिले में अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच मौसम विभाग ने गुरुवार को भी बिहार के कई जिलों में भीषण गर्मी और लू की चेतावनी जारी की है। साथ ही लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। मौसम विभाग के अनुसार एक जून तक लू की स्थिति यथावत जारी रहने का अनुमान है। इसके बाद धीरे-धीरे इसमें कमी आएगी। बिहार, झारखंड, ओडिशा, विदर्भ, छत्तीसगढ़, जम्मू संभाग और हिमाचल प्रदेश में भी शुक्रवार तक लू की स्थिति गंभीर बने रहने का अनुमान है। सबसे ज्यादा भोजपुर जिले में तीन लोगों की हीटवेव से जान चली गई। वहीं, गोपालगंज में भी नेपाल जा रहे एक पर्यटक ने बीच रास्ते में दम तोड़ दिया। भागलपुर जिला पुलिस बल में तैनात दारोगा देवनाथ राम की जान चली गई। दारोगा चुनाव ड्यूटी में रोहतास जिले के डेहरी स्थित पुलिस लाइन पहुंचे थे। अरवल में चुनाव ड्यूटी के लिए अरुणाचल प्रदेश से आए हेड कांस्टेबल निक्कू अहुजा की भी मौत हो गई। उनकी ड्यूटी उत्क्रमित विद्यालय रामपुर चौरम में लगाई गई थी।

# जम्मू बस हादसे में 21 की मौत, 40 घायल

- खाई से निकाल कर घायलों को अखनूर उपजिला अस्पताल में पहुंचाया गया
- घटनास्थल माता वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर है

एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू-पूंछ राष्ट्रीय राजमार्ग (144ए) पर अखनूर के टूंगी मोड़ क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां एक यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में अब तक 21 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब 40 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। इनमें 20 को जीएमसी जम्मू रेफर किया गया है। पुलिस व स्थानीय लोगों द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है। खाई से निकाल कर घायलों को अखनूर उपजिला अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जम्मू मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उत्तरप्रदेश नंबर की यह बस जम्मू से शिवखोड़ी धाम जा रही था। शिवखोड़ी धाम रियासी जिले के पौनी में स्थित है, जो कि कटड़ा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर है। यह भगवान भोलेनाथ को समर्पित है।




### तीखे मोड़ पर सामने से आ रही बस से बिगड़ा संतुलन

जानकारी के अनुसार, बस का नंबर है- यूपी 86ईसी 4078 बताया गया है। यह बस अखनूर के टूंगी मोड़ में गहरी खाई में जा गिरी। इस तीखे मोड़ पर सामने से आ रही एक बस के आने से हादसे वाली बस का चालक का संतुलन बिगड़ा गया और यह हादसा हो गया। बस के गिरते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचित किया गया। तुरंत में राहत और बचाव अभियान चलाया गया।

### 20 घायल जीएमसी जम्मू रेफर

अस्पताल में हादसे की खबर के साथ ही स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया। घायलों के पहुंचने के साथ ही यहां उपचार शुरू कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसी जम्मू रेफर किया गया। जीएमसी जम्मू में डॉक्टरों की अलर्ट टीम ने मोर्चा संभाला।

### बस में 75 यात्री थे सवार

बस में लगभग 75 से अधिक यात्री सवार थे। मौके पर एसडीएम अखनूर लेख राज, एसडीपीओ अखनूर मोहन शर्मा, थानाप्रभारी अखनूर तारिक अहमद मोके पर बचाव कार्य मे जुटे हुए हैं। एसएसपी जम्मू व अन्य वरिष्ट अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं।

**रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाए घायल**

**बस** के शीशे तोड़ कर लोगों को बाहर निकाला गया। फिर रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाया गया। इसके बाद घायलों को वाहनों में सवार कर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान सड़कों पर एंबुलेंस की आवाज गूंजती रही।

## पुरी में चंदन यात्रा उत्सव के दौरान तीन की मौत, 32 से अधिक घायल

**भुवनेश्वर।** पुरी में श्रीजगन्नाथ मंदिर के पास नरेंद्र टैंक में चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में विस्फोट होने से तीन भक्तों की मौत हो गई, जबकि 32 से अधिक गंभीर रूप से झुलस गए। यह घटना बुधवार को देवी घाट पर पटाखों के ढेर पर आतिशबाजी के छींटे गिरने से हुई, जहां पुरी के जगन्नाथ मंदिर का सबसे लंबा वार्षिक उत्सव मनाया जा रहा था। मौके पर जमा किए गए पटाखों में जल्द ही विस्फोट हो गया, जिससे वे श्रद्धालु गंभीर रूप से झुलस गए, जो देवताओं की वार्षिक जल क्रीड़ा देखने के लिए वहां मौजूद थे। कई श्रद्धालु अपनी जान बचाने के लिए जलाशय में भी कूद गए। घायलों को पुरी जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया, जहां से कुछ को कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल और भुवनेश्वर के निजी अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक नाबालिग समेत तीन लोगों की जलने से मौत हो गई है। कई अन्य घायल श्रद्धालुओं का पुरी, कटक और भुवनेश्वर के विभिन्न निजी और सरकारी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को भुवनेश्वर के एक निजी मेडिकल कॉलेज में तीन घायल व्यक्तियों से मुलाकात की। उन्होंने घायलों के परिजनों और निजी अस्पताल के डॉक्टरों से बात की। सीएम पटनायक ने पहले घायलों को मुफ्त चिकित्सा उपचार का आश्वासन दिया था।

## मैं जेल जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं : सीएम केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट से अपनी जमानत अवधि एक सप्ताह बढ़ाने की अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की यह याचिका मंजूर नहीं हुई है। इसके बाद अब गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि वह 2 जून को जेल जाने के लिए तैयार हैं। उनका कहना है कि मैं जेल जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। देश को बचाने के लिए भगत सिंह फांसी पर चढ़े थे, अगर देश को बचाने के लिए मुझे बार-बार जेल जाना पड़े तो मैं इसके लिए तैयार हूं। केजरीवाल का कहना है कि उन्हें गर्व है कि वह अपने देश को बचाने के लिए जेल जा रहे हैं।

## पानी की किल्लत / हरियाणा और उत्तर प्रदेश से पानी की मांग

# सुप्रीम कोर्ट जाएगी केजरीवाल सरकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बढ़ती गर्मी से दिल्ली के लोग पहले से परेशान हैं। ऐसे में पानी की कमी ने दिल्लीवासियों की परेशानी और बढ़ा दी है। गर्मी के दिनों में पानी की आपूर्ति को लेकर दिल्ली सरकार द्वारा समर एक्शन प्लान के मुद्दे पर दिल्ली के उपराज्यपाल पहले ही आप सरकार को कठघरे में खड़ा कर चुके हैं। अब दिल्ली में पानी की कमी पर धरना प्रदर्शन के साथ राजनीति शुरू हो गई।

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने गुरुवार को कहा कि पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में पानी का संकट बना हुआ है। इसका मुख्य कारण हरियाणा से दिल्ली को पानी ना देना है। दिल्ली यमुना के पानी पर निर्भर है। वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला जलशोधन सयंत्र में यमुना का पानी जाता है। अगर यमुना में पानी नहीं होगा तो इन प्लांट में पानी कैसे आएगा। आज दिल्ली सरकार पानी के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट जा रही है। कोर्ट से रिक्वेस्ट करेंगे कि हरियाणा और उत्तर प्रदेश को आदेश दे कि वो दिल्ली का पानी दें।

आतिशी ने कहा कि दिल्ली में टैंकर से पानी की समुचित आपूर्ति करने लिए एक नियंत्रण कक्ष बना रहे हैं। यह नियंत्रण कक्ष एक सीनियर आईएसएस अधिकारी की देखरेख में संचालित होगा। दिल्ली के सभी 11 वाटर जोन पर एक एसडीएम की नियुक्ति की जाएगी। दिल्ली सरकार के मुताबिक यहां यमुना नदी का स्तर 674 फीट होना चाहिए लेकिन यह मात्र 670.3 फीट पर है।

### पानी के लिए आतिशी के घर के बाहर मटकी फोड़ प्रदर्शन



पानी के लिए भाजपा महिला मोर्चा ने गुरुवार को मटकी लेकर आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की जल मंत्री आतिशी के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सीएम केजरीवाल के खिलाफ नारे लगाए। यहां तक कि मटकी फोड़कर नाराजगी भी जताई। दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष ऋचा पांडे मिश्रा ने कहा कि केजरीवाल सरकार को इस्तीफा देना चाहिए। दिल्ली की जनता पानी की मांग कर रही है। लेकिन, उनका कोई समर एक्शन नहीं है।

## कश्मीर में इस साल आ सकते हैं रिकॉर्ड पर्यटक, सभी होटल बुक

एजेंसी



**श्रीनगर।** इस साल कश्मीर में पर्यटकों की संख्या सभी पिछले रिकॉर्ड तोड़ सकती है। घाटी में अब तक 12.5 लाख से अधिक से अधिक पर्यटक आ चुके हैं। पर्यटकों के लगातार आगमन को देखते हुए इस साल सभी पिछले रिकॉर्ड टूट सकते हैं। श्रीनगर के होटल, गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट और पहलगाम व सोनमर्ग के हिल स्टेशनों के सभी होटलों की बुकिंग जून के मध्य तक हो चुकी है।

एक अधिकारी ने बताया, कश्मीर स्थिति गेस्ट हाउस, होमस्टे, डल और निगीन झीलों के हाउसबोट और ठहरने के अन्य स्थान भर चुके हैं। कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार और शांति के कारण इस साल यहां आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी भारी वृद्धि हुई है। कश्मीर के होटल एसोसिएशन के एक सदस्य ने कहा, विदेशी पर्यटकों के कश्मीर आने से हमें विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है। इसके अलावा, वे घरेलू पर्यटकों की तुलना में अधिक खर्च करते हैं। घाटी में स्थिति सभी पांच सितारा होटलों की बुकिंग हो चुकी है। बुकिंग कराने वाले अधिकतर घरेलू पर्यटक हैं।

# भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्यों को प्रदान की गई 'टीम ऑफ द ईयर कैप'

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप 2024 अभियान की शुरूआत से पहले, भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्यों को हाल के दिनों में अपने राष्ट्रीय पक्ष के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गुरुवार को आईसीसी पुरस्कार और टीम ऑफ द ईयर कैप प्राप्त हुए।



**सूर्यकुमार यादव**

विश्व के नंबर 1 टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर और टी20 टीम ऑफ द ईयर की कैप दी गई।



### ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को आईसीसी टेस्ट टीम ऑफ द ईयर की कैप दी गई।

### भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ शुभमन गिल, कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज को आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को आईसीसी टी20 टीम ऑफ द ईयर की कैप दी गई।

भारत अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरूआत 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क के नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में करेगा। इस बीच, भारत और पाकिस्तान के बीच सबसे प्रतीक्षित ब्लॉकबस्टर मुकाबला 9 जून को होगा। वे बाद में टूर्नामेंट के सह-मेजबान यूएसए (12 जून) और कनाडा (15 जून) से खेलेंगे। टूर्नामेंट में, भारत का लक्ष्य आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करना होगा, जिसने आखिरी बार 2013 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। तब से, भारत 2023 में 50 ओवर के विश्व कप फाइनल, 2015 और 2019 में सेमीफाइनल, 2021 और 2023 में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले, 2014 में टी20 विश्व कप फाइनल, 2016 और 2022 में सेमीफाइनल तक पहुंच चुका है, लेकिन बड़ी आईसीसी ट्रॉफी हासिल करने में विफल रहा है। भारत 2007 में दक्षिण अफ्रीका में टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण को जीतने के बाद से अपना पहला टी20 विश्व कप खिताब जीतने का लक्ष्य रखेगा। 2022 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित पिछले संस्करण में, भारत सेमीफाइनल में इंग्लैंड से 10 विकेट से हार गया था।

**भारतीय टीम इस प्रकार है :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

## भारत की जर्सी पहनना एक अलग अहसास : पंत



**न्यूयॉर्क।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पांच जून को जब नासाउ काउंटी मैदान पर आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच के लिए भारत की जर्सी पहनेंगे तब तक उनकी भयानक कार दुर्घटना को 527 दिन हो चुके होंगे। वह इस मुकाबले में खेलने के लिए बेताब हैं। पंत ने 2022 में भीषण कार दुर्घटना के बाद भावनात्मक वापसी करते हुए इस साल 23 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स की नीली जर्सी पहनी थी लेकिन वह नीले रंग की एक अलग जर्सी पहनने के लिए अधिक उत्सुक हैं- भारत की नीली जर्सी।

एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच से पूर्व भारत के पहले नेट सत्र के इतर पंत ने ह्यबीसीसीआई.टीवी' से कहा, ह्यभारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर वापस आना एक अलग ही अहसास है। यह कुछ ऐसा है जिसकी मुझे बहुत याद आती थी... उम्मीद है कि मैं इसे भुना पाऊंगा और यहां से बेहतर प्रदर्शन करूंगा।' राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में 15 महीने तक रिहैबिलिटेशन से गुजरने वाले पंत के साथ इस बातचीत के दौरान टीम के साथी सूर्यकुमार यादव भी मौजूद थे। पंत ने उस समय को याद किया जब उनकी मौजूदगी ने उन्हें एनसीए में अपने चोट प्रबंधन कार्यक्रम के अकेलेपन से निपटने में मदद की थी। पंत ने कहा, ह्ययहां टीम को देखना और उनसे फिर से मिलना, समय बिताना, उनके साथ मौज-मस्ती करना, उनसे बातचीत करना, मुझे वाकई बहुत अच्छा लगा।' पंत 13 आईपीएल मैचों में 446 रन बनाने के बाद धीरे-धीरे लय में लौट रहे हैं। न्यूयॉर्क शहर के बाहरी इलाके में केंटियाग पार्क में भारत के नेट्स पर दुबले-पतले और फिट पंत अच्छी लय में दिखे।

## आर प्रज्ञानानंदा ने दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया



**रचा इतिहास**

**स्टावेंगर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने यहां दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के खिलाफ पहली बार क्लासिकल बाजी में जीत दर्ज करते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढ़त बना ली। कार्लसन को रेपिड/प्रदर्शनी मुकाबलों में हरा चुके 18 साल के प्रज्ञानानंदा ने तीन दौर के बाद 5.5 अंक के साथ बढ़त बना ली है। प्रज्ञानानंदा ने सफेद मोहरों से खेलते हुए जीत दर्ज की और इस हार के साथ कार्लसन अंक तालिका में पांचवें स्थान पर खिसक गए।

क्लासिकल शतरंज को धीमे शतरंज के रूप में भी जाना जाता है और इसमें खिलाड़ी को चाल चलने के लिए पर्याप्त समय मिलता है और आम तौर पर एक खिलाड़ी के पास कम से कम एक घंटे का समय होता है। इस प्रारूप में कार्लसन और प्रज्ञानानंदा के बीच पिछली तीन बाजियां ड्रॉ रही थी। प्रज्ञानानंदा की बहन आर वैशाली भी महिला वर्ग में शीर्ष पर चल रही हैं। उनके भी 5.5 अंक हैं। वैशाली ने तीसरे दौर में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक से ड्रॉ खेला।

पुरुष वर्ग की अन्य बाजियों में अमेरिका के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फाबियानो करूआना ने गत विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हराया। इस हार के साथ लिरेन छह खिलाड़ियों की तालिका में अंतिम स्थान पर खिसक गए। अमेरिका के हिकारू नाकामूरा ने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ क्लासिकल बाजी ड्रॉ रहने के बाद आमार्गेडोन (सडन डेथ) बाजी जीतकर डेढ़ अंक हासिल किए। नाकामूरा अंक तालिका में तीसरे स्थान पर हैं और चौथे दौर में प्रज्ञानानंदा से भिड़ेंगे।

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जीत के साथ यूरोपीय दौरे का समापन किया



- भारत और जर्मनी दोनों टीमों ने पहले हाफ में कोई गोल नहीं किया
- भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शूटआउट 3-1 से जीता
- महिलाओं ने खेला ड्रॉ

**एजेंसी। ब्रेडा**

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी को शूटआउट में हराकर, जबकि महिला टीम ने ओरांजे रूड के खिलाफ ड्रॉ खेलकर यूरोप दौरे का समापन किया।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने मुकेश टोप्पो (33') द्वारा निर्धारित समय में गोल करने के बाद शूटआउट में 3-1 (1-1) से जीत हासिल की। वहीं, ओरांजे रूड के साथ 2-2 से ड्रॉ हुए मैच में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के लिए, संजना होरो (18') और अनीशा साहू (58') ने गोल किया। भारत और जर्मनी दोनों टीमों ने पहले हाफ में कोई गोल नहीं किया। दूसरे हाफ के तीसरे मिनट में मुकेश टोप्पो (33') ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिये गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि चौथे क्वार्टर के चौथे मिनट में जर्मनी ने गोल कर 1-1 की बराबरी हासिल कर ली, जिससे मैच में रोमांच बढ़ गया। दोनों टीमों द्वारा बढ़त लेने के प्रयासों के बावजूद, नियमित समय के अंत में स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहा, जिसके कारण पेनल्टी शूटआउट की नौबत आ गई।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शूटआउट 3-1 से जीता, जिसमें गुरजोत सिंह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने भारत के लिए गोल किए। इसके साथ ही भारत ने जीत के साथ अपने यूरोप दौरे का समापन किया। इस बीच, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम और ओरांजे रूड के बीच पहला क्वार्टर गोल रहित समाप्त हुआ। दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में, संजना होरो (18') ने गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। ओरांजे रूड ने अच्छी प्रतिक्रिया दी, दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने मजबूती से काम किया।

**मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर**

## अंकुशिता बोरो, निशांत देव क्वार्टर फाइनल में



**बैंकॉक।** पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो (60 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) ने बुधवार रात अपने-अपने भार वर्ग में आसान जीत दर्ज करते हुए दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोरो का मुकाबला एशियाई चैंपियन कजाकिस्तान की रिम्मा वोलोसेन्को से था। लेकिन भारतीय मुक्केबाज को अपने प्रतिद्वंद्वी के कद से कोई फर्क नहीं पड़ा और वह राउंड 1 से ही अपने मुक्कों पर काबू पा गई और पूरे मुकाबले में कभी भी परेशानी में नहीं दिखी और 4-1 से जीत हासिल की। दिन के आखिरी मुकाबले में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत ने थाईलैंड के पीरापत येसुंगनोएन को 5:0 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। इससे पहले दिन में अरुंधति चौधरी ने 66 किलोग्राम वर्ग में अपना अभियान प्यूर्टो रिको की स्टेफनी पिएनेरो के खिलाफ पहले राउंड में शानदार प्रदर्शन के साथ शुरू किया। उन्होंने पिएनेरो को सर्वसम्मति से 5:0 का फैसला अपने पक्ष में किया। हालांकि, 92 किग्रा से अधिक भार वर्ग में नरेंद्र बेरवाल का सफर समाप्त हो गया, उन्हें इक्वाडोर के गेरलोन गिलमार कांगो चाला ने शिकस्त दी।

## पाकिस्तान महिला टीम की करारी हार इंग्लैंड टीम ने 178 रनों से मात दी

**एजेंस। चेम्सफर्ड**



नेट सायवर ब्रंट के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे और आखिरी एकदिवसीय मुकाबले में पाकिस्तान की महिला टीम को 178 रनों विशाल अंतर से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से जीत ली हैं। बुधवार को काउंटी ग्राउंड में इंग्लैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में पांच विकेट पर 302 रन का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और आठवें ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज टैमी बोमॉन्ट (11) गवां दिया। उसके बाद 11वें ओवर में माया बूशेर (34) भी आउट होकर पवेलियन लौट गई। तीसरे विकेट के रूप में कप्तान हैदर नाइट (12) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद नेट सायवर ब्रंट और डेनिएल वायट ने पारी को संभाला। नेट सायवर ब्रंट ने नाबाद (124) की शतकीय पारी खेली। वहीं डेनिएल वायट (44), एमी जोंस (27) रन बनाकर आउट हुयी। ऐलिस कैप्सी ने नाबाद 39 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से उम्मे हानी ने दो विकेट लिए। डायना बेग, निदा डार और फातिमा सना ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद इंग्लैंड की गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन का मुजाहिरा करते हुए पाकिस्तान की पूरी टीम 29.1 ओवर में 124 रन पर समेट दिया। पाकिस्तान की शुरूआत खराब रही और उसकी सलामी बल्लेबाज सदफ शम्स (2) को बेल ने दूसरे ही ओवर में बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। उसके बाद सिदरा अमीन (10) रन पर बेल का शिकार बन गई। पाकिस्तान के विकेट लगातार गिरते रहे उसका कोई भी बल्लेबाज इंग्लैंड के गेंदबाजों के आगे टिक नहीं सका। मुनीबा अली ने सर्वाधिक (47) रन बनाये। आलिया रियाज (36), आएशा जफर (13), रन बनाकर आउट हुई।

**कप्तान निदा डार चोट के कारण बल्लेबाजी के लिए मैदान में नहीं उतरी**

## सबसे तेज 100 वनडे विकेट पूरे करने वाली गेंदबाज बनीं सोफी एक्लेस्टोन

**चेम्सफोर्ड।** इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन महिला क्रिकेट में सबसे तेज 100 एकदिवसीय विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिनी मैच के दौरान हासिल की। एक्लेस्टोन ने बुधवार को 4.1 ओवर के अपने स्पेल में तीन विकेट चटकाए, जिसमें उन्होंने सिर्फ 15 रन दिए। इस स्पेल के साथ, उन्होंने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 100 विकेट पूरे किए। उन्होंने सिर्फ 64 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की और ऑस्ट्रेलियाई महान कैथरीन फिट्जपैट्रिक के रिकॉर्ड की बराबरी की, लेकिन ओवरों की संख्या (63) के मामले में रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। नेट साइवर-ब्रंट के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन ने इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने बुधवार को चेम्सफोर्ड के काउंटी ग्राउंड में सीरीज के तीसरे और अंतिम एकदिनी मैच में पाकिस्तान को 178 रनों के बड़े अंतर से शिकस्त दी।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## वित्त वर्ष 25 में 7 प्रतिशत रहेगी वृद्धि दर : आरबीआई

**मुंबई।** भारतीय अर्थव्यवस्था का आउटलुक काफी अच्छा है और वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर 7 प्रतिशत रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा गुरुवार को जारी की गई वार्षिक रिपोर्ट में ये जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद भी वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की रियल जीडीपी में 7.6 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है, जो कि पिछले साल 7 प्रतिशत पर थी। यह लगातार तीसरा वर्ष है, जब अर्थव्यवस्था की वृद्धि 7 प्रतिशत से ऊपर रही है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि मजबूत आधार, अच्छे वित्तीय आंकड़े और कॉरपोरेट सेक्टर के अच्छे प्रदर्शन के कारण वित्त वर्ष 2024-25 में अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ेगी।

## 31 मई तक पैन को आधार से नहीं जोड़ा तो कटेगा दोगुना टीडीएस




**एजेंसी। नई दिल्ली**

आयकर विभाग ने करदाताओं को टीडीएस कटौती से बचने के लिए 31 मई, तक स्थायी खाता संख्या (पैन) को आधार से जोड़ने की सलाह दी है। विभाग ने इस प्रक्रिया को पूरा करने की जानकारी विस्तार से दी है। आयकर विभाग ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि ऊंची दर पर कर कटौती (टीडीएस) से बचने के लिए मात्र एक दिन का समय बचा है। ऐसे में करतादाता 31 मई से पहले अपने स्थायी खाता संख्या (पैन) को आधार से जोड़ लें। आयकर एक्ट के मुताबिक यदि पैन बायोमेट्रिक आधार से जुड़ा नहीं है तो लागू दर से दोगुनी दर पर टीडीएस काटा जाना आवश्यक है। हालांकि, आयकर विभाग ने पिछले महीने एक परिपत्र जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि यदि निर्धारित तारीख 31 मई तक अपने पैन को आधार से लिंक किया जाता है, तो कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### क्या होता है टीडीएस

स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) किसी व्यक्ति के वेतन से काटा गया टैक्स है। इसको सरल शब्दों में आप कह सकते हैं कि टीडीएस एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें किसी व्यक्ति से उसके वेतन या अन्य आय के स्रोत पर कर लिया जाता है। टीडीएस का उद्देश्य आयकर का संग्रह करना और कर चोरी को रोकना है।

## युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य बिगाड़ रहा सोशल मीडिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सोशल मीडिया का इस्तेमाल देश-दुनिया के अरबों लोग कर रहे हैं। हो सकता है कि आप इस खबर को सोशल मीडिया के जरिए ही पढ़ रहे हों, लेकिन क्या आप जानते हैं कि सोशल मीडिया आपकी सेहत को कैसे प्रभावित कर रहा है। आपको जानकर हैरानी होगी कि सोशल मीडिया के कारण दुनियाभर के युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य खराब हो रहा है। पॉपुलर मीडिया जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता है कि युवा वयस्क अपने सोशल मीडिया के इस्तेमाल को सीमित करके अपने मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं। शोधकर्ताओं ने उन लोगों को ध्यान में रखते हुए यह अध्ययन किया जो भावनात्मक रूप से कमजोर पड़ गए थे। अध्ययन से पता चला कि तीन सप्ताह तक स्क्रीन समय को प्रतिदिन एक घंटे तक कम करने से अवसाद, चिंता और कुछ छूट जाने का डर कम हो गया। किशोरावस्था और युवा वयस्कता के दौरान, व्यक्ति बड़े सामाजिक, शारीरिक और भावनात्मक परिवर्तनों से गुजरते हैं। यह उन्हें विशेष रूप से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाता है। आंकड़े बताते हैं कि हर साल लगभग 20% युवाओं में मानसिक विकार का पता चलता है, जिनमें अवसाद और चिंता सबसे आम है।

## टेलीग्राम से जुड़ा माइक्रोसॉफ्ट एआई कोपायलट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई की भूमिका दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम का इस्तेमाल काफी लोग करते हैं। ऐसे में अब इस एप में एक बड़ा बदलाव आने वाला है। दरअसल टेलीग्राम एप के साथ माइक्रोसॉफ्ट एआई पावर्ड कोपायलट चैटबॉट को जोड़ा गया है। ये चैटबॉट यूजर्स के साथ बिल्कुल इंसानों की तरह ही बातचीत करेगा। साथ ही कई खास तरह के फायदे भी देगा।




**स्मार्टफोन और डेस्कटॉप दोनों पर करेगा काम**

आपकी जानकारी के लिए माइक्रोसॉफ्ट एआई कोपायलट कई सारे विषयों के बारे में अच्छी समझ रखता है। यह चैटबॉट गेमिंग, फिटनेस और खेल आदि की जानकारी टेलीग्राम के माध्यम से यूजर्स को देगा। इसका इस्तेमाल स्मार्टफोन और डेस्कटॉप पर भी किया जा सकेगा।

माइक्रोसॉफ्ट ब्लॉग के मुताबिक, टेलीग्राम के साथ माइक्रोसॉफ्ट एआई कोपायलट को एकीकृत किया गया है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि यह चैटबॉट यूजर्स के रोजाना कामों में मदद करेगा। इसके साथ ही यूजर्स इस चैटबॉट के जरिए कई तरह की जानकारियों को कुछ ही मिनटों में हासिल कर लेंगे। माइक्रोसॉफ्ट एआई कोपायलट का इस्तेमाल एंड्रॉयड और आईओएस दोनों यूजर्स कर सकते हैं। डेस्कटॉप यूजर्स भी इसे यूज कर पाएंगे।

**अभी रोलआउट नहीं हुआ है नया अपडेट**

आपको बता दें कि माइक्रोसॉफ्ट एआई कोपायलट को टेलीग्राम एप में फिलहाल सार्वजनिक नहीं किया गया है। ये चैटबॉट अभी भी बीटा टेस्टिंग के स्तर पर है। ये चैटबॉट आधिकारिक तौर पर लॉन्च होने के बाद टेलीग्राम एप में नजर आएगा। चैटबॉट के रोलआउट होने के बाद इस चैटबॉट में कई और फीचर्स को जोड़ा जाएगा।

## कानूनी मामलों में एआई और चैटजीपीटी का हो रहा इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते मणिपुर हाई कोर्ट ने एक बयान में कहा था कि एक मामले पर फैसला लेते समय उसे गूगल और चैटजीपीटी 3.5 के माध्यम से अतिरिक्त शोध करने के लिए मजबूर किया गया था। हालांकि, ये पहली बार नहीं है जब किसी हाई कोर्ट ने रिसर्च के लिए अकका इस्तेमाल किया है। बता दें कि, दुनिया के बाकी हिस्सों की तरह भारत में भी अदालतें न्यायिक कामों के लिए अकका इस्तेमाल किया जा रहा है। मणिपुर एआई ने चैकजीपीटी का इस्तेमाल किया?

36 वर्षीय जाकिर हुसैन को जनवरी 2021 में उनके जिले के ग्राम रक्षा बल (वीडीएफ) से ₹निष्कासित₹ कर दिया गया था। उस दौरान एक कथित अपराधी पुलिस स्टेशन से भाग गया था। वहां उस समय हुसैन ही ड्यूटी पर थे। लेकिन हुसैन को अपनी बर्खास्तगी के आदेश पत्र कभी नहीं मिला।

## हीरो फिनकॉर्प ने 4,000 करोड़ रुपये के आईपीओ को दी मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दोपहिया वाहन बनाने वाली भारत की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प की वित्तीय सेवा देने वाली इकाई हीरो फिनकॉर्प की ओर से 4,000 करोड़ रुपये के आईपीओ को गुरुवार को मंजूरी दे दी गई।

कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, इस आईपीओ में फ्रेश इश्यू के साथ ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) भी होगा।

बता दें, ओएफएस के तहत आईपीओ में कंपनी के मौजूदा निवेशक शेयर बेचते हैं। हीरो फिनकॉर्प ने बयान में कहा, 29 मई, 2024 को कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक हुई थी। इसमें 10 रुपये वाले फेस वैल्यू वाले शेयरों के साथ आईपीओ की मंजूरी दे दी गई है।

कंपनी ने आगे कहा कि 4,000 करोड़ रुपये की वैल्यू वाले इस आईपीओ में फ्रेश इश्यू और ओएफएस शामिल होगा। ओएफएस के तहत कंपनी के मौजूदा शेयरधारकों द्वारा शेयरों की बिक्री की जाएगी। हीरो फिनकॉर्प एक एनबीएफसी कंपनी है। ये दोपहिया वाहनों, अफोर्डेबल सेगमेंट के घरों, शिक्षा और लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए लोन आदि भी उपलब्ध कराती है। कंपनी 4,000 से ज्यादा शहरों और कस्बों में मौजूद है।

हीरो फिनकॉर्प की करीब 40 प्रतिशत हिस्सेदारी हीरो मोटोकॉर्प के पास है। वहीं, 35 से 30 प्रतिशत के करीब हिस्सेदारी मुंजाल परिवार के पास है। बाकी शेष अपोलो ग्लोबल, क्रिस कैपिटल, क्रेडिट सुइस और हीरो मोटोकॉर्प के कुछ डीलर्स के पास हैं। हीरो मोटोकॉर्प का शेयर गुरुवार दोपहर 12:40 को 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,136 रुपये पर कारोबार कर रहा था।




# भाजपा की जा रही सत्ता, आलमगीर व हेमंत को भेजा जेल : इमरान प्रतापगढ़ी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की जगह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी प्रचार के अंतिम दिन राजमहल संसदीय क्षेत्र के साहिबगंज जिला के बरहरवा प्रखंड के गुमानी में विशाल जनसभा का संबोधित किया। जनसभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी उपस्थित थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हम आज विजय को आपके सहयोग से विजयी बनवाने आए हैं।आज मैदान में इतनी भीड़ के बाद भी काफी सुना सुना लग रहा है क्योंकि आज आलमगीर आलम साहब इस सभा में नहीं है। हम संकट के दौर से गुजर रहे हैं, प्रधानमंत्री मोदी के इशारे पर एक रणनीति के तहत पहले हेमंत सोरेन और फिर आलमगीर आलम साहब को जेल भेजा गया ताकि इस क्षेत्र में इंडिया जनबंधन कमजोर हो लेकिन आपके सहयोग से भाजपा नेताओं को यह संदेश पहुंच गया है।



## महंगाई से जनता में हाहाकार,सोया है चौकीदार

इस अवसर पर अपनी कविता के द्वारा इमरान प्रतापगढ़ी प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए कहा जनता महंगाई के मारे कर रही हाहाकार,कहां सोया है चौकीदार । इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि गुमानी से ही केंद्र के हुकूमत की गुमान टूटेगी। मैने हिंदुस्तान की राजनीति में आलमगीर आलम जैसा ईमानदार व्यक्ति नहीं देखा है, मोदी सरकार ने इन्हें जेल भेजा, हेमंत सोरेन को जेल भेजा, क्योंकि उनके नीचे से जमीन खिसक रही है, इन्हें आभास हो गया है कि उनकी सत्ता जाने वाली है और सत्ता के बिना ये रह नहीं सकते। भाजपा के नेता बेशर्मी के साथ संविधान बदलने के लिए 400 सीटे जनता से मांग रहे हैं, दूसरी तरफ कांग्रेस और इंडिया जनबंधन है जो संविधान पर आंच नहीं आने देगी। हमारे नेता राहुल गांधी संविधान की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं । इस संघर्ष में आपको हमारा साथ देना है। हम देश की जनता के मन को पढ़कर कह रहे हैं की 4 जून को मोदी देश के प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। मोदी सरकार 2000 का नोट 7 साल नहीं चल सकी और वह हमसे 70 सालों का हिसाब मांगते हैं अगर इस बार हम चुके तो देश में चुनाव कभी नहीं होंगे।

# कांग्रेस नहीं आएगी सत्ता में, फिर भी चांद-सितारे लाने का कर रही वादा

**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**

**भाजपा के अल्पसंख्यक नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने गोड्डा में इंडी गठबंधन के नेताओं पर जमकर निशाना साधा । भाजपा नेता ने कहा कि पूरे देश की जनता के साथ खुद कांग्रेस भी अच्छी तरह जान रही है कि वह 2024 में भी सत्ता में नहीं आने वाली है, इसके बावजूद देश के लोगों को हसीन सपने दिखा रही है, कुछ भी वादा कर रही है और चांद सितारे लाने का वादा कर रही है। न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी।**

## दाढ़ी बढ़ाने से हेमंत को नहीं मिलेगी सहानुभूति

शाहनवाज हुसैन ने कहा कि तेजस्वी यादव के पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार में सन ऑफ



मल्लाह को गले लगा खूब समान में उड़ रहे है और झारखंड में अल्लाह के एक बंदे को छोड़ दिया है यह कैसे सहयोगी हैं। शाहनवाज ने हेमंत सोरेन बढ़ी दाढ़ी पर कहा कि इससे जनता की सहानुभूति नहीं मिलेगी। हेमंत सोरेन आजादी की लड़ाई के लिए नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के मामले में जेल गए हैं। भोली भाली झारखंड की जनता को बेवकूफ न बनाएं। गौरतलब है कि जेल मे हेमंत सोरेन ने दाढ़ी बढ़ा ली है। अपने आपको गुरुजी के लुक में दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि वे अल्पसंख्यकों के बीच भी जा रहे हैं और भाजपा से जुड़ने की अपील कर रहे हैं। साथी ही धर्म के आधार पर अल्पसंख्यक को आरक्षण में कोटा तय करना गलत है। शहनवाज हुसैन ने बिहार की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हमें सिर्फ एक नई सीट जितनी है और इस बार 40 में 40 जीतना है। राजद का खाता नहीं खुलेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में माय बाप की राजनीति हो रही है। एक तरफ मीसा और रागिनी बहन को टिकट दिया जा रहा दो दूसरी तरफ शहाबुद्दीन की बेवा को टिकट नहीं दिया।

# मोदी तीसरी बार पीएम बने तो कभी नहीं होगा चुनाव : पप्पू यादव



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

बिहार कांग्रेस के नेता और पूर्णिया से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पप्पू यादव ने कहा कि न केवल उन्हें बल्कि पूरे इंडी गठबंधन को यह अंदेशा है कि अगर नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीएम बनते हैं, तो इस देश में कभी चुनाव नहीं होगा। लोकतंत्र की बात छोड़ दें, रूस और चाईना की तर्ज पर ये चुनाव को कानून और संविधान संशोधन करके लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समाप्त कर देगी। नरेंद्र मोदी और आरएसएस की पूरी मंशा इस देश में चुनावी प्रक्रिया को खत्म करने की है। एक बादशाहत काम करना, अंतिम जीवन तक राष्ट्राध्यक्ष बने रहने की इनकी पूरी मंशा हैं, इसलिए ये 400 पार सीट मांग रहे हैं। 400 पार केवल संविधान बदलने के लिए नहीं बल्कि चुनावी प्रक्रिया को ही खत्म करने के लिए मांग रहे हैं। पप्पू यादव ने कहा कि दुनिया के इतिहास में सबसे झूठ बोलने वाले, आरोप प्रत्यारोप, हमारे भारतीय संस्कृति में ऐसे शब्दों का प्रयोग नहीं किया, जितना हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। आज उन्होंने कहा कि हमारा मुंह न खुलावाएं नहीं तो सात पुश्त नंगा कर देंगे।

झामुमो के प्रवक्ता व महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देश में आखिरी चरण का मतदान एक जून को होगा। झारखंड में भी अंतिम चरण के तहत तीन सीटों



*पाकुड़ में राजमहल के सांसद सह इंडी गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा में झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। कहा, मोदी सरकार में आदिवासियों , ओबीसी व अनुसूचित जातियों के साथ भेदभाव किया गया।*

# ओबीसी मोर्चा ने संताल के तीनों सीट पर इंडी गठबंधन की जीत का किया दावा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में 1 जून को झारखंड में लोकसभा सीटों के लिए होने वाले चुनाव में गोड्डा से प्रदीप यादव,राजमहल से विजय हंसदा और दुमका से नलिन सोरेन की जीत पक्की है।ए सभी सीटें इंडिया गठबंधन एक तरफा जीत रही है। और झारखंड के 14 में से 8 सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत निश्चित होगी। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने संथाल के दौरे से लौटने के पश्चात रांची में एक प्रेस वार्ता में कही। गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी संथाल परगना क्षेत्र में मजबूती से इंडिया गठबंधन के पक्ष में जनसंपर्क, नुक्कड़ सभा, और रैली के माध्यम से मतदाताओं को इंडिया गठबंधन को वोट करने के लिए प्रेरित की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 7 दिनों से वो लगातार गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों, देवघर जिले के कई प्रखंड और पंचायतों का दौरा कर प्रदीप यादव के पक्ष में ओबीसी मतदाताओं को गोलबंद किया हूं। इंडिया गठबंधन के द्वारा ओबीसी के प्रमुख मुद्दों सहित युवा, महिला,किसान मजदूर आदि के मुद्दे को घोषणा पत्र में शामिल किए जाने से मतदाताओं का रुझान इन्डिया गठबंधन के प्रति बढ़ा है।

## 29.94 लाख की ठगी करने वाला साइबर अपराधी दिल्ली से गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी ) के साइबर क्राइम थाना ने दिल्ली के छावला थाना क्षेत्र से एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराध रवि शंकर द्विवेदी के पास से मोबाइल, सिम कार्ड और व्हाट्सएप चार्ट बरामद किया गया है। डीएसपी नेहा बाला ने गुरुवार को बताया कि साइबर क्राइम थाने में पीड़ित महिला ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उससे व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया गया। महिला से कहा गया कि आपको इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक कर स्क्रीन शॉट भेजने का पार्ट टाइम जॉब ऑफर किया गया। महिला ने जब यह काम करना शुरू कर दिया, तो उसे टास्क दिया जाने लगा। हर टास्क के लिए पैसे मिलने लगे। इससे महिला को आगे भी यह काम करते रहने का प्रोत्साहन मिला। इसके बाद साइबर अपराधी ने महिला को एक टेलीग्राम आईडी के माध्यम से संपर्क कर टास्क और हाइअर रेटिंग के लिए संपर्क किया।

# भाजपा प्रभारी ने मां दिउड़ी से लिया आशीर्वाद, बोले सभी सीटें जीतेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान के अंतिम दिन गुरूवार को तमाड़ के प्रसिद्ध दिउड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की और मत्था टेका और मां का आशीर्वाद लिया। भाजपा नेता ने मां दिउड़ी से झारखंड की सभी सीटों पर भाजपा की जीत के लिए मन्नत मांगी। दिउड़ी मंदिर में इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि झारखंड में भाजपा 14 सीटें जीतने जा रही है। मोदी सरकार के जनहित में किये गए काम और झारखंड सरकार के भ्रष्टाचार के बारे में जनता को बताकर हमने वोट मांगा है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की ओर से यह दुष्प्रचार किया जा रहा है कि झारखंड में आदिवासियों ने भाजपा से दूरी बना ली है। इस पर करारा प्रहार करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि पूर्व



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके गैंग के लोग ही उनके साथ रह गए हैं। उन्होंने कहा कि शेष झारखंड के आदिवासी बहुत ही सरल और देशभक्त हैं। वे सभी लोग भाजपा के साथ हैं। मोदी सरकार के साथ देश निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने के लिए वे भाजपा के साथ हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो और उनके साथियों का झूठा प्रचार नहीं चलने वाला है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा है। देश के लोग जानते हैं कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक बिना किसी भेदभाव के अगर देश का कोई विकास कर सकता है तो वो हैं नरेन्द्र मोदी। देश की जनता यह भी जानती है कि अगर देश किसी एक व्यक्ति के हाथों में सुरक्षित रह सकता है।

# न्यूज बॉक्स

## झारखंड विधानसभा की गठित समितियों को मिला कार्यकाल का विस्तार

**रांची।** वर्ष 2023-24 के लिए झारखंड विधानसभा की गठित समितियों के कार्यकाल को विस्तार दिया गया है। इस संबंध में विधानसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी की है। इसके अनुसार, जब तक विधानसभा की नई समितियों का गठन नहीं हो जाता, तब तक उक्त तिथि तक 2023-24 के लिए गठित समिति को विस्तारित कर दिया गया है। यानी, वर्तमान में गठित विभिन्न समितियां अपना कार्य करती रहेंगी। हिंदी विद्यापीठ से शैक्षणिक योग्यता की उपाधि लेकर नौकरी पानेवाले सचिवालय के दो सहायकों को बैक डेट से आर्थिक लाभ देते हुए प्रमोशन भी दिया गया है।

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने के चार आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में गुरुवार को बरी कर दिया है। इस मामले में ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष ने पीड़िता सहित पांच गवाह पेश किये थे। लेकिन यह गवाह साबित नहीं कर पाये कि आरोपित युवकों ने ही सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इसके बाद पोक्सो की विशेष कोर्ट ने चारों आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। आरोपितों की ओर से अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने बहस की। पीड़िता के पिता के जरिये दर्ज करवायी गयी प्राथमिकी के अनुसार 27 दिसंबर 2023 को एक शादी समारोह में जाने के दौरान पीड़िता का परिचित मनीष उरांव और उसके दोस्त बिजला उरांव, संदीप उरांव और प्रकाश उरांव ने अगवा कर दुष्कर्म किया। पीड़िता के बयान पर बेड़ो थाना में कांड संख्या 3/2024 दर्ज करायी गयी थी।

## कुख्यात मानव तस्कर पन्नालाल महतो की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** एनआईए की विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने गुरुवार को कुख्यात मानव तस्कर पन्नालाल महतो की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अपने जमानत के लिए पन्नालाल की ओर से अदालत में 10 अप्रैल को जमानत याचिका दाखिल की गई थी। उल्लेखनीय है कि झारखंड की गरीब बेटियों को बहला फुसलकर काम दिलाने के बहाने बड़े-बड़े महानगरों में बेचने का आरोप है । इस अपराध में पन्ना लाल महतो की पत्नी सुनीता देवी भी आरोपित है। पन्नालाल महतो और उनकी पत्नी पर 15 साल में 5000 गरीब बच्चियों का सौदा कर 100 करोड़ रुपया अर्जित करने का भी आरोप है। तीन प्लेसमेंट कंपनी के जरिए झारखंड के बच्चियों को काम दिलाने के नाम पर देश के बड़े-बड़े महानगरों में ले जाकर बेच दी जाती थी। पन्ना लाल महतो को झारखंड पुलिस ने खूंटी से गिरफ्तार किया था। खूंटी के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) थाने में 19 जुलाई 2019 को दर्ज एक केस में गिरफ्तार किया था। उस वक्त से ही वह जेल में है। इस केस को टेकओवर करते हुए एनआइए ने चार मार्च 2020 को प्राथमिकी दर्ज की थी। अनुसंधान के दौरान एनआइए को यह जानकारी मिली कि आरोपित पन्ना लाल महतो और उसकी पत्नी सुनीता देवी दिल्ली में तीन प्लेसमेंट एजेंसी से बड़े पैमाने पर मानव तस्करी कर रही है। आरोपित झारखंड से गरीब और निर्दोष बच्चे-बच्चियों को नौकरी दिलाने के नाम पर तस्करी करते हैं और दिल्ली तथा आसपास के राज्यों में उनका सौंदा कर देते हैं। वहां उनका शोषण होता है।

## डीसी एवं डीडीसी की अध्यक्षता में हर महीने होगी समीक्षा बैठक

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) ने विभिन्न जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र भेजकर समग्र शिक्षा के तहत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की समीक्षा के लिए हर महीने जिलों के उपायुक्तों (डीसी) एवं उप विकास आयुक्तों (डीडीसी) की अध्यक्षता में बैठक करने का निर्देश दिया है। पत्र में कहा गया है कि उपायुक्त झारखंड शिक्षा परियोजना के जिला कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष होते हैं। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बताया कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के स्मृति पत्र में अंकित है कि जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक समय-समय पर की जानी है, किंतु किसी भी जिले द्वारा इसका सतत अनुपालन नहीं किया जा रहा है। सभी जिले को हर तीन महीने में जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक करना अनिवार्य है। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी अपने स्तर से अग्रेतर कार्रवाई करेंगे। पत्र में निर्देश दिया गया है कि समग्र शिक्षा के तहत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, गतिविधियों की समीक्षा के लिए हर महीने उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक कराई जाए। साथ ही, जिले के उप विकास आयुक्त के साथ भी समग्र शिक्षा के विभिन्न गतिविधियों की जानकारी एवं सुचारू रूप से कियान्वयन के लिए समय-समय पर उनका सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए उनकी अध्यक्षता में भी बैठक किए जाने की आवश्यकता है। उक्त बैठक की कार्रवाई से झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद को समय-समय पर अवगत कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

- जेईपीसी ने जिला शिक्षा पदाधिकारियों को भेजा पत्र

## घरेलू विवाद में बेटी ने अपनी मां को कुल्हाड़ी से काट डाला

**रांची ।** झारखंड के चांडिल में एक खौफनाक घटना घटी। पाल-पोस कर बड़ा करने वाली मां को ही उसकी बेटी ने कुल्हाड़ी से काट कर मार डाला है। मृतक की शादीशुदा बेटी अपने मायके आई हुई थी। रात के वक्त खाने बनाने के क्रम में किसी बात पर विवाद बढ़ता चला गया और परिस्थिति अनियंत्रित हो गई। तभी बेटी अपना आपा खो बेठी और अपनी ही मां को मार डाला। मृतक लूसी मंजियाइन काफी वृद्ध थी। घटना चांडिल थाना क्षेत्र के रसुनिया गांव की है। घटना के बाद पुलिस को जानकारी मिलते ही मृतक की बेटी को उसके ससुराल में जाकर गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार वृद्ध महिला का बेटा विजय हांसदा ने बहन के खिलाफ चांडिल थाने में केस दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार, रात के करीब 11:00 बजे विजय हांसदा घर लौटा, तो उसकी मां घर पर खून से लथपथ पड़ी हुई थी और उसकी बहन घर से गायब थी। पुलिस मृतका की बेटी को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करने पर पता चला कि खाने बनाने के दौरान घरेलू मामले पर विवाद बढ़ जाने पर घटना घटी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# पृष्ठ एक के शेष

**दिनदहाड़े सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी...**

पहने उनके घर में घुसते हैं। ऐसा दशार्ते हैं कि आसपास वालों को यह लगे कि वे सुशीला देवी के रिश्तेदार हैं। 1 घंटे के भीतर उन चारों लोगों ने हत्याकांड को अंजाम दिया और फिर घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर अपने साथ लेकर चलते बने। ताकि पुलिस को अपराधियों की पहचान करने में मुश्किल हो।

**तेजी से भागते लड़के लड़कियों को देख मोहल्ले वालों ने किया पीछा :** अपराधियों को देखने वाले चश्मदीद प्रदीप चक्रवर्ती ने बताया कि वह अपने घर में झाड़ू लगा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने अशर्फी प्रसाद के घर के बाहर संदिग्ध रूप से घूमते हुए तीन लड़के और एक लड़की को देखा। लेकिन उन्हें यह पता चला कि प्रणाम कर वे लोग अंदर घुसे हैं, तो ऐसा महसूस हुआ कि वह उनके जान पहचान के होंगे। लेकिन कुछ ही देर बाद अचानक चारों लोग काफी तेजी से हड़बड़ा कर बाहर भागते हुए नजर आए। यह देखकर प्रदीप चक्रवर्ती ने झाड़ू फेंका और उन लोगों का पीछा किया। लेकिन चारों लोग गली से निकलते ही गायब हो गए। किसी को उनकी कोई भनक तक नहीं लगी। घटना की सूचना मुहल्लेवासियों ने पुलिस को दी, इसके बाद पुलिस ने इस वारदात की जानकारी अशर्फी प्रसाद को दी।

**53 लाख वोटर करेंगे 52...**

कोई खुफिया इनपुट नहीं है। दुमका के तीन बूथों को बदला गया है। मतदानकर्मी शुक्रवार को मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे और शनिवार को मतदान के बाद सभी मतदानकर्मी वापस लौट जाएंगे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस बार दिनभर मतदान होगा, इसलिए सभी मतदाता मतदान जरूर करें। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे।

**241 बूथ पर महिला, 7 पर दिव्यांग संभालेंगे कमान :** सीईओ ने बताया कि तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र गोड्डा, राजमहल और दुमका में कुल मतदाताओं की संख्या 53,23,886 है। उनमें 27,00,538 पुरुष, 26,23,315 महिला समेत 33 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। वहीं कुल बूथों की संख्या 6258 है। इनमें से 489 बूथ शहरी इलाके में और 5769 बूथ ग्रामीण क्षेत्र में हैं। 241 बूथों की कमान महिलाओं के हाथों में होगी। जबकि 7 बूथों पर दिव्यांग और 11 पर युवा मतदान की सारी व्यवस्था संभालेंगे। 18 बूथ यूनिक हैं। गोड्डा में मुख्य मुकाबला भाजपा के वर्तमान सांसद निशिकांत दुबे व कांग्रेस प्रत्याशी यादव के बीच है। जबकि दुमका में मुकाबला झामुमो के नलिन सोरेन व भाजपा प्रत्याशी शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन के बीच है। वहीं राजमहल में मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी व झामुमो के वर्तमान सांसद विजय हांसदा के बीच है। यहां झामुमो के बागी प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम ने मुकाबले का तीसरा कोण बनाने की भरपूर कोशिश की है।

**मृत चमगादड़ों का मांस पका कर...**

बीडीओ एवं अन्य विभागीय अधिकारियों ने मृत पक्षियों के शव को छूने से लोगों को सख्ती से मना किया। साथ ही कड़ाके की धूप एवं लू से बचने की सलाह दी। कहा कि बहुत जरूरी होने पर ही कपड़े से सिर और शरीर ढक कर बाहर निकलें। खाली पेट नहीं रहे एवं लगातार पानी, शरबत, ओआरएस आदि पीते रहें। ककड़ी, तरबूज, खीरा आदि का सेवन बढ़ा दें। कुछ दिनों तक अभी मौसम इसी तरह का रहेगा। जिससे सावधानी के साथ बचने की जरूरत है। कहा कि बच्चों एवं बुजुर्गों पर विशेष ध्यान दें एवं धूप एवं लू से बचें। मौके पर पशु चिकित्सक डॉ. अमित कुमार अमित,आइडीएसपी संतोष मिश्रा, मलेरिया विभाग अरविंद द्विवेदी, स्वास्थ्य विभाग से आलोक सिंह, संजय ठाकुर,सूचित सिंह, पूनम कुमारी, आशा देवी सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

**मृत चमगादड़ों का सैंपल...**

अधिकारी व कर्मचारियों का जमावड़ा सुंडीपुर में लगा रहा। सबसे पहले भवनाथपुर वन क्षेत्र के रेंज अफसर प्रमोद कुमार ठाकुर के नेतृत्व में अनिल गिरी फॉरेस्टर एवं वन कर्मियों की टीम सुंडीपुर पहुंची। उन्होंने उन सभी स्थानों का मौके पर जाकर जायजा लिया जहां पर चमगादड़ों की बड़ी संख्या में मौत हुई थी। वन विभाग के कर्मचारियों ने अधिकारियों के आदेश पर काफी संख्या में चमगादड़ों का शव इकट्ठा कर उसे आग के हवाले किया। कुछ देर के बाद पशु चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में पशुपालन विभाग की टीम भी सुंडीपुर पहुंची। उन्होंने भी मौके पर जाकर जायजा लिया। पशुपालन विभाग की टीम ने चमगादड़ों के शव को सील बंद कर पुणे प्रयोगशाला में भेजने के लिए इसे सुरक्षित रख लिया। इसके बाद कांडी के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी मोहम्मद आफताब आलम भी सुंडीपुर पहुंचे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने चौधरी टोला के नजदीक सुंडीपुर बगीचा में पीपल पेड़, सुंडीपुर देवी धाम के पूर्व बरगद का पेड़ एवं गोरेया बाबा के पास पीपल के पेड़ के निकट इस हादसे को लेकर मौका मुआयना किया।

**हेमंत सोरेन की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से...**

अब तक कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसी बीच हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट में रेगुलर बेल पिटीशन फाइल कर रखी है, जिस पर 10 जून को सुनवाई होनी है। बीते मंगलवार को जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की वेकेशन बेंच ने इस मामले की सुनवाई की थी। लेकिन, उन्हें तत्काल राहत नहीं मिल पाई। ईडी ने इस मामले में जवाब दाखिल करने और पक्ष रखने के लिए समय की मांग की। कोर्ट ने एजेंसी को 10 जून के पहले शपथ पत्र के जरिए जवाब दाखिल करने को कहा है। इसके पहले इस मामले में रांची की स्पेशल पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) कोर्ट ने 13 मई को हेमंत सोरेन की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सोरेन ने ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की थी। 21-22 मई को सुप्रीम कोर्ट की वेकेशन बेंच ने याचिका पर सुनवाई की थी। सुनवाई को दौरान कोर्ट ने इस बात पर नाराजगी जताई थी कि सोरेन की ओर से फाइल की गई पिटीशन में इस फैक्ट को छिपाया गया है कि उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की स्पेशल कोर्ट संज्ञान ले चुकी है। इसके बाद सोरेन की ओर से याचिका वापस ले ली गई थी।




## धर्म आधारित आरक्षण से बाबा साहब की भावना का अपमान कर रहे

# कट्टर भ्रष्टाचारियों और झूठवादियों ने पंजाब को गैंगवार में झोंका

एजेंसी

**होशियारपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब के होशियारपुर में गुरुवार को अपनी आखिरी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर प्रहार किया। इस दौरान पीएम मोदी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि इन कट्टर भ्रष्टाचारियों और झूठवादियों ने पंजाब को गैंगवार में झोंक दिया है। ये कट्टर भ्रष्टाचारी, भयंकर झूठवादी तो नारी उत्पीड़न में भी नंबर वन बनते जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव के आखिरी और सातवें चरण के लिए एक जून को मतदान होना है। गुरुवार शाम को चुनाव प्रचार का शोर थम जाएगा। पीएम मोदी ने कहा, मोदी ने एक संकल्प लिया है कि वो दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण किसी को भी छीनने नहीं देगा। अपनी सरकार के 10 साल में मैंने लगातार एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण की रक्षा की। ये कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले मेरी इस कोशिश से भी भड़के हुए हैं। दरअसल, आरक्षण को लेकर इनके खुद के इरादे बहुत खतरनाक हैं। इनका पूरा ट्रैक रिकॉर्ड एससी-एसटी, ओबीसी का आरक्षण छीनने का रहा है -- सरकारी नौकरी में धर्म के आधार पर आरक्षण हो, स्पोर्ट्स के आधार पर हो या यूनिवर्सिटी के दाखिले में धर्म के आधार पर। ये संविधान की भावना का, बाबा साहब अंबेडकर की भावना का अपमान कर रहे हैं। ये दलितों और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर उसे सिर्फ और सिर्फ मुसलमानों को देना चाहते हैं। ये धर्म के आधार पर देश को बांटने की एक और बड़ी गहरी साजिश है।

प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। अब कांग्रेस के साथ एक और कट्टर भ्रष्टाचारी पार्टी भी जुड़ गई है। इतना ही नहीं, यह भयंकर झूठवादी पार्टी भी है। यहां तो आमने-सामने लड़ने का ड्रामा कर रहे हैं। दिल्ली में एक साथ चुनाव लड़ रहे थे और लोग भूले नहीं कि झूठवादी पार्टी की पहली सरकार कांग्रेस के समर्थन से दिल्ली में बनी थी। इन्होंने नशा मुक्त के इतने भाषण दिए, पूरे पंजाब को बदनाम करने के लिए 'उड़ता पंजाब' फिल्म बनाई। लेकिन इन्होंने आते ही नशे को अपनी कमाई का साधन बना लिया। इन कट्टर भ्रष्टाचारियों और झूठवादियों ने पंजाब को गैंगवार में झोंक दिया है। इन लोगों ने पंजाब में उद्योग और खेती दोनों को बर्बाद कर दिया।

> इन लोगों ने पंजाब में उद्योग और खेती दोनों को बर्बाद कर दिया



### सोशल मीडिया एक्स पर भी वीडियो किया शेयर

## पीएम मोदी ने काशी की जनता से मांगा आशीर्वाद, भोजपुरी में दिया खास संदेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के लिए एक जून को मतदान होना है। इसके बाद चुनाव के नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। पीएम नरेंद्र मोदी की संसदीय सीट वाराणसी में भी अंतिम चरण में 1 जून को मतदान है। इस सीट से पीएम मोदी दो बार सांसद रह चुके हैं और तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने काशी की जनता के नाम एक वीडियो संदेश जारी किया। खास बात यह है कि पीएम मोदी ने काशीवासियों के नाम भोजपुरी में यह संदेश दिया है। इस वीडियो संदेश को पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, "काशी के सभी परिवारजनों को मेरा प्रणाम।" पीएम मोदी ने काशी के मतदाताओं से कहा, लोकसभा चुनाव के मतदान का दिन आ गया है। मेरे लिए काशी भक्ति, शक्ति और विरक्ति की नगरी है। काशी विश्व की सांस्कृतिक राजधानी है, संगीत की धरती है। इस नगरी का प्रतिनिधि होना बाबा विश्वनाथ की असीम कृपा से और आप काशीवासियों के आशीर्वाद से ही संभव है। काशी के लिए इस बार का चुनाव नवकाशी के साथ ही विकसित भारत के निर्माण का भी चुनाव है। काशी के लोगों को 1 जून के दिन नया रिकॉर्ड बनाना है।

> पीएम नरेंद्र मोदी की संसदीय सीट वाराणसी में भी अंतिम चरण में 1 जून को मतदान है...

### अबकी बार 400 पार' प्रिंटेड टीशर्ट पहनकर किया मोदी का प्रचार

वाराणसी। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में एक जून को वोट डाले जाएंगे। अंतिम चरण में यूपी ही नहीं बल्कि देश की हॉट सीट वाराणसी में भी वोट डाले जाएंगे। वोटिंग से पहले वाराणसी में भाजपा नेता और कार्यकर्ता पीएम मोदी के पक्ष में चुनाव प्रचार करते नजर आ रहे हैं। चुनाव प्रचार थमने से पहले वाराणसी के अलग-अलग घाटों पर लोगों ने पीएम मोदी के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान लोगों ने पीएम मोदी के विकास कार्यों की तारीफ की। प्रचार में शामिल लोग 'फिर एक बार मोदी सरकार', 'नमो वंस अगेन', 'अबकी बार 400 पार' जैसे नारे लगाए।

# अब प्रधानमंत्री मोदी की साधना यात्रा पर बवाल



**पक्ष** ने इसे आस्था का मामला बताया, 30 जून को चुनाव प्रचार समाप्त हो चुका है

**विपक्ष** ने इसे मार्केटिंग इवेंट बताते हुए चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को पंजाब में चुनाव प्रचार समाप्त कर कन्याकुमारी साधना करने पहुंच गए हैं। अब इसे लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गया है। विपक्ष उनके इस कदम को जहां मार्केटिंग बता रहा है, वहीं बीजेपी इसे प्रधानमंत्री की निजी आस्था कह रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव के संपन्न होने के बाद भी पीएम मोदी केदारनाथ ध्यान करने गए थे, लेकिन इस बार प्रधानमंत्री ऐसे वक्त में ध्यान करने जा रहे हैं, जब सातवें चरण का चुनाव बाकी है। सातवें चरण का चुनाव एक जून को होना है। विपक्ष उनके इस कदम को चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बता रहा है। विपक्ष का कहना है कि ऐसे वक्त में जब चुनाव संपन्न भी नहीं हुए हैं, प्रधानमंत्री अपने राजनीतिक फायदे के लिए कन्याकुमारी का रुख कैसे कर सकते हैं? विपक्ष के इन्हीं आरोपों का अब बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला और आचार्य प्रमोद कृष्णम ने जवाब दिया है। शहजाद पूनावाला ने कहा, कांग्रेस और इंडी अलायंस के दिवालियापन की कोई सीमा नहीं है।

30 तारीख को चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद अगर कोई अपनी आस्था के केंद्र में जाकर तपस्या करना चाहता है, तो विपक्षियों को इससे क्या परेशानी है? प्रधानमंत्री को स्वामी विवेकानंद जी से प्रेरणा मिलती है और वो कन्याकुमारी तपस्या करना चाहते हैं, तो विपक्षियों को मिर्ची क्यों लग रही है? यह बात समझ से परे है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा, 2024 का चुनाव धर्म युद्ध है। एक तरफ वो लोग हैं, जो धर्म को बचाना चाहते हैं और दूसरी तरफ वो लोग हैं, जो धर्म के खिलाफ है। इस तरह से यह पूरा चुनाव धर्म युद्ध बन चुका है। आसुरी शक्ति से लड़ने के लिए एक आध्यात्मिक शक्ति की जरूरत होती है।



*प्रधानमंत्री मोदी अपनी मार्केटिंग करने कन्याकुमारी जा रहे हैं। पीएम मोदी फोटो खिंचवाने और शूटिंग करवाने के लिए कन्याकुमारी जा रहे हैं। पिछली बार गुफा में बैठकर फोटो खिंचवा रहे थे। इस बार वह कन्याकुमारी जा रहे हैं। प्रधानमंत्री से निवेदन है कि मीडिया और कैमरा पर प्रतिबंध लगा दें। शांति से वहां जाकर ध्यान करें ताकि उनके ध्यान में कोई बाधा न पड़े।*

**तेजस्वी यादव, राजद नेता**



*भाजपा की ओर से विरोधियों के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब चुनावी प्रचार अभियान में बोलते थे तब ये त्राहिमाम मचा देते थे। अब पीएम मोदी मौन व्रत पर जाकर ध्यान करने वाले हैं, इस पर भी इन्हें समस्या है। मतलब मोदी का चुप रहना भी इनको अंदर से डरा देता है।*

**अजय आलोक, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता**



*पीएम को कैमरा नहीं ले जाना चाहिए, ध्यान करिए, ध्यान के नाम पर पाखंड और ढोंग से परमात्मा नाराज होंगे, कैमरा मुक्त ध्यान कीजिए। इन सब मामलों में मौन रहने से चुनाव आयोग की कार्यशैली पर सवाल उठता है।*

**मनोज झा, राजद सांसद**



*पीएम जहां भी जाते हैं, इसकी जानकारी मीडिया, सोशल मीडिया के माध्यम से जनता को मिलती है और मिलनी भी चाहिए। देश के प्रधानमंत्री हैं और देश की जनता को यह जानने का अधिकार बनता है। विपक्ष खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है, उन्हें पता है कि वो हार रहे हैं।*

**चिराग पासवान, लोजपा (रामविलास) प्रमुख**

## मनमोहन सिंह ने पंजाब के वोटरों के नाम लिखा खत

### भाजपा और मोदी पर बोला हमला

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने राज्य में 1 जून को होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी ने पिछले 10 साल में पंजाब और पंजाबियत को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। पूर्व प्रधानमंत्री ने राज्य के लोगों के नाम पंजाबी में लिखे एक पत्र में यह बात कही है। पत्र पर 28 मई की तारीख है जिसे कांग्रेस ने गुरुवार को अपने एक्स हैंडल पर साझा किया।

डॉ. सिंह ने इस पत्र में लिखा है, 750 किसान, जिनमें से ज्यादातर पंजाब से थे, दिल्ली की सीमाओं पर महीनों तक इंतजार करते हुए शहीद हो गए। जब लाठी और रबर की गोलियों से भी मन नहीं भरा तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में हमारे किसानों को 'आंदोलन जीवी' और 'परजीवी' कहकर उनका अपमान किया। किसानों की सिर्फ यही मांग थी कि उनसे चर्चा किए बिना उन पर थोपे गए कृषि कानूनों को वापस लिया जाए। पत्र में उन्होंने लिखा है, पंजाबी योद्धा हैं। हमें हमारी बलिदान भावना के लिए जाना जाता है।

## इंडिया गठबंधन की बहुमत वाली सरकार बनेगी : मल्लिकार्जुन

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विश्वास जताया है कि 4 जून को देश में इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनेगी। केंद्र में सरकार आने पर कांग्रेस के घोषणा पत्र में दी गई गारंटियों और न्याय पत्र की घोषणाओं को पूरा किया जाएगा। इंडिया गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री कौन होगा, इस पर खरगे का कहना है कि गठबंधन के सभी दल मिलकर इस विषय पर चर्चा करेंगे। सभी दलों की सहमति से प्रधानमंत्री चुना जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने दिल्ली में कहा कि हमें विश्वास है कि 4 जून को जनता एक नई वैकल्पिक सरकार का जनादेश देगी। कांग्रेस ने 1 जून को इंडिया गठबंधन की मीटिंग बुलाई है। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि यह एक अनौपचारिक मीटिंग है। इस मीटिंग में फार्म 17सी और मतगणना की तैयारी पर चर्चा की जाएगी।

### लोकसभा चुनाव 2024

## 75 दिनों में 206 कार्यक्रम और 80 साक्षात्कार

# विपक्षियों को अपनी ऊर्जा से टक्कर देते रहे पीएम

*दक्षिण के राज्यों से शुरू हुआ चुनाव अभियान गुरुवार को होशियारपुर में समाप्त हुआ*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इस बार का लोकसभा चुनाव सात चरणों में संपन्न हो रहा है और चुनाव का नतीजा 4 जून को घोषित होगा। 16 मार्च को चुनाव आयोग की तरफ से लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई थी। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव आचार संहिता लागू होने के पहले से ही देश भर के लगभग सभी राज्यों का मैराथन दौरा कर रहे थे। लेकिन, चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ देश के दक्षिण छोर से शुरू हुआ उनका प्रचार अभियान उत्तर में स्थित पंजाब के होशियारपुर में आकर समाप्त हुआ। जहां पीएम मोदी ने गुरुवार को एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस चुनाव में पार्टी के पक्ष में पीएम मोदी की मेहनत साफ नजर आई। विपक्ष के फायर ब्रांड नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल जैसे नेता एक तरफ और पूरे चुनाव प्रचार अभियान के दौरान नरेंद्र मोदी एक तरफ सबको अपनी ऊर्जा से टक्कर देते नजर आए। आंध्र प्रदेश के पालनाडु से चुनाव प्रचार की शुरूआत कर पीएम मोदी ने इस अभियान का समापन 30 मई को पंजाब के होशियारपुर में किया।

यानी 75 दिन की इस अवधि में पीएम मोदी ने 180 रैलियां और रोड शो किए हैं। पीएम मोदी की रैलियों के साथ उनके रोड शो और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने का आंकड़ा देखें तो यह संख्या 206 है। इसके साथ ही उन्होंने इस दौरान 80 से ज्यादा मीडिया चैनलों, अखबारों, यूट्यूबरों, ऑनलाइन मीडिया माध्यमों को अपना साक्षात्कार दिया।



### औसतन हर दिन दो से ज्यादा रैली

मतलब औसतन हर दिन पीएम मोदी ने दो से ज्यादा रैलियां और रोड शो के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहीं, पीएम मोदी मार्च में चुनाव की घोषणा से पहले फरवरी और मार्च की 15 तारीख तक 15 रैलियां कर चुके थे। पीएम मोदी ने सबसे ज्यादा 22 जनसभाएं और कुल 31 चुनावी कार्यक्रम यूपी में किए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कर्नाटक में 11, तेलंगाना में 11, तमिलनाडु में 7, आंध्र प्रदेश में 5 और केरल में 3 रैलियां की हैं। पीएम मोदी ने बिहार में 20 चुनावी कार्यक्रम और महाराष्ट्र में 19 चुनावी कार्यक्रम के साथ पश्चिम बंगाल में 20 रैलियों को संबोधित किया। इसके साथ ही पीएम ने ओडिशा और मध्य प्रदेश में 10 चुनावी कार्यक्रम किए।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com